नई दिल्ली
मंगलवार, 29 जुलाई 2025
श्रावण मास शुक्ल पक्ष,
पंचमी वर्ष : 29, अंक : 105
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 35
न्यून. 28

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

महिला शतरंजः यह खिताब जीतने वाली वे पहली भारतीय

## हम्पी को टाईब्रेकर में हराकर दिव्या बनीं फिडे महिला विश्व कप चैंपियन



**नई दिल्ली।** महिला शतरंज विश्व कप के फाइनल मुकाबले में दिव्या देशमुख ने ग्रैंडमास्टर और हमवतन कोनेरू हम्पी को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। वह फिडे महिला शतरंज विश्व कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गईं। कोनेरू हम्पी के पास वापसी का एक छोटा सा मौका था, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

‘ऑपरेशन सिंदूर’ सिर्फ ट्रेलर था, पिक्चर अभी बाकी है...

# भविष्य में अगर पाकिस्तान ने दोबारा भारत के खिलाफ कोई गुस्ताखी की, तो उसे बख्शा नहीं जाएगा: राजनाथ

- नष्ट हुए विमानों की संख्या जानने को लालायित विपक्ष पर लोकसभा में राजनाथ का तंज, किसी भी परीक्षा के अंत में केवल उसका परिणाम मायने रखता है
- कोई ये नहीं पूछता कि परीक्षा में कितनी पेंसिल टूटी या पैन खो गया था
- बोले रक्षा मंत्री, अभियान के दौरान पाकिस्तान के हमलों में भारत का ‘जीरो लॉस’
- 22 मिनट में पूरा किया मिशन, पाकिस्तान-पीओके में 9 आतंकी कैंपों में छिपे बैठे 100 से ज्यादा आतंकियों का काम तमाम कर दिया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संसद के निम्न सदन यानी लोकसभा में सोमवार को लगभग तीन बार के स्थगन के बाद आखिरकार दोपहर दो बजे ऑपरेशन सिंदूर के विषय पर विशेष चर्चा शुरू हुई। सत्ता पक्ष से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सबसे पहले मोर्चा संभाला और 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई भारतीय सशस्त्र सेनाओं की इस जबरदस्त कार्रवाई से जुड़ा हर छोटा-बड़ा तथ्य सदन के समक्ष रखा। जिसमें उन्होंने एक ओर सरकार के इस अभियान की सफलता पर प्रश्न चिन्ह लगाने वाले विपक्ष को दो टूक अंदाज में ये साफ कर दिया कि देश का ये ‘ऐतिहासिक सैन्य अभियान’ पूरी तरह से सफल रहा है। हमने जो राजनीतिक और सैन्य लक्ष्य तय किए थे। उन्हें शत-प्रतिशत सफलता के साथ हासिल किया। अभियान के दौरान ▶▶ शेष पेज 5 पर



### विमानों का गिरना नहीं, परीक्षा परिणाम जानो

*उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बाद सरकार को घेरने में लगे विपक्ष और खासकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आपका ये प्रश्न ही गलत है कि इस अभियान में हमारे कितने विमान गिरे, उपकरण नष्ट हुए? उदाहरण के साथ राजनाथ ने कहा कि किसी भी परीक्षा के अंत में उसका परिणाम मायने रखता है। हमें ये चिंता नहीं करनी चाहिए कि परीक्षा में उसकी कितनी पेंसिल टूटी या पैन खो गया था। उन्होंने विपक्ष को दलगत* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### इन हथियारों ने पाक पर बरसाया बारूद

7,8 मई की रात को साफ तौर पर चयनित आतंकी ठिकानों पर हमारे सफल हमले के बाद पाक ने स्थिति को आक्रामक बना दिया और मिसाइलों, यूएवी व अन्य साधनों का उपयोग कर भारतीय सेना के अड्डों, गोला बारूद के डिपो, सैन्य छावनियां, फॉरमेशन और ब्रिगेड मुख्यालयों से लेकर वायुसेना के ठिकानों तक हमला कर दिया। जिसे हालांकि हमारी इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस ग्रिड और यूएस काउंटर ग्रिड सिस्टम ने इन हमलों को सफलतापूर्वक विफल कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर में एस-400, एमआरसेम मिसाइल सिस्टम, आकाश मिसाइल सिस्टम और एयर डिफेंस गन काफी प्रभावी साबित हुई हैं। हमारा जवाबी हमला केंद्रित, सटीक और नपा-तुला था। जिसमें 8 मई को चुनिंदा पाकिस्तानी एयर डिफेंस सिस्टम, सेंसर नेटवर्क को सटीकता के साथ गाइडेड मिसाइल सिस्टम द्वारा टारगेट किया गया। हमारी कार्रवाई पूरी तरह से आत्मरक्षा में की गई थी। वो न ही वो भड़काऊ थी और न ही आक्रामक थी। पाक पाक हमारे किसी टारगेट को हिट नहीं कर पाया और हमारी किसी भी महत्वपूर्ण ठिकाने, संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचा पाया। हमारी सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद थी और हर हमले को रोका गया। पाक के हमले के जवाब में हमारी कार्रवाई ठोस, प्रभावी और साहसिक थी। वायुसेना ने पाक के पश्चिमी क्षेत्र में हवाईअड्डों, कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम, मिलिट्री ढांचे और एयर डिफेंस सिस्टम को निशाना बनाया। जिसमें चकलाला, सरगोधा, रफीकी, रहीम यार खान, जेगुआबाद, भुलारी जैसे एयरबेसों पर प्रहार किया। पूरी दुनिया ने वायुसेना के शौर्य और पराक्रम की तस्वीर देखी।

लोकसभा में ऑपरेशन सिन्दूर पर चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसद ने गिनाई सरकार की गलतियां

## डोनाल्ड (ट्रम्प) को चुप कराओ या मैकडॉनल्ड्स को बंद कराओ: दीपेंद्र



**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने लोकसभा सदन में ऑपरेशन सिन्दूर पर बोलते हुए कहा कि डोनाल्ड (ट्रम्प) को चुप कराओ, डोनाल्ड का मुंह बंद कराओ या फिर हिंदुस्तान में मैकडॉनल्ड्स को बंद कराओ। दीपेंद्र हुड्डा ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सबसे बड़ी रणनीतिक भूल तब हुई जब विदेश मंत्री ने कहा कि हम सैन्य या नागरिक बुनियादी ढाँचे को निशाना नहीं बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह बयान देकर सरकार ने पाकिस्तानी सेना और सरकार को क्लीन चिट दे दी। बहस के दौरान, हरियाणा के सांसद ने कहा कि पाकिस्तानी सेना पर हमला न करना एक तरह से इस्लामाबाद को क्लीन चिट देना था। हुड्डा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में हमारी सेना ने अपना पराक्रम दिखाया और जब हम पाकिस्तान पर हावी थे, तो युद्धविराम कर दिया गया। देश चाहता था कि पाकिस्तान को वैसा ही जवाब दिया जाए, जैसा 1971 में इंदिरा गांधी जी ने दिया था। पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए थे। हुड्डा ने आगे कहा कि आपने बार-बार कहा है, और दुनिया भी मानती है, कि पाकिस्तान की सरकार, उसकी सेना और आतंकवादियों में कोई अंतर नहीं है। वे एक ही हैं। फिर भी, यह घोषणा करके कि केवल आतंकी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया जा रहा है, आपने दुनिया को एक अलग संदेश भेजा। यह एक ऐतिहासिक गलती थी। ▶▶ शेष पेज 5 पर

लोकसभा में विपक्षी सदस्यों ने सरकार से पूछे तीखे सवाल, कितने विमान गिरे जानकारी जरूरी

## गोगोई बोले, ‘ऑपरेशन सिंदूर’ क्यों रोका गया था और पहलगाम के आतंकवादी गिरफ्त से बाहर क्यों हैं?



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में सोमवार को मानसून सत्र के छठे दिन ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम आतंकी हमले पर चर्चा हुई। चर्चा की शुरुआत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। वहीं, विपक्ष की तरफ से कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने सबसे पहले अपनी बात रखी। कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ने सोमवार को कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि ‘ऑपरेशन सिंदूर’ क्यों रोका गया था और पहलगाम में 26 निर्दोष नागरिकों की हत्या करने वाले आतंकवादी अब तक गिरफ्त से बाहर क्यों हैं। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि पहलगाम आतंकी हमले में सुरक्षा चूक की नैतिक जिम्मेदारी गृह मंत्री अमित शाह को लेनी चाहिए। उन्होंने कुछ सैन्य अधिकारियों के बयानों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह जानकारी दी जानी चाहिए कि पाकिस्तान के साथ सैन्य टकराव में कितने विमान गिरे क्योंकि यह जानकारी सिर्फ जनता नहीं, बल्कि जवानों के लिए भी जरूरी है। कांग्रेस सांसद ने कहा पहलगाम हमले को 100 दिन हो गए हैं, लेकिन यह सरकार उन 5 आतंकवादियों को पकड़ नहीं पाई है। आज आपके पास ड्रोन, पेगासस, सैटेलाइट, सीआरपीएफ, बीएसएफ, सीआईएसएफ हैं और रक्षा मंत्री कुछ दिन पहले वहां गए थे, लेकिन फिर भी आप उन्हें पकड़ नहीं पा रहे हैं। बैसरन, जहां हमला हुआ था, वहां एम्बुलेंस को पहुंचने में लगभग 1 घंटा लगा। सेना पैदल आई थी। मैं वो दृश्य नहीं भूल सकता, जब एक मां और उसकी बेटी ने एक भारतीय सैनिक को देखा तो वे रोने लगीं। उन्हें लगा कि बैसरन में लोगों को मारने वाला सैनिक की वर्दी पहने आतंकवादी उनका इंतजार कर रहा है। उस सैनिक को कहना पड़ा कि वह एक भारतीय है, और आप सुरक्षित हैं। वहां के लोगों में इस तरह का आतंक था। राजनाथ जी, आपको इस आतंक पर एक शब्द बोलना चाहिए था। गोगोई ने कहा कि पहलगाम हमले को 100 दिन हो चुके हैं, लेकिन अब तक आतंकी पकड़े नहीं गए हैं। सरकार के पास सभी तरह की ▶▶ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### कई हाईकोर्ट में जजों की नियुक्ति की अनुशंसा



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने देश के कई हाईकोर्ट में नए जजों की नियुक्ति की सिफारिश को मंजूरी दे दी है। इसमें दिल्ली हाईकोर्ट के 3 जज, पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के 10 जज और तेलंगाना, राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत अन्य राज्यों के हाईकोर्ट में भी जज बनाए जाने का रास्ता साफ हुआ है। कॉलेजियम की बैठक 1 और 2 जुलाई को हुई, जिसकी अध्यक्षता सीजेआई बीआर गवई ने की।

### अंजना ने की यूरोप की सबसे ऊंची चोटी फतह



**मैहर।** मध्यप्रदेश के मैहर जिले के छोटे से गांव बेंदुरा कला की बेटी अंजना सिंह ने देश का नाम रोशन किया है। अंजना ने यूरोपीय महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रस (5,642 मीटर/18,510 फीट) पर रविवार की सुबह 6 बजे सफलतापूर्वक चढ़ाई कर भारत का तिरंगा फहराया। शिखर पर पहुंचकर राष्ट्रगान गाया। उनके पिता राजेश सिंह लघु कृषक हैं।

### 13 अगस्त तक जांच रिपोर्ट दे ‘एसआईटी’



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह को भारतीय सेना की महिला अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर कड़ी फटकार लगाई। अदालत ने नाराजगी जताते हुए कहा कि मंत्री का अब तक सार्वजनिक रूप से माफी न मांगना उनकी नीयत और ईमानदारी पर सवाल खड़े करता है। कोर्ट ने कहा कि मंत्री विजय शाह का व्यवहार संदेह पैदा करता है।

### लुधियाना में वैन नहर में गिरी, 8 की मौत



**लुधियाना।** पंजाब के लुधियाना जिले में जगेरा पुल के पास एक वैन के सरहिंद नहर में गिरने से उसमें सवार आठ लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार रात को हुई, जब लगभग 30 श्रद्धालुओं का एक समूह हिमाचल प्रदेश स्थित माता नैना देवी मंदिर के दर्शन करके लौट रहा था। वैन नहर में तब गिर गई, चालक ने एक अन्य वाहन से आगे निकलने की कोशिश की।

जस्टिस वर्मा से सुप्रीम कोर्ट ने पूछा

## इन-हाउस कमेटी के सामने क्यों पेश हुए?

- क्या आप वहां से अनुकूल आदेश की उम्मीद कर रहे थे?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कैश कांड में फंसे जस्टिस यशवंत वर्मा की दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई की। न्यायाधीश वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट की इन-हाउस कमेटी की उस रिपोर्ट को चुनौती दी है जिसमें उन्हें दोषी ठहराया गया है। कमेटी की जांच के दायरे, प्रक्रिया और तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वारा भेजी गई महाभियोग की सिफारिश को भी उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। उनका कहना है कि जांच समिति ने पूर्व निर्धारित सोच के साथ काम किया और जल्दबाजी में निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए प्रक्रियात्मक न्याय की अनदेखी की। सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका पर सुनवाई करते हुए कई सख्त सवाल खड़े किए। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने सवाल किया- आप जांच समिति के सामने क्यों पेश हुए? क्या आप वहां से अनुकूल आदेश की उम्मीद कर रहे थे? कोर्ट ने यह भी पूछा कि अगर इन-हाउस कमेटी की वैधता पर ही सवाल उठाया जा रहा है, तो जस्टिस वर्मा ने पहले ही उस पैनल के समन को चुनौती क्यों नहीं दी? कोर्ट ने तर्क दिया कि यदि वे एक संवैधानिक पदाधिकारी हैं, तो यह कहना उचित नहीं कि उन्हें पूरी प्रक्रिया की जानकारी नहीं थी या अपील का अधिकार नहीं था। कोर्ट ने यह भी पूछा-यदि आप समिति के सामने पेश हुए थे, तो आपने उस दौरान अपने सारे तर्क क्यों नहीं रखे?

## विरोध किया तो नौकरी गई, ऑर्डिनेंस फैक्ट्रियों के प्रतिनिधिमंडल ने राहुल गांधी से लगाई गुहार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संसद भवन में आज देशभर की सात ऑर्डिनेंस फैक्ट्रियों के कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात कर अपनी पीड़ा साझा की। मुलाकात में खास तौर पर यह चिंता प्रकट की गई कि इन कर्मचारियों को अग्निवीर मॉडल की तर्ज पर टेन्योर आधारित कॉन्ट्रैक्ट के तहत काम पर रखा जा रहा है, जिससे उनकी भविष्य की स्थिरता और अधिकारों पर गहरी चोट हो रही है। प्रतिनिधिमंडल के अनुसार, केवल इटारसी ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में ही 511 स्किल्ड पदों के लिए स्वीकृति है, जिनमें से 500 पद अभी खाली हैं, इसके बावजूद नए अनुबंधित कर्मचारियों को इन स्वीकृत पदों पर नियुक्त नहीं किया जा रहा। यह दर्शाता है कि सरकार या संबंधित प्राधिकरण स्थायी पदों को भरने से बचते हुए ठेके पर काम करवा रहे हैं। सभी सातों ऑर्डिनेंस फैक्ट्रियों में काम करने वाले कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि हमारे साथ काम वही कराया जा रहा है लेकिन हमारा हक नहीं मिल नहीं रहा, सभी ने एकसुर में कहा कि उनलोगों के साथ बड़ा अन्याय हो रहा है, इसे मामले को संसद में उठाकर कर्मचारियों की मांग पूरी कराने का आह्वान भी प्रतिनिधिमंडल ने किया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि इन टेन्योर बेस्ड कर्मचारियों से वही कार्य लिए जा रहे हैं, जो नियमित सरकारी कर्मचारी करते हैं, मगर उन्हें समान वेतन नहीं, कोई पेंशन या भविष्य निधि नहीं, चिकित्सा सुविधाएं नहीं, स्थायित्व का कोई भरोसा नहीं यहां तक कि मीडिया से बातचीत की पाबंदी है। सबसे चिंताजनक ▶▶ शेष पेज 5 पर

राज्यपाल बनने के बाद पहली बार राष्ट्रपति से मिलने पहुंचे अशीम कुमार

## हरियाणा के राज्यपाल प्रो. घोष ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



हरियाणा के राज्यपाल प्रोफेसर अशीम कुमार घोष ने सोमवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार मुलाकात की। प्रोफेसर घोष ने 21 जुलाई, 2025 को हरियाणा के 19 वें गवर्नर के रूप में की शपथ ग्रहण की है। मुलाकात के दौरान उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मित्रा घोष भी उनके साथ रहीं। राज्यपाल प्रो. घोष ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ हरियाणा की वर्तमान स्थिति के बारे में चर्चा की। चर्चा के दौरान श्रीमती मुर्मू ने विशेष रूप से सामाजिक कल्याण, संस्कृति और शिक्षा के क्षेत्र में, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करने पर बल दिया और प्रदेश की प्रगति के लिए मूल्यवान सुझाव साझा किए। राज्यपाल ने कहा कि वे राष्ट्रपति के मार्गदर्शन से बहुत प्रभावित हुए है।



## साइबर पुलिस ने गिरोह के दो धोखेबाज किये गिरफ्तार

# वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर ठगी करने वाले रैकेट का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण पश्चिम जिले की साइबर पुलिस ने वर्क फ्रॉम होम के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। गिरोह के दो धोखेबाज गिरफ्तार किये गये हैं। आरोपी ठगी की रकम को कई खातों में ट्रांसफर करते थे और फिर बैंकिंग प्रणाली और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को गुमराह करने के लिए उसे क्रिप्टोकरेंसी में बदल देते थे। इनके पास से अपराध में इस्तेमाल किए गए तीन स्मार्टफोन भी बरामद हुये। शिकायतकर्ता से करीब 3.75 लाख की ठगी की गई थी।

डीसीपी अमित गोयल के अनुसार गिरफ्तार किये गये जालसाजों के नाम अहतीशाम (25) और मुकेश लूथरा (29) निवासी लक्ष्मी नगर हैं। आरोपी पार्ट-टाइम ऑनलाइन उत्पाद समीक्षा नौकरियों के बहाने लोगों को ठगते थे और बाद में क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से ठगे गए धन को सफेद करते थे। 20 जून को पालम में रहने वाले एक शख्स ने एनसीआरपी पोर्टल पर एक ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उसने आरोप लगाया कि 18 जून को एक महिला ने व्हाट्सएप के माध्यम से उससे संपर्क किया। उसे वर्क-फ्रॉम-होम नौकरी का अवसर दिया। उक्त नौकरी में उसे रिवॉर्ड पॉइंट्स के लिए कुछ वेबसाइट की समीक्षा करनी थी। कुछ कार्यों के बाद धोखेबाजों ने उसे उच्च पुरस्कारों के लिए प्रीपेड कार्य करने के लिए कहा। फिर उसने ऐसे कार्यों में प्रत्यक्ष निवेश करना शुरू किया, लेकिन बाद में उसे इस तरह से लालच दिया गया और फंसाया गया कि वे उसे किसी न किसी बहाने से पैसे जमा करने के लिए कहते रहे। उसे आश्वासन देते रहे कि उसके द्वारा कथित रूप से अर्जित धन वापस मिल जाएगा। शिकायतकर्ता से कुल 3.75 लाख की ठगी की गई। जांच के दौरान धन के लेन-देन का विश्लेषण किया गया और पता चला कि कुल ठगी गई राशि में से लगभग 1 लाख रुपये अहतीशाम के नाम से पंजीकृत आईडीएफसी बैंक खाते में जमा किए गए थे। उसने ठगी की गई राशि को अपने बैंक से चेक के माध्यम से भुनाया था, जिसकी पुष्टि बैंक के सीसीटीवी फुटेज से भी हुई। इसके अलावा, जांच से पता चला कि खाता सह-आरोपी मुकेश लूथरा उर्फ पंकज द्वारा संचालित किया जा रहा था, जो पहले भी कई धोखाधड़ी के मामलों में शामिल पाया गया था। उसने साइबर धोखाधड़ी से प्राप्त नकदी को बिटकॉइन की खरीद-बिक्री के लिए विभिन्न बैंक खातों में स्थानांतरित किया और ठगी गई धनराशि को सफेद किया। इसके बाद लक्ष्मी नगर इलाके में कई दिनों तक छापेमारी की गई क्योंकि आरोपी अपने पंजीकृत पते पर नहीं रह रहे थे। हालांकि आगे की तकनीकी जानकारी के आधार पर आरोपी अहतीशाम और मुकेश लूथरा को गिरफ्तार कर लिया गया।



## नालों की समयबद्ध सफाई का जल्द हो समाधान : सत्या शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नालों की समयबद्ध सफाई और जन समस्याओं का जल्द समाधान हो और जनसमस्याओं के समाधान में देरी नहीं होनी चाहिए। दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने स्थानीय विधायक अजय महावर के साथ मिलकर शाहदरा उत्तरी ज़ोन के भजनपुरा वार्ड के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को यह निर्देश दिए। इस मौके पर निगम के वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय पार्षद और इंजीनियरिंग विभाग के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सत्या शर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि दिल्ली की जनता अब किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगी और निगम प्रशासन को नालों की सफाई से लेकर नागरिक समस्याओं के समाधान तक, हर मोर्चे पर समयबद्ध और जिम्मेदार रवैया अपनाना होगा। स्थायी समिति अध्यक्ष ने वार्ड में रहने वाले नागरिकों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि अब भाजपा के नेतृत्व में दिल्ली नगर निगम जनता की हर शिकायत को प्राथमिकता के आधार पर हल करेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्थानीय स्तर पर होने वाली समस्याओं की निगरानी की जाए और ज़मीनी समाधान सुनिश्चित हो।

### दिल्ली विधानसभा का मानसून सत्र चार अगस्त से होगा शुरू, पेपरलेस होगा काम

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा का मानसून सत्र 4 अगस्त 2025 से शुरू होगा। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना का आदेश मिलने के बाद दिल्ली विधानसभा के सचिव रंजीत सिंह ने सोमवार को इस बात की जानकारी दी है। विधानसभा सचिवालय से मिली जानकारी के अनुसार यह सत्र दिल्ली की आठवीं विधानसभा का तीसरा सत्र होगा। यह सत्र दोपहर 2 बजे से शुरू होगा। विधानसभा सचिव ने सभी सदस्यों से सत्र में शामिल होने का निवेदन किया है। गौरतलब है कि इस बार विधानसभा का सत्र कई मायनों में खास होगा। इस सत्र में पेपरलेस कामकाज हो इसके लिए नए सॉफ्टवेयर से लेकर सभी विधायकों को पिछले दिनों आईपैड और मोबाइल पर काम करने विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने इस प्रशिक्षण को लेकर कहा था कि हमने नई सरकार के गठन होने के बाद ही लक्ष्य रखा था कि 100 दिन में विधानसभा के पूरे कामकाज को पेपरलेस करेंगे और उसमें हमें सफलता हासिल हुई। गुप्ता ने बताया था कि अब विधानसभा के मानसून सत्र में सारा काम पेपरलेस होगा। विधायकों को सभी लिस्ट ऑफ बिजनेस (एलओबी) एजेंडा वह सब उनके मोबाइल और टैबलेट पर पहले भेज दिए जाएंगे।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गौरी शंकर पुत्र** मुकुंद लाल, **निवासी** सी–154, फिरनी रोड, सनोथ, दिल्ली, ने **FIR No. 54/2020 U/S 288/336/304A IPC, पुलिस स्टेशन बवाना, बाहरी–उत्तर जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गौरी शंकर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गौरी शंकर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 54/2020 U/S 288/336/304A IPC, पुलिस स्टेशन बवाना, बाहरी–उत्तर जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **गौरी शंकर** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.08.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री सार्थक पंवार
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05,
कोर्ट नं0–114, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/9974/ON/2025
(Court Matter)

## पीतमपुरा और जहांगीरपुरी में दो अज्ञात शव मिलने से सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तर पश्चिमी जिले के रानीबाग, पीतमपुरा और जहांगीरपुरी थानाक्षेत्र में दो अज्ञात शव पाये गये। दोनों शवों की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवा दिया है। संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास के थानों में गुमशुदा लोगों के रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं।

पुलिस के अनुसार दोनों मृतकों के पास से कोई ऐसा कागज बरामद नहीं हुआ जिससे उनकी पहचान सुनिश्चित करने में मदद मिल सकती। पुलिस आसपास के एरिया में रहने वाले लोगों से भी पूछताछ कर रही है। वहीं, शव मिलने की जगह के आसपास के एरिया में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। पुलिस के अनुसार 23 जुलाई को जहांगीरपुरी पुलिस को बाबू जगजीवन राम अस्पताल से जानकारी मिली थी कि एक बुजुर्ग को गंभीर हालत में लाया गया है। डॉक्टरों ने बुजुर्ग की हालत गंभीर देख उसे एलएनजेपी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बाद में पुलिस को जानकारी मिली की बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक के पास से कोई शिनाख्ती कागजात नहीं मिला। पुलिस आसपास के थानों से भी बुजुर्ग के बारे में पता लगाने में जुटी हुई है। वहीं, दूसरी तरफ रानीबाग थाना क्षेत्र स्थित मधुबन चौक से पीतमपुरा की ओर जाने वाले फ्लाइओवर पर 30 वर्षीय एक युवक का शव मिला। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।



## दोस्त की बहन को परेशान करने वाले को उतारा था मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ हत्या में शामिल आरोपी गिरफ्तार

उत्तम नगर में एक सनसनीखेज और नृशंस हत्या मामले में वांछित आरोपी को एजीएस, अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। विक्की टक्कर गिरोह के सदस्य धमार उर्फ फिरोज खान की हत्या के मामले में आरोपी केस दर्ज होने के बाद से फरार था। विशाल उर्फ बउवा (23) निवासी महाराजगंज, तहसील औराई, उत्तर प्रदेश गिरफ्तारी से बचने के लिए जानबूझकर अपना ठिकाना और पता बदल रहा था।

पुलिस के अनुसार 10 फरवरी को इसी साल उत्तम नगर निवासी शिकायतकर्ता राहुल ने रात लगभग 10:45 बजे इस घटना की सूचना दी थी। उसने बताया कि जब वह अपनी पत्नी के साथ घर पर था, उसने भूतल से झगड़े की आवाजें सुनीं। जब राहुल सीढ़ियों के पास पहुंचा, तो उसने देखा कि तीन लड़के धमार पर हिंसक हमला कर रहे थे। जब राहुल ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो हमलावरों में से एक ने उसे धमकाया और दूर रहने की चेतावनी दी। विशाल समेत तीनों लड़के फिरोज खान को घसीटकर गली में ले गए, जहां उसे लाठियों से पीटना जारी रखा। बाद में मुख्य आरोपी सोनू ने कंक्रीट का ब्लॉक उठाया और फिरोज खान के सिर पर वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमले के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। राहुल ने तुरंत पुलिस को फोन किया और पीसीआर स्टाफ ने घायल पीड़ित को तुरंत इलाज के लिए डीडीयू अस्पताल पहुंचाया। 2-3 दिनों के बाद धमार ने दम तोड़ दिया था। पुलिस ने निरंतर तकनीकी निगरानी के माध्यम से आरोपी विशाल उर्फ बउवा का पता अयोध्या, उत्तर प्रदेश में लगाया गया। 26 जुलाई को उसे पैतृक गांव से दबोच लिया गया। आरोपी विशाल ने खुलासा किया कि मृतक धमार उनके इलाके का एक कुख्यात अपराधी था और उसके दोस्त सोनू की बहन को लगातार परेशान कर रहा था। कई चेतावनियों के बावजूद वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया था।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **इंद्र सिंह पुत्र नरेन्द्र सिंह पताः मकान नं.8, गली नं.7, बंगाली कॉलोनी, बुराड़ी, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 486/2017 धारा 356/379/411/34 भा.द.स. के तहत** थानाः शालीमार बाग, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **इंद्र सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **इंद्र सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 486/2017 धारा 356/379/411/34 भा.द.स. के तहत थाना शालीमार बाग, दिल्ली के उक्त इंद्र सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
गौरव कटारिया
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–07
उतरी पश्चिम, कमरा नं.208, द्वितीय तल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/9752/NW/2025

पावरग्रिड POWERGRID

**सूचना**

1. केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (टैरिफ की शर्तें एवं निबंधन) विनियम, 2014, केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (टैरिफ की शर्तें एवं निबंधन) विनियम, 2019 और केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (टैरिफ की शर्तें एवं निबंधन) विनियम, 2024 के साथ पठित केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (बिजनेस का संचालन) विनियम, 2023 के विनियम 15 (1) (क) और विनियम 23 के अधीन तथा विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 79 (1) (घ) के साथ पठित धारा 62 के अधीन **"उत्तरी क्षेत्र में पार्बती–III एचईपी से संबद्ध पारेषण प्रणाली"** के लिए 2014–19 के लिए ट्रयुड अप पारेषण टैरिफ के संशोधन, 2019–24 के लिए पारेषण टैरिफ के ट्रयुइंग अप तथा 2024–29 टैरिफ ब्लॉक के लिए पारेषण टैरिफ के निर्धारण के लिए याचिका का कें.वि.वि.आ. (बिजनेस का संचालन) विनियम, 1999 के विनियम 86 तथा कें.वि.वि.आ. (टैरिफ की शर्तें एवं निबंधन) विनियम, 2019 के तहत अनुमोदन।
2. उपर्युक्त पारेषण प्रणालियों के लाभार्थी हैंः (क) अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (ख) जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (ग) जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (घ) पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड (ङ) हरियाणा विद्युत क्रय केंद्र (च) जम्मू और कश्मीर विद्युत निगम लिमिटेड (छ) उत्तर प्रदेश विद्युत निगम लिमिटेड (ज) बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड (झ) बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड (ञ) टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (ट) चंडीगढ़ विद्युत विभाग (ठ) उत्तरांचल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (म) उत्तर मध्य रेलवे (न) नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (प) हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड (फ) पार्बती कोलडैम ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड (ब) नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड।
3. टैरिफ विवरणः **(क) 2014–19 ब्लॉक**

परिसंपत्ति का विवरणः संयुक्त परिसंपत्ति 1 से 4 तक (₹लाख में)

| डीओसीओ | 31.03.2019 को पूर्णता लागत | टैरिफ | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01.08.2013/ 01.09.2013 | 72838.46 | स्वीकृत एएफसी | 12629.96 | 12539.68 | 12326.77 | 12053.75 | 11766.67 |
| | | ट्रयुइंग अप के आधार पर संशोधित एएफसी | 12648.17 | 12557.44 | 12344.04 | 12070.51 | 11782.69 |

(ख) 2019–24 ब्लॉक (₹लाख में)

| परिसंपत्ति का विवरण | 31.03.2024 को पूर्णता लागत | | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संयुक्त परिसंपत्ति | 74267.94 | स्वीकृत एएफसी | 11231.87 | 10886.38 | 10542.69 | 10211.33 | 9904.28 |
| | | ट्रयुइंग अप के आधार पर संशोधित एएफसी | 11253.37 | 10900.18 | 10553.61 | 10228.14 | 9913.04 |

(ग) 2024–29 ब्लॉक (₹लाख में)

| परिसंपत्ति का विवरण | 31.03.2029 को पूर्णता लागत | | 2024-25 | 2025-26 | 2026-27 | 2027-28 | 2028-29 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संयुक्त परिसंपत्ति | 74305.89 | दावाकृत एएफसी | 9,495.75 | 9,167.08 | 5,934.92 | 5,883.68 | 5,834.47 |

4. इस नोटिस तथा टैरिफ के निर्धारण के लिए प्रस्तुत आवेदन–पत्र की प्रति आवेदक की वेबसाइट **www.powergrid.in** पर डाली गई है।
5. आवेदन–पत्र में वर्णित टैरिफ के निर्धारण के लिए प्रस्तावों पर सुझाव और आपत्तियां, यदि कोई हैं, लाभार्थी सहित, किसी भी व्यक्ति द्वारा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर आवेदक को इसके कार्पोरेट कार्यालय के पते पर एक प्रति प्रेषित करते हुए सचिव, केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग, छठा, 7वां और 8वां तल, टावर बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली–110029 (या अन्यत्र पते पर जहां कहीं आयोग का कार्यालय स्थित हो) को प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

स्थानः गुरूग्राम
दिनांकः 28.07.2025
हस्ता/–
वरिष्ठ महाप्रबंधक (वाणिज्यिक एवं विनियामक प्रकोष्ठ)

**पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
पंजीकृत कार्यालयः बी–9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली–110 016
केन्द्रीय कार्यालयः "सौदामिनी", प्लॉट सं.–2, सेक्टर–29, गुरूग्राम, हरियाणा–122001
वेबसाइटः **www.powergrid.in** सीआईएनः L40101DL1989GOI038121
एक महारत्न पीएसयू

PG/CC/Notice-34/Advt.-38/2025-26 Interpub

## लोन का झांसा देकर चार लाख की ठगी

### *जालसाजों ने बैंक प्रतिनिधि बनकर दिया वारदात को अंजाम*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तर पूर्वी जिले की साइबर पुलिस ने लोन का झांसा देकर चार लाख की ठगी के मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस ठगी की वारदात को जालसाजों ने बैंक प्रतिनिधि बनकर अंजाम दिया। पुलिस उन बैंक खातों की पड़ताल कर रही है जिसमें रकम ट्रांसफर की गई थी। पुलिस के अनुसार कमलेश पांडेय श्रीराम कॉलोनी में रहते हैं। वह मूलरूप से बिहार के रहने वाले हैं। उन्हें रुपयों की जरूरत थी। सितंबर 2024 में पटना स्थित एचडीएफसी बैंक में लोन के लिए आवेदन किया था। कुछ दिनों के बाद बैंक ने आवेदन निरस्त कर दिया। चार जनवरी 2025 में उन्हें अज्ञात नंबर से काल आई। कॉल करने वाले ने कहा कि वह दरियागंज स्थित एचडीएफसी बैंक शाखा से बात कर रहा है। कॉल करने वाले ने उन्हें उनका बैंक खाता नंबर, कस्टमर आईडी, क्रेडिट कार्ड नंबर, पैन कार्ड समेत अन्य जानकारी बताई। इसके बाद पीड़ित को उस पर यकीन हो गया कि वह बैंक से ही बात कर रहा है। ठग ने पीड़ित के व्हाट्सएप नंबर पर एक लिंक भेजा। पीड़ित को संदिग्ध लगा तो उसने उस पर क्लिक नहीं किया। उन्होंने कॉल भी काट दी और ऑनलाइन बैंकिंग के जरिये खाते की जांच की तो कोई रकम नहीं कटी थी। अगले दिन फिर से एक अज्ञात नंबर से फोन आया। काल करने वाले ने लोन लेने की बात की। पीड़ित ने बात सुनकर फोन काट दिया। कुछ देर के बाद पीड़ित के बैंक खाते से चार लाख रुपये कट गए। उत्तर पूर्वी जिले की साइबर थाना पुलिस केस दर्ज कर मामले में जांच कर रही है।




### गोल्ड का लालच देकर लोगों को फंसाता था जाल में, गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** नारायणा पुलिस ने 60 हजार रुपये की ठगी में शामिल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम आसिफ उर्फ छोटे बताया गया है। वह पहले भी तीन आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। यह शख्स भोले भाले लोगों को गोल्ड का लालच देकर जाल में फंसाता था। आरोपी गांव का नंबर बताकर उस पर यूपीआई से अमाउंट ट्रांसफर करवा लेता था। मिली जानकारी के अनुसार 25 जुलाई को नारायणा विहार मेट्रो स्टेशन के पास शिकायतकर्ता के पास दो लोग पहुंचे थे। उन्होंने उसे गोल्ड का लालच दिया और फिर उसके मोबाइल से 60 हजार ट्रांसफर करवा लिया। इसके बाद दोनों आरोपी फरार हो गए।

मामले की शिकायत मिलने पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। एसीपी नारायणा इंद्र राज सिंह मीणा की देखरेख में एसएचओ धर्मेंद्र कुमार, सब इंस्पेक्टर अनुज, हेड कांस्टेबल सुनील, कांस्टेबल संजय और रिंकू की टीम ने जांच शुरू की। लगभग 100 सीसीटीवी खंगालने के बाद पुलिस टीम इस आरोपी तक पहुंचने में कामयाब हुई। इसे बवाना इलाके से गिरफ्तार किया गया। इसके पास से 20 हजार रुपए बरामद हो गये हैं। इसके साथी की तलाश जारी है।

**Organic Grower से संबंधित कोर्स के लिये आवेदन आंमत्रित।**

**(सूचना)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि फल उत्कृष्टता केन्द्र, मांगेआना जिला सिरसा (हरियाणा) पर वर्ष 2025-26 में Organic Grower से संबंधित कोर्स (QP) करवाया जाना है। इच्छुक प्रार्थी दिनांक-29..07.2025 को प्रातः 11:00 बजे से उद्यान विभाग की वेबसाईट (kaushal.hortharyana.gov.in) के माध्यम से उक्त प्रशिक्षण हेतू ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

प्रशिक्षण कार्यक्रम की सूची।

| केन्द्र का नाम | कोर्स का नाम | शैक्षणिक योग्यता | सीटों की संख्या |
|---|---|---|---|
| फल उत्कृष्टता केन्द्र, मांगेआना (सिरसा)। | Organic Grower (390 Hours.) | 12वीं उत्तीर्ण | 20 |

- प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतू प्रार्थी की आयु न्यूनतम 18 वर्ष व अधिकतम 30 वर्ष होनी चाहिऐ।
- प्रशिक्षण के लिये फल उत्कृष्टता केन्द्र, मांगेआना पर सीटों की संख्या 20 प्रशिक्षु प्रति प्रशिक्षण हैं।
- प्रार्थी हरियाणा का स्थाई निवासी होना चाहिये।
- प्रार्थियों का चयन कक्षा 12वीं के अंकों की मैरिट के आधार पर होगा।
- काउंसलिंग दिनांक- 11.08.2025 को प्रातः 11:00 बजे फल उत्कृष्टता केन्द्र, मांगेआना में होगी।
- आवेदनकर्ता अपने जरुरी कागजात जैसे कि आधार कॉर्ड, 10 वीं व 12 वीं कक्षा की मार्कशीट, बैंक पासबुक, पैन कॉर्ड, परिवार पहचान पत्र की फोटो प्रति, पासपोर्ट साईज फोटो एवं मूल रूप में काउंसलिंग के दौरान अपने साथ लेकर आयें।
- प्रशिक्षण के दौरान रात्रि ठहराव की व्यवस्था केंद्र द्वारा की जाएगी।

नोटः- प्रशासनिक कारणों से कोर्स की अवधि को आगे बढ़ाया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिये केन्द्र अधिकारी (मो. 97280-54266) से संपर्क कर सकते हैं।

हस्ता/- उपनिदेशक उद्यान
फल उत्कृष्टता केन्द्र,
मांगेआना (सिरसा)।

पीआरडीएच- 1149/11/888/2026/37053/88/7 दि. 28.07.25

## विवेक विहार में लड़की से छेड़छाड़ व फायरिंग का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ पुलिस दोनों पक्षों की शिकायत लेकर कर रही है जांच

विवेक विहार थाना अंतर्गत रविवार रात को गोलीबारी के संबंध पीसीआर कॉल पुलिस को मिली। पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि लड़की से छेड़छाड़ का आरोप लगाकर दो पक्षों में झगड़ा हुआ था। एक पक्ष पर जाते समय गोली चलाने का आरोप लगा है। लेकिन पुलिस को मौके से कोई गोली का खोल नहीं मिला। ना ही गोली चलने के सबूत मिले हैं। पुलिस दोनों पक्षों की शिकायत लेकर मामले में छानबीन कर रही है। पुलिस के अनुसार कॉल मिलने पर पुलिस घटनास्थल यानी झिलमिल कॉलोनी के पास पहुंची। घटनास्थल पर कॉल करने वाले ने बताया कि एक कथित वकील के नेतृत्व में कुछ लोग उसके घर आए और आरोप लगाया कि उसकी बहन के साथ छेड़छाड़ की गई है। इसके बाद कई पड़ोसी भी वहां इकट्ठा हो गए। वकील और उसके साथ आये लोग बढ़ती भीड़ को देखकर मौके से भागने लगे। शिकायतकर्ता ने यह आरोप लगाया कि स्विफ्ट कार में जा रहे एक व्यक्ति ने गोली चलाई थी। इसके बाद स्थानीय पुलिस और क्राइम टीम द्वारा रात और दिन में भी घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया, लेकिन वहां कोई खाली कारतूस या चली हुई गोली नहीं मिली। हालांकि इस मामले में एक लड़की ने कॉल करने वाले और उसके दोस्तों के खिलाफ छेड़छाड़ और पीछा करने की शिकायत दर्ज कराई है। मामले में दोनों पक्षों की ओर से उनकी शिकायतों पर एफआईआर की उचित कार्रवाई की जा रही है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिला में नीलोखेड़ी निर्वाचन क्षेत्र में (कार्य कार्यक्रम 2025-26) कि.मी. 0.00 से 0.900 में ब्रास-से-ब्रास मंदिर (रोड आईडी 8632) (ओडीआर) पर सीसीबी को पुनः बिछाना और उठाने का कार्य। | 25.07.2025 31.07.2025 | 14.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज रोहतक | मोखरा खास में श्री कृष्ण गऊशाला में चारदिवारी का निर्माण + 2 कार्य। | 25.07.2025 01.08.2025 | 69.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज कुरूक्षेत्र | ज्योतिसर, सामुदायिक केन्द्र का निर्माण (0.75 एकड़)। | 26.07.2025 13.08.2025 | 67.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 4 | वन विभाग फरीदाबाद | पाली गांव, फरीदाबाद में सी.एम. घोषणा सं. 18069. | 26.07.2025 12.08.2025 | 1.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9650992152 dfofbd2@gmail.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | चरखी दादरी मण्डल से सम्बन्धित बियरिंग्स और वैद्युत मदों की आपूर्ति + 2 अन्य कार्य। | 26.07.2025 08.08.2025 | 40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2528254 xenproc@gmail.com |
| 6 | महाप्रबंधक हरियाणा रोडवेज अम्बाला | बोर्ड्स / होर्डिंग्स पर विज्ञापन के लिए निविदा सूचना। | 25.07.2025 18.08.2025 | 45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467533200 gmhramba@gmail.com |
| 7 | वन विभाग चरखी दादरी | चारदिवारी का निर्माण, मिट्टी भराई और पी.पथ इत्यादि कार्य। | 23.07.2025 30.07.2025 | 17.33 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9968163096 dfodadri@yahoo.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/140/37057/I/88/7 दि. 28.07.25

**खबर संक्षेप**

### शतरंज की दुनिया में भारत की बेटियों ने फिर रचा इतिहास : रेखा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को फाइड वुमेन्स वर्ल्ड कप 2025 जीतने वाली दिव्या देशमुख को दी हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि शतरंज की दुनिया में बेटियों ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। मुख्यमंत्री ने एक्स पर दिव्या को बधाई देते हुए कहा कि महज़ 19 वर्ष की आयु में यह कीर्तिमान भारतीय नारी शक्ति की प्रतिभा, परिश्रम और आत्मविश्वास का प्रमाण है। कोनेरू हम्पी को भी विशेष सराहना, जिन्होंने वर्षों तक भारतीय शतरंज को गौरव दिलाया और इस प्रतियोगिता में उपविजेता बनकर देश को गौरवान्वित किया। दोनों फाइनलिस्ट भारतीय होना यह बताता है कि भारत की बेटियां अब किसी भी मंच पर पीछे नहीं हैं।यह केवल जीत नहीं, हर युवा के लिए प्रेरणा है कि समर्पण, साधना और संकल्प से वैश्विक मंच पर भी भारत की आवाज बुलंद की जा सकती है। वहीं कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा, आशीष सूद, डॉ.पंकज कुमार सिंह और रविंद्र इंद्राज सिंह ने भी सोशल मीडिया मंच पर दिव्या देशमुख को बधाई दी।

### एनडीएमसी चलाएगी ‘स्वच्छता से स्वतंत्रता तक’ अभियान

नई दिल्ली। देशभक्ति और नागरिक गौरव की भावना से ओतप्रोत, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने 1 से 31 अगस्त 2025 तक “स्वच्छता से स्वतंत्रता तक“ विषय पर आधारित एक महीने तक चलने वाले स्वतंत्रता दिवस 2025 समारोह की घोषणा की है। एनडीएमसी की इस व्यापक पहल का उद्देश्य समाज के सभी क्षेत्रों में राष्ट्रीय उत्तरदायित्व, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक सहभागिता की भावना को बढ़ावा देना है। स्वतंत्रता दिवस 2025 के अवसर पर एनडीएमसी का स्वच्छता अभियान, विभागों, स्कूलों, मोहल्लों, सार्वजनिक स्थलों और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता, सामुदायिक भागीदारी और राष्ट्रीय गौरव को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

‘पूर्व आप सरकार की लापरवाही के कारण 175 करोड़ रुपये दिए गए ठेकेदार को’

# बारापूला एलिवेटेड परियोजना की जांच करेगी एसीबी : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने बारापूला एलिवेटेड रोड, फेज-3 के निर्माण में बरती गई अनियमितताओं और ठेकेदार कंपनी को 175 करोड़ का भुगतान करने की जांच भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) से कराने का निर्णय लिया है। यह निर्णय दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को हुई व्यय एवं वित्त समिति (ईएफसी) समिति की बैठक में निर्माणाधीन बारापूला एलिवेटेड रोड, फेज-3 की समीक्षा करने के बाद लिया गया। बैठक में इस परियोजना को लेकर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की लापरवाही पर भी चर्चा हुई और विभिन्न कारणों से इस परियोजना में देरी होने पर चिंता जताई गई। मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस परियोजना को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। उनका कहना है कि धनराशि का भुगतान इसलिए किया गया, क्योंकि पूर्व सरकार ने कंपनी को कार्य नहीं करने दिया था। परियोजना का यह एलिवेटेड रोड बारापूला नाले से शुरू होगा और सराय काले खां होते हुए मयूर विहार फेज-3 तक पहुंचेगा। इस उच्चस्तरीय बैठक में पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह के अलावा संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री को जानकारी दी गई कि इस परियोजना शीघ्र ही गति पकड़ लेगी, क्योंकि परियोजना के मार्ग के आने वाले पेड़ों को हटाने का अनुमति जल्द मिलने वाली है। इसके बाद यह परियोजना समय पर पूरी हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब इस प्रोजेक्ट में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। सरकार इस परियोजना के लिए बजट की कमी नहीं आने देगी। परियोजना के पूरा होने से दक्षिणी दिल्ली व पूर्वी दिल्ली के बीच ट्रैफिक का आवागमन सुचारू हो जाए।



#### यह प्रोजेक्ट पिछली ‘आप’ सरकार के भ्रष्टाचार और लापरवाही का एक और उदाहरण : सीएम

बैठक में बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि यह प्रोजेक्ट भी पिछली आम आदमी पार्टी सरकार के भ्रष्टाचार और घोर लापरवाही का एक और उदाहरण है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना को अक्तूबर 2017 में पूरा हो जाना था। लेकिन विभिन्न कारणों से यह परियोजना पिछड़ती गई। मामला आर्बिट्रेशन (मध्यस्थता) में चला गया, जहां से ठेकेदार कंपनी के पक्ष में फैसला आया और उसे 120 करोड़ रुपये अदा करने का आदेश दिया गया। लेकिन जब कंपनी को यह राशि अदा नहीं की गई तो वह हाई कोर्ट में चली गई। मई 2023 में कोर्ट ने पीडब्ल्यूडी को ब्याज व जीएसटी समेत 175 करोड़ रुपये अदा करने का आदेश दिया। यह राशि कंपनी को अदा कर दी गई। उस दौरान आम आदमी पार्टी सरकार में आतिशी पीडब्ल्यूडी मंत्री थी। मुख्यमंत्री के अनुसार पिछली सरकार के भ्रष्टाचार का आलम यह था कि उसने कोर्ट में पुनर्विचार याचिका भी दायर नहीं की और न ही अफसरों के खिलाफ कोई कार्रवाई की गई। उस दौरान इस राशि को कंपनी को अदा करने के कारण पीडब्ल्यूडी की अन्य योजनाएं भी प्रभावित हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि कंपनी को यह राशि इसलिए दी गई, क्योंकि आम आदमी पार्टी सरकार ने उसे कार्य ही नहीं करने दिया।

## एलजी ने द्वारका सेक्टर 16-बी में छात्रों को समर्पित किया ‘आरंभ’ पुस्तकालय



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सोमवार को द्वारका के सेक्टर 16-बी में आरंभ पुस्तकालय का उद्घाटन कर छात्रों को समर्पित किया। यह पुस्तकालय जुलाई 2024 में सिविल सर्विस की तैयारी कर रहे तीन छात्रों जिनकी एक बेसमेंट रीडिंग रूम में डूबने से मौत की पहली बरसी पर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को समर्पित किया गया है। इस अवसर पर मटियाला के विधायक संदीप सहरावत और डीडीए के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित हुए। यह पुस्तकालय दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित किया गया है। ये नया पुस्तकालय 'आरंभ' श्रृंखला के तहत तीसरा अत्याधुनिक पुस्तकालय एवं रीडिंग रूम है, इससे पहले 5 जनवरी, 2025 को ओल्ड राजिंदर नगर में पहले पुस्तकालय का सफल उद्घाटन किया गया था, और हाल ही में 10 जुलाई, 2025 को अधचीनी गांव में दूसरे पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया था।

## ‘वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 वक्फ विरोधी नहीं, बल्कि न्याय समर्थक’

**प्रतिष्ठित विधिक इंटर्नशिप कार्यक्रम प्रविधिका का हुआ समापन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 वक्फ विरोधी नहीं, बल्कि न्याय समर्थक है, जो समानता, निष्पक्षता और कानूनी उत्तरदायित्व को बढ़ावा देता है। यह संशोधन धार्मिक संपत्ति विवादों में पक्षपात को रोकते हुए धर्मनिरपेक्षता को सुदृढ़ करता है। भाजपा, दिल्ली प्रदेश (कानूनी प्रकोष्ठ) द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित विधिक इंटर्नशिप कार्यक्रम प्रविधिका के समापन समारोह के दौरान कानन के जानकार वक्ताओं ने यह जानकारी दी। प्रदेश भाजपा से सोमवार को मिली जानकारी के अनुसार यह समारोह उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं विधायक अरविंदर सिंह लवली ने सम्बोधित किया। सचदेवा ने अपने सम्बोधन में कहा कि पार्टी में आज लीगल प्रकोष्ठ एवं अधिवक्ता साथियों का विशेष महत्व है क्योंकि समाज के अन्य क्षेत्रों की तरह राजनीति में भी सोशल मीडिया, मीडिया का हस्तक्षेप बहुत बढ़ गया है, चुनाव आयोग की प्रक्रिया भी कानूनी रूप से जटिल हुई है अतः लीगल प्रकोष्ठ का पार्टी के दैनिक कामकाज से जुड़ गया है और यह हर्ष का विषय है लीगल प्रकोष्ठ सुगमता से पार्टी गतिविधियां चलाने में सहयोग दे रहा है।

### आप-भाजपा ने किया झुग्गी झौपड़ी को सिर्फ उजाड़ने का काम : यादव

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने 45 पुनर्वास कालोनियां, 3 जहां झुग्गी वही मकान की परियोजना बनाई परंतु आम आदमी पार्टी और भाजपा ने दिल्ली में झुग्गी झौपड़ी को सिर्फ उजाड़ने का काम किया है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने आम आदमी पार्टी और भाजपा पर निशाना साधते हुए यह आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली के 675 जेजे कलस्टर के लिए कांग्रेस पार्टी संड़क से संसद इनकी आवाज बनकर 15 दिन का अभियान शुरु करेगी जिसकी रुपरेखा तैयार की जा रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष यादव ने कहा कि भाजपा ने दिल्ली की सत्ता में आने के बाद 5 महीनों में 3 हजार झुग्गी झौपड़ियों को उजाड़कर 15 हजार लोगों को बेघर कर दिया जिनसे जन नायक राहुल गांधी ने झुग्गी वालों से मिलकर उन्हें हर संभव मदद करने आश्वासन दिया। यादव ने कहा कि राहुल गांधी के आदेश पर कांग्रेस पार्टी झुग्गी झौपड़ी वालों के हितों की रक्षा, सुरक्षा, उनको विस्थापित करने और सरकार जब तक गरीब लोगों की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं कर देती तब उजड़ने नहीं देंगे।

## अपनी माताओं के नाम पर लगाए पौधे



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

‘एक पेड़ मां के नाम 2.0’ अभियान के तहत सोमवार को विभिन्न क्षेत्रों की जानी-मानी हस्तियों ने हिस्सा लेकर अपनी माताओं के नाम पौधे लगाए। पौधे लगाने के कार्यक्रम में सिद्धांत दास, सुष्मिता दास, चंद्र प्रकाश गोयल, अनुराधा गोयल, डॉ. जे.आर. भट्ट, राजीव सिंह, राजीव मित्तल, नविका कुमार, किरण चोपड़ा और विनीत कंवर ने सक्रिय भागीदारी की। इस दौरान पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि प्रेरणादायक हस्तियों की मौजूदगी ने इस अभियान को और मजबूत किया। उनका यह कदम समाज को यह संदेश देता है कि जिस तरह पेड़ पृथ्वी का जीवन संवारते हैं, उसी तरह हमें भी प्रकृति का संरक्षण करना चाहिए। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि आइए, हम सब मिलकर एक पेड़ लगाएं और पर्यावरण के प्रति अपना कर्तव्य निभाएं। हर लगाया गया पौधा साफ हवा, हरी-भरी जगहों और बेहतर कल का वादा है। मंत्री सिरसा ने कहा कि वन महोत्सव 2025, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन ‘एक पेड़ मां के नाम 2.0’ और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में, एक ऐतिहासिक जन आंदोलन बन चुका है। 2025 में 70 लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य लेकर यह अभियान लगातार नागरिकों, संस्थानों और नेताओं को जोड़ रहा है, ताकि राजधानी को हरा-भरा और स्वच्छ बनाया जा सके।

## टीकरी-खामपुर शिमला सेब मंडी पर भारी जाम से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 स्थित दिल्ली के उत्तरी बाहरी इलाके टीकरी -खामपुर में स्थित सेब मंडी पर सोमवार को दोपहर बाद भयंकर जाम की स्थिति देखने को मिली। मंडी में सेब की भारी आवक और अनियंत्रित ढुलाई वाहनों के प्रवेश ने न केवल स्थानीय यातायात को प्रभावित किया बल्कि दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की बसों और निजी वाहन चालकों के लिए भी मुसीबत खड़ी कर दी। जाम की वजह से एक मिनट की दूरी पार करने में आधे से पौने घंटे का समय लग गया और वाहन रेंगने पर मजबूर हो गए। बड़ी संख्या में लोग जाम में फंसे रहे और यात्रियों को समय पर गंतव्य तक पहुंचने में परेशानी झेलनी पड़ी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंडी में इन दिनों शिमला, नारकंडा क्षेत्र से बड़ी मात्रा में सेब की खेप पहुंच रही है, जिससे मंडी परिसर और उसके आस-पास के क्षेत्र में मालवाहक ट्रकों की लंबी कतारें लग गईं। यह जाम सिंघोला मोड़ से लेकर टीकरी खामपुर सेब मंडी करीब दो किमी. तक फैल गया, जिससे स्थानीय स्कूली बसें, निजी वाहन और पब्लिक ट्रांसपोर्ट पूरी तरह से जाम में फंसे नजर आए। हालांकि मंडी के सामने दिल्ली यातायात पुलिस कर्मी जाम को नियंत्रित करते हुए नजर आए।

## दिल्ली नगर निगम में विज्ञापन नीति का हो रहा है जमकर उल्लंघन

**खुलकर चल रहा है इंस्पेक्टर राज, वैध यूनीपोल संचालक परेशान**

दया राम ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी के बाद भले ही अब भाजपा सरकार है लेकिन विज्ञापन विभाग में इन दिनों भी खुलकर “इंस्पेक्टर राज“ चल रहा है और 'दिल्ली नगर निगम की आउटडोर विज्ञापन नीति 2017' का जमकर उल्लंघन हो रहा है। बता दें कि 2017 में बनी 'दिल्ली नगर निगम की आउटडोर विज्ञापन नीति' को लागू हुए सात साल हो चुके हैं, लेकिन जमीनी हकीकत आज भी पुरानी व्यवस्था जैसी ही है। उम्मीद थी कि अब विज्ञापन विभाग से ‘इंस्पेक्टर राज’ पर लगाम लगेगी, लेकिन दिल्ली की सड़कों पर फैले अवैध होर्डिंग्स, बेतरतीब बैनर और विज्ञापन अब एमसीडी अधिकारियों की चुप्पी कुछ और ही कहानी कह रही है। ताजा मामला निगक के सिविल लाइन जोन से आया है जहां आदर्श नगर से



मुकरबा चौक की तरफ जाते समय जहांगीर पुरी मेट्रो स्टेशन के पास एक शौरूम पर बड़े बड़े विज्ञापन लगे हुए और इससे करीब प्रतिमाह लाखों के राजस्व का निगम का नुकसान हो रहा है। इसी तरह केशवपुरम जोन में भी कई जगह बड़े बड़े विज्ञापन लगे हुए हैं। इस संबंध में निगम के प्रेस एवं सूचना निदेशालय से जानकारी मांगी जाती तो प्रशासन द्वारा चुप्पी साध ली जाती है। साथ ही यह भी बता दें कि जैसे ही विज्ञापन विभाग में उपायुक्त पद पर अमित कुमार के बाद मोहित बंसल ने पदभार संभाला था तब निगम मुख्यालय के पास पहाड़गंज इलाके में जोर शोर से अवैध प्रचार सामग्री पर कार्रवाई की गई थी लेकिन जब भी अवैध प्रचार सामग्री की जानकारी उन्हें दी जाती है तो चुप्पी साध ली जाती है।

#### विज्ञापन नीति की उड़ रही हैं धज्जियां, प्रशासन ने मूंदी आंखें

बता दें कि विज्ञापन नीति 2017 के अनुसार हर आउटडोर विज्ञापन के लिए टेंडर प्रक्रिया जरूरी है, अवैध विज्ञापन पर तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए, सार्वजनिक स्थानों पर बिना अनुमति लगाए गए बैनर/पोस्टर दंडनीय हैं। लेकिन इन नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ रही हैं। दिल्ली के कई प्रमुख मार्गों पर बिना अनुमति लगे बैनर और होर्डिंग्स निगम की निष्क्रियता पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहे हैं।

#### राजस्व को भारी नुकसान, वैध यूनिपोल संचालक बेहाल

नाम नहीं छापने की शर्त पर कुछ वैध विज्ञापन संचालकों ने बताया कि निगम द्वारा वैधानिक प्रक्रिया के तहत ठेके पर दिए गए यूनिपोल विज्ञापन स्थलों के संचालक 'गंभीर आर्थिक संकट' से जूझ रहे हैं। उनका कहना है कि हम लाखों रुपये की सुरक्षा राशि जमा करके नियमों के तहत विज्ञापन चला रहे हैं, लेकिन दिल्ली के सिविल लाइंस जोन, केशवपुरम जोन और आसपास के अन्य कई जोनों में दुकानों, शोरूम, मुख्य मार्गों की दीवारों पर प्रचार के अवैध विज्ञापन लगे हैं जिन पर कोई कार्रवाई नहीं होती। इससे हमारा व्यवसाय चौपट हो रहा है और निगम को भी राजस्व का नुकसान हो रहा है।

#### मौन सहमति से मिल रहा है ‘अवैध प्रचार’ को बढ़ावा

यूनिपोल संचालकों का आरोप है कि विज्ञापन विभाग के कुछ अधिकारी मौन सहमति से ‘अवैध प्रचार’ को बढ़ावा दे रहे हैं, कई स्थानों पर 'न अप्लाई किया, न टेंडर लिया' फिर भी धड़ल्ले से अवैध विज्ञापन और प्रचार सामग्री लगाई जा रही है जब वे अधिकारियों से इस संबंध में शिकायत करते हैं तो उल्टा परेशान किया जाता है। इससे स्पष्ट है कि 'इंस्पेक्टर राज' आज भी जिंदा है और निगम के विज्ञापन विभाग में बस चेहरे बदले हैं लेकिन तरीका नहीं बदला है।

**सफाई कर्मचारी हैं एमसीडी की स्वच्छता प्रणाली की रीढ़ : इकबाल**

# महापौर ने 336 सफाई कर्मियों को सौंपे नियमितीकरण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के सफाई कर्मचारी एमसीडी की स्वच्छता प्रणाली की रीढ़ हैं। वे दिन-रात मेहनत करके दिल्ली को स्वच्छ और रहने योग्य बनाते हैं। भाजपा शासित एमसीडी अपने सफाई कर्मियों को सम्मान, स्थायित्व और सर्वोत्तम सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने सोमवार को दिल्ली नगर निगम मुख्यालय, डॉ. एसपीएम सिविक सेंटर में आयोजित एक औपचारिक समारोह के दौरान 336 सफाई कर्मियों को नियमितीकरण पत्र प्रदान करने के दौरान यह संबोधन दिया।

इस अवसर पर उप महापौर जय भगवान यादव, स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा, नेता सदन प्रवेश



वाही, पार्षद योगेश वर्मा, अतिरिक्त उपायुक्त (डीईएमएस) अनिल कुमार एवं दिल्ली नगर निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। यहां महापौर सरदार राजा इक़बाल सिंह ने कहा कि इन 336 कर्मियों के नियमितीकरण से यह स्पष्ट होता है कि एमसीडी अपने अग्रिम पंक्ति के कर्मियों को सभी सुविधाएं देने के लिए लगातार प्रयासरत है। नियमित हुए कर्मियों में 172 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी, 28 करुणामूलक आधार पर नियुक्त सफाई कर्मचारी, तथा 136 (पूर्व में छूटे) सफाई कर्मचारी शामिल है।

#### सफाई कर्मियों के कल्याण को प्राथमिकता देता रहेगा निगम

महापौर ने सभी नव-नियमित कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए आश्वस्त किया कि नगर निगम सफाई कर्मियों के कल्याण को प्राथमिकता देता रहेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि उन्हें उनके सभी अधिकार एवं सेवाओं का समुचित सम्मान प्राप्त हो। समारोह का समापन एमसीडी नेतृत्व द्वारा दिल्ली भर में स्वच्छता मानकों को बनाए रखने और राजधानी को और अधिक स्वच्छ व स्वस्थ बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

## आवारा कुत्तों की समस्या पर सुप्रीम कोर्ट का संज्ञान लेना सराहनीय कदम : गोयल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पूर्व केंद्रीय मंत्री और गांधी स्मृति व दर्शन समिति के उपाध्यक्ष विजय गोयल ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या पर स्वतः संज्ञान लेने के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला जनभावना के अनुरूप है और वर्षों से उठ रही चिंता का परिणाम है। गोयल ने कहा कि वह स्वयं पिछले कई वर्षों से इस गंभीर विषय पर आंदोलन कर रहे हैं और उन्होंने केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार तथा नगर निगम को कई पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की थी। उन्होंने कहा कि रोजाना बच्चों और बुजुर्गों पर कुत्तों के हमलों की घटनाएं बढ़ रही थीं, इसलिए अब न्यायपालिका को खुद हस्तक्षेप करना पड़ा है। गोयल ने यह भी घोषणा की कि वह इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप याचिका दायर करेंगे ताकि वे सभी तथ्य अदालत के समक्ष रख सकें। विजय गोयल ने कहा कि




सोशल मीडिया पर उन्हें धमकियां दी जाती हैं और पशु विरोधी कहा जाता है, लेकिन मेरा मकसद है कि लोगों में कुत्तों के प्रति नफरत न बढ़े। अगर यही स्थिति रही तो समाज में असंतोष और हिंसा दोनों बढ़ सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

## गुरुग्राम की बदहाली पर राज बब्बर ने कसा तंज



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में कचरा प्रबंधन और सफाई व्यवस्था को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इंटरनेट मीडिया पर आलोचनाओं के बाद कांग्रेस नेता व फिल्म अभिनेता राज बब्बर ने भी हरियाणा सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास संसाधनों की कमी नहीं है। बस बंद पड़े डबल इंजन को ऑन करने की जरूरत है। गुरुग्राम लोकसभा सीट से 2024 में चुनाव लड़ चुके कांग्रेस नेता राज बब्बर ने चुनाव के दौरान शहर को करीब से देखा है। यहां की समस्याएं जानी हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि शहर में तैरती गाड़ियां, ट्रैफिक जाम, जल निकासी न होने से घरों में पानी।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से किशोर की मौत



**फरीदाबाद।** डीग-प्रहलादपुर रोड पर लकड़ियों भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार किशोर की मौत हो गई। किशोर अपने मामा के साथ डीग गांव जा रहा था। मौके पर चालक ट्रैक्टर छोडक़र भाग गया। थाना सदर बल्लभगढ़ पुलिस ने चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर मृतक किशोर के शव का पोस्टमार्टम कराया।पुलिस के अनुसार मामा-भांजे ने हेलमेट नहीं लगाया हुआ था। मृतक इकलौता बेटा था।

## फरीदाबाद में बिल्डर पर मनमानी का आरोप

**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद स्थित बीपीटीपी ब्लॉक्स के लोगों ने अब हाइकोर्ट से गुहार लगाने का निर्णय लिया है। जी ब्लॉक स्थित नेबरहुड पार्क में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें 50 से अधिक आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों और निवासियों ने हिस्सा लिया। प्रधान ज्ञानेंद्र खटाना, गुलबीर सिंह, मुकेश शर्मा, सुमेर खत्री, अनिल गर्ग, यशपाल करवाल, महावीर सिंह भामला, एफ के आरडब्ल्यूए प्रधान रविंद्र चौधरी सहित अन्य ने बताया कि सेक्टर-75 से 89 में लोग करीब एक दशक से रह रहे हैं।
आरोप है कि अधिकांश हिस्सों में सड़कें टूटी और क्षतिग्रस्त हैं। कई ब्लाक में सड़कों का निर्माण कार्य पूरी तरह से नहीं हुआ है। सड़कों की मरम्मत के नाम पर बीपीटीपी बिल्डर निवासियों से भारी भरकम राशि मांग रहा है।

---

### प्रबंधक थाना व प्रभारी अपराध शाखा रहे मौजूद

**अपराध समीक्षा गोष्ठी का किया आयोजन, पुलिस आयुक्त ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

# शिकायतों का प्राथमिकता से करें निष्पादन

पुलिस आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन किया जाए और महिला विरुद्ध अपराध पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई के साथ लड़ाई झगड़े के मामलों में जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की जाए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त, प्रबंधक थाना व प्रभारी अपराध शाखा मौजूद रहे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गोष्ठी के दौरान अपराध नियंत्रण, यातायात व्यवस्था व अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान पुलिस आयुक्त ने मौजूद सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, महिला विरुद्ध अपराध पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई की जाए, लड़ाई झगड़े के मामलों में जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए साथ ही पुरानी रंजिश के मामलों पर भी निगरानी रखी जाए।



**जमानत या बरी अपराधियों की हो निगरानी**

पुलिस आयुक्त ने सभी प्रबंधक थाना को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्र में रात्रि गस्त बढ़ाई जाए, दोपहिया वाहन पर ट्रिपल राइडिंग खासकर नौजवानों को चेक किया जाए तथा प्रभावी नाकाबंदी लगाई जाए। अपराध शाखाओं को निर्देशित करते हुए कहा कि जघन्य अपराधों में जमानत या बरी होकर बाहर आए आरोपियों पर निगरानी रखी जाए। नशा तस्करों पर कार्रवाही करते हुए ठोस कदम उठाए जाएं। पुलिस आयुक्त ने कहा कि सभी पुलिस कर्मचारी ईमानदारी व निष्ठा से अपनी ड्यूटी करेंगे। किसी प्रकार की शिकायत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गोष्ठी के दौरान अभिषेक जोरवाल पुलिस उपायुक्त मुख्यालय, मकसूद अहमद पुलिस उपायुक्त एनआईटी, राजकुमार पुलिस उपायुक्त बल्लभगढ़, जयवीर पुलिस उपायुक्त यातायात सहित सभी सहायक पुलिस आयुक्त, प्रबंधक थाना व प्रभारी अपराध शाखा मौजूद रहे।

---

### महानगर की संगठनात्मक बैठक

# मजबूत कार्यकर्ता ही भाजपा की असली ताकत

प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की ताकत उसके कार्यकर्ता है और मेहनती कार्यकर्ताओं के बल पर ही आज भाजपा विश्व की सबसे मजबूत पार्टी बनकर उभर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे विश्व में भारत का जो गौरव बढ़ाया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद महानगर के जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं मंडल महामंत्री की संगठनात्मक बैठक का आयोजन होटल शगुन सेरेमनी फरीदाबाद महानगर स्थित पर किया गया। बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों व मंडल महामंत्रियों का उनकी नियुक्तियों के लिए जहां बधाईयां दी गई वहीं उन्हें आगामी कार्यक्रमों को लेकर रुपरेखा बनाई गई। बैठक में मुख्य रुप से प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, जिलाध्यक्ष महानगर सोहन पाल सिंह, बल्लभगढ़ के विधायक मूलचंद शर्मा, एनआईटी के विधायक सतीश फागना, फरीदाबाद की मेयर प्रवीण जोशी, जिला प्रभारी कमल यादव, जिला परिषद चेयरमैन विजय लोहिया, जिला महामंत्री अनुराग गर्ग, कविन्द्र चौधरी, गोपाल शर्मा, चेयरमैन हुकम सिंह भाटी, प्रदेश प्रवक्ता विजेंद्र नेहरा, बलदेव अलावलपुर, टिपरचंद शर्मा, सुखबीर मलेरना, रामेश्वर प्रजापति, महिला जिलाध्यक्ष ममता राघव, भाजयुमो जिलाध्यक्ष कार्तिक वशिष्ठ, भगवान सिंह ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष, मीडिया प्रभारी राजेश कौशिक सहित फरीदाबाद महानगर के पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

**खास बातें**

- विकास का जो दौर पिछले 11 सालों से शुरु हुआ, आगे भी जारी रहेगा
- जिम्मेवारी का निर्वहन के साथ संगठन को मजबूत करने का काम करें कार्यकर्ता
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे विश्व में भारत का गौरव बढ़ाया

**आगामी कार्यक्रमों को लेकर रुपरेखा पर हुई चर्चा**



प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की ताकत उसके कार्यकर्ता है और मेहनती कार्यकर्ताओं के बल पर ही आज भाजपा विश्व की सबसे मजबूत पार्टी बनकर उभर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे विश्व में भारत का जो गौरव बढ़ाया है, उसकी चहुंओर प्रशंसा हो रही है, हर देश भारत के साथ जुड़कर अपनी आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि विकास का जो दौर पिछले 11 सालों से शुरु हुआ है, यह दौर आगे भी जारी रहेगा, प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करे और संगठन को मजबूत करने का काम करें।

**विधायक शर्मा ने संगठन को मजबूत करने के निर्देश दिए**

इस मौके पर विधायक मूलचंद शर्मा व सतीश फागना ने भी अपने-अपने संबोधनों में कार्यकर्ताओं को उनके जिम्मेवारियां के बारे में बताया और संगठन को मजबूत करने के लिए दिशा-निर्देश दिए। बैठक के अंत में जिलाध्यक्ष सोहन पाल सिंह ने सभी अतिथियों का आभार जताया और नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों व महामंत्रियों को शुभकामनाएं देते हुए एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने की दिशा में काम करने का आह्वान किया।

---

**परिजनों ने विभाग पर लापरवाही का लगाया आरोप**

# करंट लगने से लाइनमैन की मौत, काम करते समय हादसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सेक्टर-58 क्षेत्र में सोमवार सुबह बिजली विभाग के 37 वर्षीय कर्मचारी सतीश कुमार की करंट लगने से मौत हो गई। सतीश कुमार हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से बिजली विभाग में लाइनमैन के पद पर कार्यरत थे। वह मूल रूप से पलवल जिले के रामगढ़ गांव के रहने वाला था। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार सतीश को विभाग की ओर से सेक्टर-58 में स्थित निजी कंपनी में बिजली लाइन को सुधारने के लिए भेजा गया था।

**15 वर्षों से लाइनमैन के पद पर कार्यरत**

मृतक के भाई अशोक कुमार ने बताया कि सतीश पिछले करीब 15 वर्षों से लाइनमैन के पद पर कार्यरत थे। उसकी उम्र लगभग 37 साल थी और उसके दो बेटे हैं, जिनकी उम्र 16 और 14 साल है। अशोक ने कहा कि हादसा बिजली विभाग की लापरवाही का नतीजा है और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने मांग की है कि सतीश के परिवार को उचित आर्थिक सहायता दी जाए।

**एक्सईन ने कहा-घटना को दुर्भाग्यपूर्ण**

बिजली विभाग के सेक्टर-58 एरिया एक्सईन संजय मंगला ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि विभाग द्वारा हादसे की जांच की जा रही है। जो भी हादसे का जिम्मेदार होगा, उसके खिलाफ कानूनी व विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि बिजली विभाग की पॉलिसी के तहत परिवार को हर संभव मदद दी जाएगी। विभाग द्वारा कमेटी गठित कर मामले की जांच करवाई जाएगी।

---

# पेड़ लगाओ, हरियाली बढ़ाओ अभियान के तहत डब्ल्यूआईसीसीआई ने पौधे रोपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

विमेन्स इंडियन चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की कॉर्पोरेट सस्टेनेबिलिटी काउंसिल ने पेड़ लगाने की मुहिम शुरू की।

इसके तहत फरीदाबाद के कई सरकारी स्कूलों और एक सामुदायिक केंद्र में 250 देसी पौधे लगाए जा रहे हैं। इस पौधरोपण में बल्लभगढ़ समाज यूथ सोसाइटी और एनजीओ हरा जीवन भी साथ रहा। इस अभियान का नेतृत्व हरियाणा स्टेट प्रेसिडेंट अंजू मलिक और फरीदाबाद सिटी प्रेसिडेंट गुरप्रीत कौर ने किया।



मलिक ने बताया कि श्रावण मास के बरसाती सीजन में उनकी सस्था का मुख्य उद्देश्य सरकारी स्कूलों में न केवल पौधरोपण करना है बल्कि लोगों को पौधरोपण करने के बाद पौधे को बड़े पेड़ बनने तक जागरूक करने का भी लक्ष्य है। कार्यक्रम में मौजूद स्थानीय लोगों से भी उन्होंने तथा उनकी टीम ने ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर उपमा अरोड़ा, सीमा धवन, नलिनी जैन, मोनिका, संगीता नय्यर, अनीशा सहपति और चारु सोनेक तथा बल्लभगढ़ समाज के प्रधान पीयूष गोयल भी मौजूद रहे।

**रेजीडेंट वेलफेयर एसो सेक्टर-10 ने मनाया तीज**

रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर-10 द्वारा तीज उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर महिलाओं ने जमकर झूलों का आनंद लिया तथा कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद मुकेश अग्रवाल व उनकी धर्मपत्नी रंजना अग्रवाल ने शिरकत की। आरडब्ल्युए के प्रधान वीपी गोयल व उनकी टीम ने अतिथियों का स्वागत किया।

---

### मंत्री राजेश नागर ने कुश्ती दंगल में की शिरकत, बोले

# कुश्ती-दंगल भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

तिगांव भैंसरावली रोड स्थित राजीव गांधी खेल परिसर में विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया, जिसमें सबसे बड़ी कुश्ती एक लाख रुपए की रही। इस कुश्ती का उद्घाटन हरियाणा सरकार के मंत्री राजेश नागर ने पहलवानों का हाथ मिलवा कर किया।

इस कुश्ती का आयोजन वर्षों से हरियाली तीज के उपलक्ष्य में किया जाता है। जिसका जिम्मा समस्त 84 पाल उठाती है। कुश्ती में पहलवानों के पैंतरे देखने के लिए बहुत दूर-दूर से लोग यहां पहुंचते हैं और खिलाड़ी भी इसमें अपने दांव पेंच दिखाकर दर्शकों की तालियां बटोरते हैं, वहीं नकद पुरस्कार भी जीतने का अवसर उन्हें मिलता है।

मंत्री राजेश नागर ने कहा कि खेलों



को अपने जीवन का हिस्सा जरूर बनना चाहिए। खेल हमारे मन, मस्तिष्क और तन को मजबूत बनाते हैं। इससे हम पढ़ाई-लिखाई और जीवन के तमाम क्षेत्रों में मजबूती से कदम बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हरियाणा के खिलाड़ी सबसे अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी युवाओं को आगे बढ़ने का हर अवसर प्रदान करना चाहते हैं। उन्होंने सभी युवाओं को और मौजूद व्यक्तियों को हरियाली तीज की शुभकामनाएं दी।

**विजेताओं को मिला नकद पुरस्कार**

इस प्रतियोगिता में कुल 98 कुश्तियां आयोजित हुईं जिनमें 2100 रुपए की 16 कुश्ती, 3100 रुपए की, 8 कुश्ती, 5100 रूपये की 13 कुश्ती, 11000 रुपए की 13 कुश्ती, 21000 रुपए की सात कुश्ती और 31000 रुपए की दो कुश्ती आयोजित हुईं। इनमें सबसे बड़ी एक-एक लाख रुपए की कुश्ती रहीं जिनमें कलुआ एवं पृथ्वीराज और अजय गुर्जर एवं मोनू दिल्ली के बीच बराबर छूटीं।

---

### राजभाषा कार्यान्वयन समिति बैंक एवं बीमा कंपनियों की छमाही बैठक

**पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन**

# लोन से जुड़े कागजातों व ईमेल में भी राजभाषा का प्रयोग करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास)बैंक एवं बीमा कम्पनियां फरीदाबाद की 20वीं छमाही बैठक एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन नीलम-बाटा रोड़ स्थित होटल रोनाल्ड इन में केनरा बैंक के संयोजन में किया गया। इस अवसर मुख्य अतिथि के रूप में गृह मंत्रालय राजभाषा विभाग भारत सरकार के संयुक्त निदेशक (का.) कुमार पाल शर्मा ने शिरकत की। इस मौके पर कुमार पाल शर्मा का नराकास के अध्यक्ष कमल कुमार ने पौधा भेंट कर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस अवसर पर बैंक ऑफ




इंडिया से सहायक महाप्रबंधक ओंकारनाथ पाण्डेय, इंडियन ओवरसीज बैंक से उप महा प्रबंधक प्रवीण कुमार सहित अन्य सदस्य बैंकों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि कुमार पाल शर्मा ने कहा कि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति को बने हुए 50 वर्षों से हो गए है। भारत सरकार के प्रयासों से बैंक और बीमा कम्पनियों में ज्यादातर काम नगर राजभाषा में किए जाते है। इसका मकसद केवल और केवल पूरे भारत को राजभाषा से जोड़े रखना है। उन्होंने बैंक और बीमा क्षेत्र की कम्पनियों से अनुरोध किया है कि वह लोन से जुड़े कागजातों व ईमेल में भी राजभाषा का प्रयोग करें।

---

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संतोष कुमार पुत्र** दुलार राम **निवासी** ग्राम+पीओ परसिया थाना–जगदीशपुर, जिला–भोजपुर, बिहार, **यहां भी:** झुग्गी लाल बाग, श्रीराम नगर, शाहदरा, दिल्ली, ने **FIR No. 685/2014, U/S 452/395/342/412/ 323/325/34 IPC, पुलिस स्टेशन फर्श बाजार, शाहदरा जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 685/2014, U/S 452/395/342/412/323/325/34 IPC, पुलिस स्टेशन फर्श बाजार, शाहदरा जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **संतोष कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.09.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री अखिल मलिक**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–02,**
**कक्ष संख्या–38, भूतल, शाहदरा जिला,**
**कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली**

**DP/9826/SHD/2025**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **शंकर, पुत्रः** नागेन्द्र सिंह, **पताः** मकान न. 510, विनय का मकान, गांव देवली, दिल्ली, **FIR No. 457/2018, U/s 186/353/332/365/506 IPC, थानाः** आईजीआई एयरपोर्ट, नई दिल्ली, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शंकर,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शंकर,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 457/2018 U/s 186/353/332/365/506 IPC, थानाः** आईजीआई एयरपोर्ट, नई दिल्ली, के उक्त अभियुक्त, **शंकर,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री प्रणव जोशी, एलडी.**
**अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट–01**
**कमरा न. 02, ग्राउंड फ्लोर, मेन बिल्डिंग**
**पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली**

**DP/9687/IGIA/2025**
**(Court Matter)**

---

# मिसेज तीज चुनी गई कविता को शर्मा ने पुरस्कृत भी किया

# दो दिवसीय तीज महोत्सव का शुभारंभ, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर-87 स्थित वशिष्ठ हाइट्स में दो दिवसीय तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर हरियाणा एवं पंजाब बार काउसिंल के पूर्व वाइस प्रेसीडेंट एवं ग्रेटर फरीदाबाद सोसायटीज एसोसिएशन के अध्यक्ष पं. ओपी शर्मा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। महोत्सव में मिसेज तीज चुनी गई कविता को शर्मा ने पुरस्कृत भी किया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में पहुंचने पर ओपी शर्मा व महासचिव विकास खत्री का आरडब्ल्यूए एसोसिएशन की प्रैसीडेंट व अन्य पदाधिकारियों ने स्वागत किया।

**सफल आयोजन के लिए पदाधिकारियों का हौसला अफजाई की**



मुख्य अतिथि शर्मा ने कहा कि त्यौहार भारतीय संस्कृति जड़ों को मजबूत करने में सहायक सिद्ध होते है तथा इस तरह के आयोजनों से आने वाली पीढ़ी को संस्कृति का अभास भी होता है। उन्होंने सफल आयोजन के लिए आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों का हौंसला अफजाई की। इस आयोजन में सोसाइटी वासियों और आसपास के लोगों ने भाग लिया और पर्व का भरपूर आनंद उठाया। महोत्सव के दौरान विभिन्न प्रकार के 14 स्टॉल्स लगाए गए, जिनमें फूड, कपड़े, अचार, वाटर, खिलोने, कॉस्मेटिक्स, मेहंदी, ब्यूटी प्रोडक्ट्स आदि शामिल थे। हर स्टॉल पर लोगों की अच्छी खासी भीड़ देखी गई, जिससे मेले की रौनक और भी बढ़ गई।

**महिलाओं के लिए झूले आकर्षण का केंद्र**

बच्चों के मनोरंजन के लिए बाउंसी कैसल का विशेष इंतजाम किया गया, वहीं महिलाओं के लिए झूले लगाए गए, जो आकर्षण का मुख्य केंद्र रहे। सभी ने मिलकर डीजे पर थिरकते हुए इस पारंपरिक पर्व को आधुनिक रंग में रंग दिया। मैच बॉक्स प्रतियोगिता में कंचन यादव ने एक माचिस की डिब्बी में 64 वस्तुएं रखकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

---

**हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | DNITNO.115596 (EPC-D-127/PD&C) DATED 11.04.2025 | शुद्धिपत्र सं. 5/बोलियां ऑनलाइन जमा की तिथि में विस्तार 06.08.2025 तक 17:00 बजे तक और 24.07.2025 (प्रकाशन हेतु)। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 2 | एचवीपीएनएल | NITNO.130(EPC-D-130/PD&C) DATED 02.07.2025 | शुद्धिपत्र/बोलियां ऑनलाइन जमा की तिथि में विस्तार 04.08.2025 तक 17:00 बजे तक और 25.07.2025 (प्रकाशन हेतु)। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/37025/I/88/7 दि. 28.07.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद भिवानी | वार्ड 17 एम.सी. भिवानी में ऑटो मार्केट के निकट आकांक्षी सार्वजनिक शौचालय का निर्माण + 7 कार्य। | 25.07.2025 06.08.2025 | 94,11,314/- | https://etenders.hry.nic.in | 9996629555 eo.mcbhiwani@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/37040/I/88/7 दि. 28.07.25

# बांके बिहारी मंदिर प्रबंधन समिति यूपी सरकार के अध्यादेश के खिलाफ पहुंची सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी ▸▸ मथुरा

मथुरा बांके बिहारी मंदिर अध्यादेश का मसला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले को लिस्ट करते हुए अगले सप्ताह सुनवाई की बात कही है। दरअसल, पिछले दिनों उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से श्री बांके बिहारी जी मंदिर न्यास अध्यादेश 2025 जारी किया गया था। अब इसकी संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने मथुरा मंदिर की प्रबंधन समिति से यह पता लगाने को कहा कि देश भर में कितने मंदिरों का प्रबंधन कानूनों के माध्यम से अपने अधीन किया गया है।

## अगले सप्ताह होगी सुनवाई



सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की खंडपीठ ने यूपी सरकार के अध्यादेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले में मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल पेश हुए। पीठ ने उनकी दलीलों को सनने के बाद मामले को फिर से सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि बांके बिहारी मंदिर से संबंधित एक मामला एक अन्य बेंच में लिस्टेड है। बेंच ने कहा कि दोनों मामलों को एक ही बेंच में लिस्ट करने के लिए चीफ जस्टिस बीआर गवई के आदेश की जरूरत होगी।

# यूपी में सबसे लंबे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री बने योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। सीएम योगी यूपी के सबसे लंबे कार्यकाल तक मुख्यमंत्री पद पर रहने का रिकॉर्ड बना लिया है। उन्हें आजादी के बाद पहले सीएम बने गोविंद वल्लभ पंत को भी रिकॉर्ड तोड़ा है।

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित करते हुए उत्तर प्रदेश के सबसे लंबे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री बनने का गौरव प्राप्त किया है। उन्होंने स्वतंत्र भारत के पहले मुख्यमंत्री पं. गोविंद बल्लभ पंत का 8 वर्ष 127 दिन का रिकॉर्ड तोड़ते हुए अब तक 8 वर्ष 4 माह और 10 दिन का प्रभावी कार्यकाल पूरा कर लिया है। इससे पहले मुलायम सिंह यादव छह वर्ष 274 दिन, संपूर्णानंद पांच वर्ष 345 दिन, अखिलेश यादव पांच वर्ष चार दिन और नारायण दत्त तिवारी तीन वर्ष 314 दिन मुख्यमंत्री पद पर आसीन रहे हैं।

## 8 वर्ष 4 माह और 10 दिन का प्रभावी कार्यकाल



भाजपा का कहना है कि योगी आदित्यनाथ का यह कार्यकाल न सिर्फ राजनीतिक स्थिरता का प्रतीक है, बल्कि शासन के प्रत्येक क्षेत्र में सुधार, पारदर्शिता और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ विकास की गति को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक ले जाने वाला कालखंड भी है। अपराध और अराजकता से जूझते यूपी को मुख्यमंत्री योगी ने 'नए उत्तर प्रदेश' में बदलने का काम किया, जहां कानून का राज सर्वोपरि है और शासन व्यवस्था सुशासन का पर्याय बन चुकी है।

### निवेश और रोजगार के क्षेत्र में नए आयाम दिए

विगत आठ वर्षों में योगी सरकार ने प्रदेश को बुनियादी ढांचे, निवेश और रोजगार के क्षेत्र में नए आयाम दिए हैं। गोरखपुर से एम्स की स्थापना हो, पूर्वांचल-एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे या फिल्म सिटी जैसे कई मेगा प्रोजेक्ट्स इसके उदाहरण हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, मुफ्त राशन वितरण, उज्ज्वला योजना, कन्या सुमंगला और मिशन शक्ति जैसी योजनाओं के माध्यम से राज्य के करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है।

## खबर संक्षेप

### 9 पीसीएस अधिकारियों की तैनाती में फेरबदल



**लखनऊ।** यूपी में पीसीएस अफसरों के तबादलों का दौर जारी है। सोमवार को नौ और अधिकारियों की तैनाती में फेरबदल किया गया। 6 जिलों के उपजिलाधिकारी बदले गए हैं। राजेश कुमार को प्रधान प्रबंधक, उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ के पद पर तैनाती दी गई है। कुमार धर्मेंद्र को अपर जिलाधिकारी, बांदा के पद पर तैनात किया गया है। सालिक राम को रामपुर का नगर मैजिस्ट्रेट बनाया गया है।

### यूपी में 3 दिन झमाझम बारिश के आसार



**लखनऊ।** यूपी में उमस भरी गर्मी का सामना कर रहे लोगों को सोमवार को छिटपुट बारिश ने राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी यूपी में बारिश का यह सिलसिला कम से कम अगले 48 घंटे तक और पूर्वी यूपी में अगले 72 घंटे तक जारी रहने का अनुमान है। पिछले 24 घंटे में अमेठी, जौनपुर और प्रतापगढ़ में क्रमशः 65, 69.2, 85 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जो सामान्य से अधिक है।

## बिहार चुनाव में दिखेगा हाईटेक अंदाज

# फ्लड लाइट से लेकर हाइड्रोलिक सिस्टम तक, हाईटेक सुविधाओं से लैस सीएम नीतीश कुमार का निश्चय रथ

सीएम नीतीश कुमार ने चुनावी रथ 'निश्चय रथ' तैयार करवाया है, जो हरियाणा से लाया गया है। जिसमें जदयू का चुनाव चिन्ह है, और सात निश्चय योजना की उपलब्धियों को दर्शाता है। आगामी चुनाव प्रचार के लिए नीतीश कुमार इस रथ का इस्तेमाल करेंगे। जो हाईटेक सुविधाओं से लैस है।

एजेंसी ▸▸ पटना

बिहार चुनाव की तैयारी के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी कमर कस ली है। चुनाव प्रचार के लिए उनका हाईटेक रथ भी हरियाणा से आ गया है। जो कई सुविधाओं और टेक्नोलॉजी से लैस है। जिसे 'निश्चय रथ' नाम दिया गया है। हालांकि दिखने में तो वैनिटी वैन की तरह है। रथ पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की फोटो लगी है। ये रथ नीतीश सरकार के 'सात निश्चय' का संदेश देते दिख रहा है। जिस पर बहन-बेटियों के सपने साकार, धन्यवाद नीतीश कुमार का स्लोगन भी लिखा हुआ है। इस रथ पर नीतीश कुमार और उनकी पार्टी जेडीयू का चुनाव चिन्ह है। भाजपा को रथ पर कोई जगह नहीं मिली है।

### खास बातें

- हरियाणा से मंगाया गया नीतीश का निश्चय रथ
- रथ पर नीतीश कुमार की तस्वीर और विकास कार्यों का उल्लेख
- रथ पर नीतीश कुमार की तस्वीर और विकास कार्यों का उल्लेख

### छत को चारों तरफ से रेलिंग के जरिए घेराबंदी

नीतीश के निश्चय रथ की खासियत की बात करें तो इसमें आरामदायक और एडजस्टेबल सीटें हैं, जो लंबी यात्रा में थकान का एहसास नहीं होने देंगी। एसी और हिटर की भी सुविधा है, साथ ही हाइड्रोलिक सिस्टम भी लगा है। जिसके जरिए बस की छत पर पहुंचा जा सकता है। छत को चारों तरफ से रेलिंग के जरिए घेराबंदी है। छत पर फ्लड लाइट भी लगी हैं, ताकि रात में भी चुनावी कार्यक्रम किए जा सके। रथ में प्राइवेसी का भी ख्याल रखा गया है।



### रोडशो करेंगे सीएम

जानकारी के मुताबिक निश्चय रथ का इस्तेमाल सिर्फ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रोड शो के दौरान करेंगे। आने वाले वक्त में चुनाव प्रचार के दौरान ये रथ बिहार की अलग-अलग विधानसभाओं में घूमता दिखेगा। दरअसल इस रथ के जरिए बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी सात निश्चय योजना की उपलब्धियों को जनता के बीच पहुंचाया जाएगा। सात निश्चय में जिसमें हर घर नल का जल, हर घर शौचालय निर्माण, हर घर बिजली पहुंचाना, गली-नाली पक्कीकरण और आर्थिक हल, युवाओं को बल, महिलाओं को सशक्त करना, शहरी विकास की योजना शामिल है।

### नीतीश कुमार रथ के जरिए जनता के बीच जाएंगे

*संजय झा ने रथ के बहाने विरोधियों पर भी तंज कसते हुए कहा कि रथ तो पहले भी दूसरे दलों के नेताओं ने इस्तेमाल किया है। इस बार भी जाएं और देखें कि उनका रथ कहीं फंसता नहीं है, क्योंकि नीतीश जी ने पूरे बिहार की सड़कें, शहरी इलाकों के साथ-साथ गांव-गांव तक बेहतरीन बना दी हैं, जिन पर कोई भी वाहन आसानी से आ-जा सकता है। रही बात नीतीश जी की, तो वे रथ के जरिए जनता के बीच जाएंगे और चुनाव प्रचार करेंगे।*

## पुलिस ने कब्जे में लेकर शुरू की जांच

# गांव में छत पर पड़ा मिला मेड इन चाइना लिखा ड्रोन



एजेंसी ▸▸ बरेली

जिले के ग्रामीण इलाकों व कस्बों में ड्रोन उड़ने का शोर मच रहा है। इससे ग्रामीणों में कौतहूल के साथ दहशत भी है। फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के मंडोली गांव से चौंकाने वाला मामला सामने आया है। गांव निवासी कमल मौर्य के मकान की छत पर सोमवार सुबह ड्रोन पड़ा मिला। उन्होंने बताया कि सुबह उनका बेटा नवनीत मौर्य किसी काम से छत पर गया।

उसने छत पर ड्रोन कैमरा पड़ा देखा। उसके शोर मचाने पर परिवार के लोग पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। ड्रोन मिलने की खबर मिलते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। उन्होंने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को बुला लिया। पुलिस ने ड्रोन को कब्जे में ले लिया है। ड्रोन पर मेड इन चाइना लिखा है। ड्रोन किसका है और छत पर कैसे पहुंचा, इसका पता लगाने के लिए पुलिस जांच कर रही है। फतेहगंज पश्चिमी के थाना प्रभारी सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि ड्रोन को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है। ड्रोन उड़ाने वाले को जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## करंट से मासूम की मौत, फीडर मैनेजर निलंबित

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

जिसे से दर्दनाक खबर सामने आई है। लखनऊ में बिजली विभाग की लापरवाही ने फूलबाग स्थित शंकरपुरी कॉलोनी के एक मासूम की जिंदगी छीन ली। गेंद निकालने के लिए सात साल का फहद कॉलोनी में स्थित पार्क के ट्रांसफार्मर पेटी के यार्ड में चला गया, जहां करंट लगने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

जिस गेट से वह अंदर गया, उस पर कोई सुरक्षा जाली नहीं थी। घटना के बाद फीडर मैनेजर संविदा कर्मी अमरजीत को निलंबित कर दिया गया है। घटना की जांच के लिए हुसैनगंज के एक्सईएन अरुण कुमार भारती ने एक कमेटी का गठन किया है।

## पेज एक का शेष

### भविष्य में अगर पाकिस्तान...

देश का कोई सैनिक हताहत नहीं हुआ। न ही हमारी किसी संपत्ति को कोई क्षति पहुंची है। साथ ही भारत ने किसी दबाव में आकर पाकिस्तान के साथ संघर्षविराम नहीं किया है। इसे हमारी सेनाओं के सटीक और अचूक वार से घबराए पाकिस्तान के भारत से घुटनों के बल बैठकर मिन्नत करने के बाद सीमाओं पर लागू किया गया है। तो दूसरी ओर पाकिस्तान को चेतावनी भरे लहजे में यह सख्त संदेश दे दिया कि अब उसे भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद के नाम पर छद्म युद्ध लड़ने की अपनी पुरानी नापाक चाल के मामले में किसी मुगालते में रहने की कोई आवश्यकता नहीं है। भविष्य में अगर पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ कोई गलती करने की कोशिश की तो उसे उसका एक बार फिर से ऑपरेशन सिंदूर के जरिए ही मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। ये अभियान अभी केवल अस्थायी विराम पर है। इसे हमने पूरी तरह से खत्म नहीं किया है। आतंकवाद के खिलाफ भारत की नई सोच के साथ शून्य सहिष्णुता यानी जीरो टॉलरेंस की नीति आज भी जस की तस कायम है।

**आतंकवाद-बातचीत एक साथ संभव नहीं :** रक्षा मंत्री ने कहा, पाकिस्तान भारत की शांति की भाषा नहीं समझता है। हमने इतिहास से लेकर वर्तमान में कई बार पड़ोसी के साथ शांति स्थापित करने की कोशिश की। लेकिन हर बार उसने हमारी पीठ में छुरा घोंपा। जिसे देखते हुए 2015 के बाद भारत ने आतंकवाद के मामले पर पाकिस्तान को सबक सिखाने की अपनी रणनीति 2016 में की गई सर्जिकल स्ट्राइक, 2019 में की गई बालाकोट एयर स्ट्राइक और हालिया की गई ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के साथ 360 डिग्री बदल दी है। ये शांति कायम करने का हमारा दूसरा तरीका है। अब हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का रुख बिलकुल साफ है कि आतंकवाद और बातचीत किसी भी सूरत में साथ-साथ नहीं चल सकते हैं। उन्होंने कहा, संवाद सभ्य और लोकतांत्रिक देशों के बीच होता है। लेकिन ऐसा देश जो लोकतंत्र विहीन है और उसका मकसद केवल भारत के खिलाफ धार्मिक कट्टरता, आतंकवाद और नफरत फैलाने का हो। उसके साथ संवाद करना बेमानी है। क्योंकि आतंक की भाषा संवाद नहीं नफरत, डर और खून से जुड़ी है। गोलियों की आवाज में संवाद की आवाज दब जाती है। जहां खून बहता है वहां बातचीत की गुंजाइश नहीं बचती।

**वैश्विक आतंकवाद की नर्सरी पाकिस्तान :** राजनाथ ने कहा कि पाकिस्तान की मौजूदा स्थिति जगजाहिर है। उसकी नीति और चरित्र को लेकर किसी को कोई भ्रम नहीं रहना चाहिए। ये एक ऐसा देश है जो वैश्विक आतंकवाद की नर्सरी है। पाकिस्तान ने आतंकवाद को अपनी राज्य नीति का आधार बनाया है। जिस देश ने आतंकवाद को अपनी राज्य-विदेश नीति का हथियार बना लिया हो। वो अंत में अपने ही जाल में फंस जाता है। पाकिस्तानी सरकार आतंकवादियों के लिए राजकीय स्तर पर अंतिम संस्कार की व्यवस्था कर रही है। उनके सैन्य अधिकारी उसमें मौजूद रहते हैं। ऐसा इसलिए है, क्योंकि पाकिस्तान और उसकी सेना सीमा पर प्रत्यक्ष रूप से हमारे सैनिकों के साथ लड़ने का साहस नहीं जुटा पाती है और पहलगाम जैसे कायराना हमले करती है।

**22 मिनट में 100 प्लस आतंकी ढेर :** उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के बाद की गई भारत की आपरेशन सिंदूर की कार्रवाई को रक्षात्मक बताते हुए कहा कि 7 मई की देर रात 1 बजकर 5 मिनट पर सेनाओं ने मात्र 22 मिनट के अंदर ही अपने पहले ही तय किए गए लक्ष्यों पर सटीकता के साथ वार करते हुए 100 से अधिक आतंकियों, उनके प्रशिक्षकों और हैंडलर्स को उनके घर में घुसकर मार डाला। जो कुल 9 कैंपों में मौजूद थे। इसी के साथ हमारी माताओं, बहनों के सिंदूर का बदला पूरा हुआ। पहलगाम का हमला पाकिस्तान का एक बेहद अमानवीय और कायराना हमला था। जिसके बाद हमारी सहनशक्ति खत्म हो गई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने तीनों सेनाप्रमुखों संग उच्चस्तरीय बैठक की और उन्हें अपनी जवाबी सैन्य कार्रवाई के लिए खुली छूट प्रदान की गई। जिसका नतीजा हम सभी के सामने है। रक्षा मंत्री ने भारतीय सेना, वायुसेना द्वारा इस हमले में नेस्तनाबूद किए गए आतंकी कैंपों का नाम सहित भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि सरकार ने इस अभियान के कुछ घंटे के अंदर ही मीडिया के जरिए भारतीय सैन्य बलों द्वारा रात के घने अंधेरे में अपने हमलों की सटीकता, सफलता को लेकर जुटाए गए सबूतों को सार्वजनिक किया गया।

**प्रभु हनुमान की रणनीति पर चला भारत :** राजनाथ ने कहा, 7 मई की देर रात 1 बजकर 35 मिनट के तुरंत बाद भारतीय डीजीएमओ ने हॉटलाइन संदेश के माध्यम से पाकिस्तान के डीजीएमओ से संपर्क किया और उन्हें करीब 13 आतंकी ढांचों के खिलाफ हमारे हमले के बारे में आनुपातिक और हमले की पद्धति के बारे में पूरी जानकारी दी। इस दौरान ये तथ्य भी साफ किया गया कि हमारे ये हमले आक्रामक प्रकृति के नहीं थे। प्रभु हनुमान की लंका जलाने की रणनीति (जिन मोहि मारा, तिन मोही मारे) का उदाहरण देते हुए कहा कि हमने भी उसे ही अपनाया। हालांकि पाक ने इसे समझने में भूल की और सीमा पर कई दिनों तक गोलीबारी, मिसाइलों, ड्रोन से बड़े पैमाने पर हमले से स्थिति को तनावपूर्ण बनाने की कोशिश की। जिसका हमारी सेनाओं ने करारा जवाब दिया। पीओके के मुजफ्फराबाद में सवाई नाला, सैयद नाला कैंप, कोटली में मसीर अब्बास कैंप, मसबर रहील शाहीद कैंप, गुलपुर कैंप, भिंबर में बरनाला कैंप, कोटली में अब्बास कैंप, पंजाब प्रांत में बहावलपुर, मुरीदके और सरजाल और महमुना जोया को सेनाओं ने निशाना बनाया। इनमें से सात को सेना ने और मुरीदके और बहावलपुर जैसे लश्करे-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी कैंपों को वायुसेना ने नेस्तनाबूद कर दिया। अभियान उन परिवारों को इंसाफ दिलाने के लिए था। जिन्होंने पहलगाम हमले में अपनों को खोया था।

**सेनाओं के बीच दिखा समन्वय :** यह अभियान त्रि-सैन्य स्तरीय समन्वय का एक बेमिसाल उदाहरण है, जब वायुसेना ने आसमान से हमला किया तो हमारी थलसेना के जवान एलओसी के हर मोर्चे पर डटे रहे और दुश्मन की हर हरकत का करारा जवाब दिया। जबकि भारतीय नौसेना ने भी उत्तरी अरब सागर में अपनी तैनाती मजबूत कर दी। नौसैनिकों ने पाक को ये संदेश दिया कि हम जमीन से लेकर समुद्र तक दुश्मन के हर महत्वपूर्ण ठिकानों पर प्रहार करने के लिए सक्षम और तैयार हैं। 10 मई की सुबह वायुसेना ने पाक की कई एयरफील्ड पर करारा प्रहार किया, तब पाक ने हार मान ली और हमला रोकने की पेशकश किया। हमारे डीजीएमओ से बात की। जिसे हमने इस शर्त पर स्वीकार किया कि ये अभियान अभी केवल रोका गया है यानी स्थगित किया गया है। यह समाप्त नहीं हुआ है। अगर पाक की ओर से भविष्य में कोई गलती की तो ये अभियान दोबारा प्रारंभ होगा। भारत की मूल प्रकृति बुद्ध की है न की युद्ध की।

### विमानों का गिरना नहीं, परीक्षा ...

राजनीति को शत्रुतापूर्ण तरीके से न देखने की अपील की। राजनाथ की नजर में मामले में विपक्ष सरकार से सही ढंग से सवाल नहीं पूछ पाया। इसलिए उन्होंने उन्हें मदद करते हुए भाजपा के विपक्ष में बैठने के कालखंड के दौरान पूछे गए प्रश्नों की मिसाल दी। 1962 के युद्ध में आए दुखद परिणाम का जिक्र करते हुए कहा, इस दौरान हमने पूछा था कि दूसरे देश (चीन) ने हमारी जमीन पर कब्जा क्यों किया, कैसे ज्यादा सैनिक हताहत हुए? हमने मशीनों या तोपों को पहुंचे नुकसान की चिंता नहीं की। हमारी चिंता देश के भूभाग को लेकर थी। वहीं, 1971 के युद्ध में भारत ने पाक को सबक सिखाया, जिसमें हमने विपक्ष में रहते हुए सरकार की प्रशंसा की थी। रक्षा मंत्री ने कहा, अभियान के जरिए हमारा उद्देश्य सीमा पार करना या किसी भूभाग पर कब्जा करना नहीं था। बल्कि पाकिस्तान की सरपरस्ती में आतंकवाद की जो नर्सरी चल रही है। हम उसे नेस्तनाबूद करना चाहते थे।

### डोनाल्ड (ट्रम्प) को चुप कराओ...

**बताएं युद्ध विराम की क्या शर्तें थीं :** उन्होंने कहा कि जब पाकिस्तान घुटनों पर था, तो आपसे पहले अमेरिका की ओर से किए गए एक ट्वीट ने युद्धविराम की घोषणा कर दी। ऐसे में आपको देश को बताना चाहिए कि युद्ध विराम की क्या शर्तें थीं? हुड्डा ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने 28 बार कहा है कि उन्होंने व्यापार की धमकी देकर युद्धविराम करवाया। उनका कहना था, ''ट्रंप यहीं नहीं रुके, उन्होंने भारत के जहाज गिरने और कश्मीर मुद्दे तक का जिक्र किया, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार भी उनकी बातों का खंडन नहीं किया।''

**हाथ मिलाओ या आंख दिखाओ :** कांग्रेस सांसद ने कहा, ''अमेरिका, भारत के साथ पाकिस्तान की बराबरी नहीं कर सकता। इसलिए सरकार को एक रास्ता चुनना होगा कि या तो हाथ मिलाओ या आंख दिखाओ। सरकार या तो डोनाल्ड ट्रंप को जवाब देकर उनका मुंह बंद करे या फिर हिंदुस्तान में अमेरिका के 'मैकडोनाल्ड्स' बंद करवाए। ये दोनों चीजें साथ-साथ नहीं चल सकतीं।'' उन्होंने पहलगाम हमले के बाद सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शामिल नहीं होने की आलोचना की।

### गोगोई बोले, 'ऑपरेशन सिंदूर...

सुविधाएं हैं, लेकिन अब तक आतंकियों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि अगर किसी को जिम्मेदारी लेने की जरूरत है, तो वह केंद्रीय गृह मंत्री हैं। गृह मंत्री और केंद्र सरकार एलजी के पीछे नहीं छिप सकते। सरकार इतनी कमजोर और कायर है कि उसने कहा कि टूर ऑपरेटर लोगों को सरकारी अनुमति या लाइसेंस के बिना बैसारन ले गए। वह हादसे के लिए जिम्मेदार हैं। पीएम मोदी सऊदी अरब से वापस आ गए, लेकिन उन्होंने पहलगाम का दौरा नहीं किया। उन्होंने एक सरकारी कार्यक्रम में भाग लिया और बिहार में एक राजनीतिक रैली को संबोधित किया। अगर कोई पहलगाम गया, तो वह हमारे नेता राहुल गांधी थे। समाजवादी पार्टी (सपा) के रमाशंकर राजभर ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम कराने का अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का दावा यदि सही है तो इसका मतलब है कि ''हमने सैन्य और कूटनीतिक फैसला लेने की स्वतंत्रता'' खो दी। सपा के रमाशंकर राजभर ने संसद के निचले सदन में ''पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में भारत के मजबूत, सफल एवं निर्णायक 'ऑपरेशन सिंदूर' पर विशेष चर्चा'' में भाग लेते हुए कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमला हुआ और इसके 17 दिन बाद ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया, जबकि देश हमले के तीसरे दिन ही कार्रवाई चाहता था। शिवसेना (उबाठा) के नेता अरविंद सावंत ने सोमवार को लोकसभा में केंद्र सरकार से आग्रह किया कि भारत के खिलाफ आतंकवाद फैलाने वाले पाकिस्तान के साथ क्रिकेट मैच नहीं होना चाहिए। सावंत ने सदन में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा में भाग लेते हुए यह मांग उस वक्त उठाई जब एशिया कप में 14 सितंबर को भारतीय और पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के बीच मैच प्रस्तावित है। एशिया कप के कार्यक्रम के अनुसार चिर-प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान को ग्रुप 'ए' में रखा गया है और वे 14 सितंबर को दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में आमने-सामने होंगे।

### विरोध किया तो नौकरी गई...

बात यह सामने आई कि इन कर्मचारियों के कॉन्ट्रैक्ट में यह शर्त डाली गई है कि वे सार्वजनिक रूप से अपनी समस्याएं या असहमति नहीं जता सकते। अर्थात न तो वे हड़ताल कर सकते हैं, न विरोध कर सकते हैं और न ही मीडिया या मंचों पर अपनी बात रख सकते हैं। राहुल गांधी ने माना कि यह पूरी प्रणाली एक प्रकार से 'ठेकेदारीकरण' को बढ़ावा देती है, जहां सरकारी कामकाज को निजी कंपनियों के मॉडल में ढाला जा रहा है- कम लागत, कम अधिकार और अधिक नियंत्रण। यह न केवल कर्मचारियों के अधिकारों का हनन है बल्कि देश की सामरिक संस्थाओं में अनुभवहीनता और अस्थायित्व की स्थिति भी पैदा करता है।

# रांची में घर का सपना हुआ महंगा, 1 अगस्त से बदल जाएंगे रजिस्ट्री के रेट

एजेंसी ▸▸ रांची

राजधानी रांची में एक अगस्त 2025 से फ्लैट, पक्के और कच्चे मकान की रजिस्ट्री महंगी हो जाएगी। जिला प्रशासन ने निबंधन शुल्क और सरकारी दरों में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। शहरी क्षेत्रों में निबंधन शुल्क में अधिकतम 10 फीसदी की वृद्धि की गई है। भू-राजस्व एवं निबंधन विभाग के निर्देश पर निबंधन शुल्क में वृद्धि का पुनरीक्षण किया जाता है। रांची में हरमू इलाके में फ्लैट, पक्के और कच्चे मकान की सरकारी दर सबसे महंगी है।



### हरमू और रातू रोड इलाके में निर्धारित की गई दर

हरमू और रातू रोड इलाके में फ्लैट की दर सबसे अधिक निर्धारित की गई हैं। हरमू (वार्ड संख्या 21 और 22) में फ्लैट की सरकारी दर 7,715 रुपये प्रति स्क्वायर फीट होगी। वहीं, रातू रोड के मधुकम क्षेत्र (वार्ड 27, 28, 29) में यह दर 5,587 रुपये तय की गई है। सबसे सस्ती दर डोरंडा के पारसटोली (वार्ड 46) में 3,409 रुपये प्रति स्क्वायर फीट निर्धारित हुई है।

### पक्के मकान की सरकारी दर 4 हजार के पार

हरमू (वार्ड 20, 21, 22) इलाके में पक्के मकान 4,005 रुपए प्रति स्क्वायर फीट की दर से रजिस्टर्ड किए जाएंगे। मेन रोड इलाके में यह दर 3,760 रुपये प्रति स्क्वायर फीट रखी गई है। वहीं, अरगोड़ा, पिस्का और धुर्वा (वार्ड 33 से 39) में सबसे कम दर 2,430 रुपये प्रति स्क्वायर फीट है।

## फेसबुक पर किया था भड़काऊ पोस्ट

# सीएम योगी को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला युवक गिरफ्तार

एजेंसी ▸▸ लखीमपुर



यूपी के लखीमपुर में अछनिया गांव निवासी एक मुस्लिम युवक ने अपनी फेसबुक आईडी पर पाकिस्तान जिंदाबाद और मोदी मुर्दाबाद के साथ सीएम योगी को बम से उड़ाने से धमकी पोस्ट की। यह पोस्ट सोमवार को इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो गई, जिसके बाद हड़कंप मच गया। इस भड़काऊ पोस्ट पर भाजपाइयों से लेकर हिंदू संगठन आक्रोशित हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए नीमगांव पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है। नीमागांव थाना क्षेत्र के गांव अछनिया निवासी तैयब खान ने फेसबुक आईडी पर भड़काऊ पोस्ट की है। उसने न सिर्फ पाकिस्तान जिंदाबाद-मोदी मुर्दाबाद लिखा, बल्कि सीएम योगी तुम्हारी अब खैर नहीं है, तुमको हम बम से उड़ा देंगे। सोमवार को फेसबुक की पोस्ट का स्क्रीनशॉट इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो गया। युवक के पोस्ट को लेकर पुलिस प्रशासन में खलबली मच गई। पोस्ट अपलोड करने वाला युवक तैयब खान अछनिया गांव के पूर्व प्रधान का भतीजा है, जो एक सपा नेता की बस पर परिचालक है।

# सहेली



विशेष : मित्रता दिवस
3 अगस्त

सावन में सहेलियों का साथ एक अलग तरह की खुशी देता है। सहेलियां मिलेंगी तो पुरानी यादों का झरोखा भी खुलेगा, ठंडी हवा की तरह तन-मन को पुलकित करेगा। सहेलियों का मिलते रहना बहुत जरूरी है, यह जीवन की नीरसता को छांटता है, भीतर उत्साह-उमंग भरता है, ऊर्जावान बनाता है। एक तो सावन, ऊपर से मित्रता दिवस का अवसर हो तो अपने मैत्री भाव की पेंगे जरूर भरिए।

## सहेलियों का ना बिसरने वाला मैत्री भाव

आवरण कथा
मोनिका शर्मा

सावन की रिमझिम में हर स्त्री का मन अपनी सखियों को याद करता है। इस हरियल मौसम में उनका दिल उम्र के कुछ पड़ाव पीछे चला जाता है। आज की आपा-धापी में सखियों संग खिलखिलाती कल के दौर की एक लड़की स्त्रीमन में दस्तक देती है। भूला-सा कुछ स्मरण हो आता है। स्नेह के सरस भाव से बंधी डोर कुछ प्यारे लम्हों को दिलो-दिमाग में बांध लेती है। अनुभूतियां ठहर-सी जाती हैं। जो संग-साथ के अनमोल पलों को याद करने की ओर मोड़ती हैं। साथ ही यह भी याद दिलाती हैं कि जीवन के हर दौर में सहेलियों का साथ जरूरी है। अपने करीबी रिश्तों-नातों से परे मन से जुड़ने वाले चेहरों संग प्रेमिल भावों को पोसने की सोच हमेशा रखनी चाहिए। ऐसे भाव जीवन से जोड़ते हैं और सदा जोड़े रखते हैं।

### स्मृतियों का सुख

असल में स्मृतियों का अपना सुख है। सहेलियों के साथ बीते समय का अपना आनंद है। यादों में दस्तक देती दोस्ती, चेहरे पर मुस्कुराहट ले आती है। आंखों में एक स्नेहपूरित चमक उतरने लगती है। मुस्कुराहटों के साझेपन का उल्लास सावन में झरती बूंदों सा आंखों से बहने लगता है। साथ झूला झूलने वाली सहेलियां, तीज-त्योहार साथ मनाने वाली सखियां भी याद



आती हैं। सहपाठी सहेलियों के साथ जीए आत्मीय पल और बचपन की खिलखिलाहट फिर लौट आती है। आखिर जीवन के सबसे प्यारे पड़ाव पर एक दूजे को चिढ़ाना और शरारतें करना, अपना मन कैसे भूल सकता है? मायके की यादों वाली पोटली में एक हिस्सा तो सहेलियों का ही होता है। औपचारिकताओं से परे यह सुख आत्मा की गहराई से जुड़ा



होता है। तभी तो संजीवनी बन हमेशा मन को पोषण देता स्त्रियों का मैत्री भाव, पारिवारिक संबंधों से भी बढ़कर होता है। दुनियावी रीत निभाते हुए सखियों के रास्ते अलग हो जाते हैं। घर-बार बसाने के लिए सबकी अपनी-अपनी राह होती है। शहर क्या देश तक बदल जाते हैं। हां, वे मित्रता की अनमोल निधि को अपने साथ लाना नहीं भूलतीं। नए संसार में कभी ना रीतने वाले इसी खजाने से निकले खुशियों के पल उनके सहभागी होते हैं।

### समाज से जुड़ा सखी भाव

स्त्रियों की संवेदनाएं स्वयं तक ही सिमटकर नहीं रहतीं। अपनी सखियों संग बना निश्छल नेह के नाते का यह जुड़ाव व्यक्तिगत चाहतों से ही नहीं, समाज-परिवार के दायित्वों से भी जुड़ा होता है। मेलजोल के समय उनकी बातों में परिवेश की चिंता भी होती है। कई स्त्रियां तो समाज की साझी समस्या का हल तलाशने के दौर में ही सहेली बनती हैं। उनका मन ही नहीं, विचार भी मिलते हैं। तर्क से ज्यादा भावनाओं के धरातल पर जीवन जीना हर स्त्री का नैसर्गिक गुण होता है। बस, मन जुड़ गया तो जुड़ गया। मित्रता के मार्ग में महिलाओं का मन नाप-तौल कर डग नहीं भरता। खुशी, उत्साह और उमंग समेटने का भाव सबसे ऊपर होता है। एक-दूजे के जज्बातों को समझना सबसे अहम होता है। शिकायतों के पुलिंदे भी अधिकार से खोले जाते हैं। स्त्रियों की दोस्ती के इंद्रधनुष में इंसानी जीवन का सतरंगी अंदाज पूरी ठसक से मौजूद रहता है।

### तकनीकी से जुड़ते मन के तार

आभासी संसार ने पीछे छूटी अनुभूतियों से जोड़ने का काम किया है। तकनीकी मंचों पर अपनी खोई सखियों को ढूंढकर स्त्रियां बच्चों सी खिलखिलाती हैं। मानो खुद से ही फिर मुलाकात हुई हो। स्थिर से हो चले जीवन में एक हलचल सी महसूस होती है। भाव-विभोर हो अपने बच्चों, अपनी सखियों की तस्वीरें दिखाती हैं। समय के साथ बदलावों को लेकर कभी हैरान होती हैं तो कभी संयत हो जीवन के उतार-चढ़ाव के विषय में सोचने लगती हैं। जैसे मुड़कर देखती हों, ठहर कर सोचती हों। भूला-बिसरा सा फिर कुछ समेट लेना चाहती हों। उस दौर की बेरोक-टोक सी उजली हंसी अपने पल्लू की गांठ



में बांध लेना चाहती हों। उसी आंगन में जाकर चहकना चाहती हों, जहां उनका बचपन बीता। बचपन, जिसका सबसे अहम हिस्सा तो सहेलियों के संग जिए लम्हे ही रहे। कितने सावन और वसंत इस यात्रा का हिस्सा रहे। वर्षों बाद आभासी संसार में जुड़ने भर से यह लगाव-चाव मन पर मौसम की घटाओं की तरह छाने लगता है। यह हमें आह्लादित कर देता है।

## बच्चों के लिए भी जरूरी है दोस्ती



बच्चे हों या बड़े, हर किसी के जीवन में दोस्त बहुत मायने रखते हैं, दोस्ती का बहुत महत्व होता है। दोस्त बनाने की कला, उनकी महत्ता को समझने और पूरी गंभीरता से दोस्ती निभाने का पाठ बच्चे अपने घर-परिवार से ही सीखते हैं। इसलिए सभी पैरेंट्स को इस बारे में कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

परवरिश
सरस्वती रमेश

यह सही है कि बड़ों से अलग बच्चों की अपनी मासूम और प्यारी सी दुनिया होती है। इसमें घर-परिवार के सदस्यों के अलावा स्कूल में उनके संग पढ़ने वाले और आस-पड़ोस के दूसरे बच्चे भी शामिल होते हैं। यही उनके दोस्त बनते हैं, जिनके साथ वे खेलते हैं, खाते हैं, पढ़ते हैं, मस्ती करते हैं। कभी-कभी एक-दूसरे से रूठ जाते हैं फिर मनाते भी हैं। बच्चों की ये दोस्ती बहुत प्यारी होती है। बच्चे दोस्ती के मूल्य को समझें और उसे भावी जीवन में अच्छी तरह निभाएं, इसके लिए शुरुआत से ही पैरेंट्स को कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।



**बच्चे की भावनाओं को समझें:** कई पैरेंट्स बच्चों की दोस्ती की भावना को लेकर गंभीर नहीं होते हैं। इससे उनके कोमल मन को चोट लग सकती है। जैसा राजू के साथ हुआ। दरअसल, राजू और सोनू बेस्ट फ्रेंड हैं। सोनू की बर्थ-डे पार्टी में जाने के लिए राजू कई दिनों से बहुत उत्साहित था। सोनू का घर राजू के घर से कुछ दूरी पर है, इसलिए वह अकेला नहीं जा सकता था। सोनू के बर्थ-डे पार्टी वाले दिन राजू ने अपनी मम्मी से सोनू के घर पहुंचाने के लिए कहा। लेकिन उसकी मम्मी ने मना कर दिया क्योंकि उन्हें पड़ोस में किटी पार्टी में जाना था। अपने बेस्ट फ्रेंड की बर्थ-डे पार्टी में न जा पाने से राजू बहुत उदास हो गया। उसने अपने हाथों से सोनू को गिफ्ट देने के लिए प्यारा सा ग्रीटिंग कार्ड भी बनाया था। यह बात आपको छोटी सी लग सकती है लेकिन समझने वाली बात यह है कि बचपन की ऐसी मासूम दोस्ती से बच्चों का गहरा जुड़ाव होता है। यह जुड़ाव उनके भीतर भावनाओं और आपसी संबंधों के बीज बोता है। ये छोटी-छोटी खुशियां ही उनके मानसिक विकास और व्यक्तित्व निर्माण की पूंजी होती हैं। उन्हें इन खुशियों से महरूम करना ठीक नहीं। उन्हें दोस्तों के घर आने-जाने दें, उन्हें एक-दूसरे की खुशियों में शामिल होने दें। इससे आगे चलकर भी वे दोस्ती की महत्ता समझेंगे, उन्हें सामाजिकता का बोध होगा।

**साथ खेलने दें:** बच्चों की सबसे ज्यादा दोस्ती खेलने के दौरान ही होती है। लेकिन कुछ पैरेंट्स अपने बच्चों को हर समय घर के भीतर ही रखते हैं। उन्हें बच्चों के कपड़े, जूते या हाथ गंदे होने और फिर बीमार होने या गलत सोहबत में पड़ने का भय सताता है। यह नहीं भूलना चाहिए कि बच्चे साथ खेलने से परिवार के बाहर के लोगों से आत्मिक व्यवहार करना सीखते हैं। उनके साथ तालमेल बैठाना, बातचीत करना, शेयर करना, हारना-जीतना और छोटे-मोटे विवाद को निपटाना भी बच्चे दोस्तों के संग खेलने के दौरान ही सीखते हैं। ये सब बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी होता है।

**प्यार से समझाएं:** अकसर बच्चे खेलते-खेलते आपस में झगड़ भी पड़ते हैं। ऐसी स्थिति में बच्चे को दोस्त और दोस्ती के महत्व को प्यार से समझाना चाहिए, उनके बीच फिर से मेल कराने का प्रयास करना चाहिए। पुरानी बातों को याद दिलाकर अपने बच्चे के उस दोस्त की अच्छाइयों को बताना चाहिए। भूलकर भी बच्चों के आपसी विवाद में उनके पैरेंट्स से शिकायत नहीं करनी चाहिए और ना ही उनके घर झगड़ने जाना चाहिए।

**मदद करना भी सिखाएं:** अगर आपका बच्चा आपको बताता है कि उसका कोई दोस्त कई दिनों से स्कूल नहीं आ रहा है तो पता करने की कोशिश कीजिए कि क्या बात है? हो सकता है वो बीमार हो या उसके घर में कोई परेशानी आ गई हो। संभव हो तो अपने बच्चे के साथ उसके घर जाइए। अगर वो बीमार है तो इसका मतलब है स्कूल में पढ़ाए जाने वाले उसके चैप्टर छूट रहे होंगे। ऐसे में आप अपने बच्चे को प्रेरित करिए कि ठीक होने पर कोर्स पूरा करने में वह अपने दोस्त की जरूर मदद करे। इससे बच्चा समझेगा कि संकट के समय अपने दोस्तों की हर संभव मदद करनी चाहिए।

जब मौका हो फ्रेंडशिप-डे का तो आप अपनी सबसे प्यारी सहेली को कुछ यूनिक और स्पेशल गिफ्ट जरूर देना चाहेंगी। इस बार कुछ ऐसा दें, जो स्टाइलिश हो और आपकी फ्रेंड को स्पेशल भी फील कराए। जानिए, गिफ्ट के कुछ ऐसे ही यूनिक आइडियाज।

## बेस्ट फ्रेंड को दें स्पेशल गिफ्ट

आइडिया
श्वेता आयंगर



उपहार हमारी भावनाओं की अभिव्यक्ति का माध्यम होता है। कई मौकों पर हम उपहार के जरिए ही अपनी भावनाओं को प्रकट कर पाते हैं। तो फिर आने वाले फ्रेंडशिप-डे पर अपनी बेस्ट फ्रेंड से दोस्ती के अनमोल रिश्ते को और भी मजबूत बनाने के लिए आप कुछ खास उपहार देकर इस दिन को यादगार बना सकती हैं। जरूरी नहीं आपका गिफ्ट बहुत कीमती हो, लेकिन उसमें आपकी दोस्ती की फीलिंग झलकनी चाहिए।

**संजोकर दें खूबसूरत यादें:** आप अपनी फ्रेंडशिप पीरियड की यादें जैसे बचपन, स्कूल, कॉलेज, साथ में बिताए पलों से जुड़ी तस्वीरें लेकर उनका सुंदर-सा कोलाज बनाकर या वीडियोज बनाकर अपनी फ्रेंड को तोहफे के रूप में दे सकती हैं। ये यादें आपकी सहेली के लिए बेहद खास होंगी। इसके अलावा पर्सनलाइज्ड फोटो क्लॉक, डिजिटल फोटो फ्रेम, मेमोरी बुक या पिक्टोरियल मग आदि भी दे सकती हैं। हालांकि ये काफी पॉपुलर हैं लेकिन आपकी फ्रेंड को स्पेशल फील कराएंगे।



**हुनर से सजा दें गिफ्ट:** अगर आप थोड़ी क्रिएटिव हैं तो आप अपने हाथों से अपनी सहेली के लिए कार्ड, ब्यूटीफुल बैंड्स, रेजिन आर्ट की-चेन या कोस्टर आदि बनाकर उन्हें दे सकती हैं या अगर आप कुकिंग में एक्सपर्ट हैं तो उसकी पसंद की कोई डिश अपने हाथों से बनाकर खिला सकती हैं। अगर आपको कढ़ाई-बुनाई अच्छी तरह आती है, तो प्यारा सा स्टॉल, स्कार्फ, एक रूमाल का सेट (जिस पर दोस्त के नाम का पहला अक्षर उकेरा हो) भी डिजाइन करके दे सकती हैं। माना यह काफी पुराने तरीके हैं, लेकिन आज भी पसंद किए जाते हैं। क्योंकि इस तरह के तोहफे आपकी दोस्ती के रिश्ते को और प्यारा-अटूट बना देंगे।

**दे सकती हैं एसेसरीज:** फ्रेंडशिप-डे पर अपने फ्रेंड को गिफ्ट में एसेसरीज देना भी अच्छा ऑप्शन है। आप अपनी बेस्ट फ्रेंड को कुछ अट्रैक्टिव-स्टाइलिश एसेसरीज गिफ्ट में देना चाहती हैं तो आप कुछ अलग तरह के एसेसरीज को चूज करें। इसमें आप फ्रेंडशिप बैंड्स, ब्रेसलेट, ईयर रिंग्स, लॉकेट, पेंडेंट, बेल्ट, पर्स, बैग्स, हेयर एसेसरीज आदि गिफ्ट के तौर पर दे सकती हैं। ये आजकल स्टाइल स्टेटमेंट भी माने जा रहे हैं। इन्हें आपके फ्रेंड्स डेली यूज से लेकर पार्टी जैसे ऑकेजन में भी आसानी से कैरी कर सकते हैं। वहीं इनमें खास बात यह भी है कि इन एसेसरीज की डिजाइन को आप अपने दोस्त की पसंद के अनुसार भी कस्टमाइज करवा सकती हैं। यकीन मानिए, इस तरह के तोहफे आपके फ्रेंड को बहुत पसंद आएंगे।

**प्रेम भरी पाती:** आपके बेस्ट फ्रेंड के लिए सबसे अच्छा उपहार यह भी हो सकता है कि आप उसके लिए अपने मन की बात, कविता, फ्रेंडशिप से जुड़ी यादें, सब कुछ एक लैटर में लिखकर दे सकती हैं। आजकल मार्केट में कई तरह के खूबसूरत वुडेन लेटर होल्डर भी मिलते हैं। जिस पर नक्काशी किए हुए स्टैंड में एक खाली लैटरनुमा शीट होती है। यह खुशबूदार होता है। इस पर आप अपने दोस्त को संदेश लिखकर दे सकती हैं। इसके अलावा प्यारे बॉक्स भी आते हैं, जिसमें आप लैटर रखकर अपने फ्रेंड को दे सकती हैं। इसे देखकर आपके दोस्त के चेहरे पर मुस्कान आ जाएगी। मोबाइल और इंटरनेट के इस युग में आपका दिया इस प्रकार का प्यारा और भावनाओं से भरा तोहफा यकीनन आपके दोस्त का दिल छू लेगा।

**(एसेसरीज एक्सपर्ट राही महेश्वरी से बातचीत पर आधारित)**

## प्यारे दोस्तों के लिए अट्रैक्टिव फ्रेंडशिप बैंड्स

ट्रेंड
श्रुति

बदलते ट्रेंड के साथ फ्रेंडशिप बैंड्स भी बदलते जा रहे हैं। अब इन बैंड्स में कई लेटेस्ट वैरायटीज भी अवेलेबल हैं, जो काफी अट्रैक्टिव लगती हैं। आप इनमें से कोई भी अपने प्यारे फ्रेंड के लिए चुन सकती हैं। मार्केट में खूबसूरत फ्रेंडशिप बैंड्स की ढेरों वैरायटी देखने को मिल रही हैं। इनमें सिंपल से लेकर डिजाइनर लुक तक की बड़ी रेंज मौजूद हैं। इन्हें फ्रेंडशिप के अलावा नॉर्मल डेज में भी बांधा जा सकता है।



**थ्रेड बैंड्स:** सबसे क्लासिक और इमोशनल टच वाला बैंड माना जाता हैं थ्रेड फ्रेंडशिप बैंड। थ्रेड वाले क्रोशिए के ब्रांडेड फ्रेंडशिप बैंड्स आउट ऑफ फैशन नहीं होते। थ्रेड्स को अलग-अलग रंगों में नॉट करके ब्रेडेड स्टाइल दी जाती हैं। इनमें आपको ढेरों कलर और डिजाइन की वैरायटी मिल जाएगी। वैसे आजकल मल्टीकलर थ्रेड बैंड्स, सिंगल कलर क्लासिक स्टाइल, ट्राइबल थ्रेड बैंड्स काफी ट्रेंड में हैं।



**चार्म ब्रेसलेट स्टाइल बैंड्स:** चार्म बैंड्स युवा महिलाओं और कॉलेज गोइंग गर्ल्स के बीच बहुत ज्यादा पॉपुलर हैं। चार्म बैंड्स एक तरह के फ्रेंडशिप ब्रेसलेट होते हैं, जिनमें छोटे-छोटे मेटल, बीड या एक्रेलिक आइकन या फिगर लटकाए जाते हैं जैसे म्यूजिक नोटबुक, बटरफ्लाई मून, कॉफी कप, एनिमल, स्टार, कोट्स, एविल आई, लॉक-की, हार्ट या इंस्पायरिंग वर्ड आदि। इन्हें लकी चार्म माना जाता है। हर चार्म का कोई न कोई मतलब होता हैं। इन्हें एथनिक और इंडो वेस्टर्न दोनों स्टाइल की ड्रेस के साथ मैच किया जा सकता हैं। ये बैंड्स, लेयर्ड चेन या सिल्वर कंगन के साथ भी अच्छे लगते हैं। इस तरह के बैंड्स में, इनिशियल और मल्टी लेयर चार्म बैंड्स काफी ट्रेंड में हैं। इसमें एक नहीं बल्कि चार-पांच चार्म फिगर लगे होते हैं, जो आपको अलग लुक देंगे।



**डिजिटल फ्रेंडशिप बैंड्स:** ये सबसे अलग और इनोवेटिव फ्रेंडशिप बैंड्स हैं, जो आजकल काफी छाए हुए हैं। इस तरह के बैंड्स आप अपने फ्रेंड को दे सकती हैं। ये बैंड्स दिखने में बेहद स्टाइलिश लगते हैं। ये ऐसे बैंड होते हैं, जिसमें एक छोटा क्यू आर कोड प्रिंट या एम्बेडेड किया गया होता है। उस क्यू आर कोड को स्कैन किया जाता है तो वह आपकी ओर से रेडी किया गया कोई मैसेज, फोटो, वीडियो क्लिप, लिंक को खोलता है। ये बैंड्स आमतौर पर सिलिकॉन, लेदर या वाटरप्रूफ फैब्रिक के बने होते हैं। इन पर क्यूआर कोड को आर्ट की तरह डिजाइन किया जाता है।

**(एसेसरीज एक्सपर्ट स्मिता महेश्वरी से बातचीत पर आधारित)**

जन्म के बाद नवजात शिशु को पर्याप्त पोषण मिले, इसके लिए जरूरी है कि मां की डाइट भी न्यूट्रिशस हो। वर्ल्ड ब्रेस्ट फीडिंग वीक (1-7 अगस्त) के मौके पर आपको दे रहे हैं यूजफुल सजेशंस।

## ब्रेस्ट फीडिंग के दौरान ऐसी हो मां की डाइट

डाइट सजेशन
ललिता गोयल

बच्चे को जन्म देने के बाद हर मां चाहती है कि उसका शिशु हमेशा स्वस्थ रहे। इसके लिए शुरुआत के कुछ महीने मां का दूध सबसे अहम होता है। मां का दूध किसी भी नवजात शिशु की पहली खुराक होता है, जो उसे पोषण देने के अलावा उसकी इम्यूनिटी को मजबूत करता है और उसे बीमारियों से बचाता है। लेकिन क्या आप जानती हैं कि ब्रेस्ट फीडिंग के दौरान मां का खान-पान भी शिशु की सेहत से जुड़ा होता है? मां जैसी डाइट लेगी, शिशु को वैसा ही पोषण मिलेगा। ऐसे में जरूरी है कि स्तनपान कराने वाली मांओं की खुराक ऐसी होनी चाहिए, जो मिल्क सप्लाई को बढ़ाए और मां-बच्चे दोनों की पोषक जरूरतों को पूरा कर सके। आइए जानते हैं लैक्टेटिंग मदर का डाइट प्लान कैसा होना चाहिए?



**इन्हें करें डाइट में शामिल:** ब्रेस्टफीडिंग के दौरान मां को प्रोटीन से भरपूर खुराक लेनी चाहिए। यह मांस-पेशियों को मजबूती प्रदान करता है।

- ब्रेकफास्ट में मूंग दाल, पनीर सैंडविच या ओटमील ले सकती हैं। ओटमील, मिल्क सप्लाई बढ़ाने में मददगार होता है। साथ में एक मुट्ठी भिगोया हुआ मेवा और एक गिलास गुनगुना दूध ले सकती हैं।
- लंच और डिनर में लैक्टेटिंग मदर रागी, ज्वार और गेहूं के आटे से बनी रोटी, हरी सब्जियां जैसे पालक, बथुआ, सरसों का साग, मेथी का साग आदि खा सकती हैं। इससे उन्हें एनर्जी और फाइबर मिलेगा। हरी पत्तेदार सब्जियां आयरन, कैल्शियम, विटामिन सी का अच्छा स्रोत होती हैं। इसके अलावा वे दही और चिया सीड्स भी ले सकती हैं।
- शाम के समय स्तनपान कराने वाली मांएं केला, संतरा, नाशपाती, आड़ू, सेब, खरबूजा, चीकू, आम, एवोकाडो आदि फल खा सकती हैं। ये फल ब्रेस्ट फीडिंग मदर के लिए बहुत सेहतमंद होते हैं।
- स्तनपान कराने वाली मांओं को अपनी डाइट में आयरन रिच फूड्स लेने चाहिए। इसके लिए आयरन के कुछ सामान्य स्रोत जैसे दालें, फलियां, हरी पत्तेदार सब्जियां, तरबूज, अंडा और रेड मीट इत्यादि शामिल किए जा सकते हैं।



**इन बातों का रखें ध्यान:** फीड कराने वाली मांओं को कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

- दिन में तकरीबन तीन बार पोषक आहार लें और नाश्ते को कभी स्किप न करें। इसके अलावा दो से तीन बार हल्की खुराक भी लेनी चाहिए।
- ज्यादा शुगर और फैट वाले आहार को कम मात्रा में लें।
- आलू के चिप्स, चॉकलेट, केक और सॉफ्ट ड्रिंक्स जैसे हाई फैट और शुगर वाली चीजों को ना लें या कम खाएं।
- अल्कोहल और धूम्रपान से बचें।
- स्तनपान के दौरान डाइटिंग करने से बचें।
- दूध और उससे बने प्रोडक्ट्स जैसे दही, पनीर को रोजाना की डाइट में शामिल करें। बादाम, अखरोट, काजू जैसे सूखे मेवे, मौसमी फल और हरी सब्जियां भी जरूर लें।
- शरीर को हाइड्रेट रखें, इसके लिए दिनभर में कम से कम 7-8 गिलास पानी पिएं। साथ ही, नारियल पानी, नीबू पानी जैसे हेल्दी ड्रिंक्स लें।
- इस दौरान ओमेगा-3 युक्त फूड्स जैसे अलसी के बीज या फिश का सेवन भी फायदेमंद रहता है।

**(डाइटीशियन शीला सहरावत से बातचीत पर आधारित)**

# बेटी पैदा होने पर लाडो सखी को एक हजार मिलेंगे, एक राशन डिपो एसएचजी की महिलाओं को दिया जाएगा

## अंबाला में सीएम ने लाडो सखी योजना और डिजिटल लर्निंग इकोसिस्टम का किया शुभारंभ, दी कई सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

तीज का पावन पर्व इस बार महिलाओं के लिए एक नई उम्मीद की सौगात लेकर आया। तीज के पर्व पर भाई द्वारा अपनी बहन को कोथली देने की परंपरा निभाते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महिलाओं को कल्याणकारी योजनाओं रूपी कोथली भेंट की। सोमवार को अंबाला में तीज उत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को और अधिक गति देने के लिए 'लाडो सखी' योजना का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं की देखभाल के लिए 'लाडो सखी' को लगाया जाएगा। यह 'लाडो सखी' आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर व एएनएम बहनें गर्भवती महिलाओं की प्रसव के दौरान देखभाल करेंगी। इस योजना के तहत बेटी पैदा होने पर हर 'लाडो सखी' को 1 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसके





साथ ही मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि हर विकास खंड में एक राशन डिपो स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की महिलाओं को दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान, मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेशभर में 131 महिला सांस्कृतिक केन्द्रों का उद्घाटन किया। इन केंद्रों में महिलाएं भजन, गीत, नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम कर सकेंगी। मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि महिलाओं के रोजगार को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा की महिलाओं को रोजगार देने वाली इकाइयों को अतिरिक्त सब्सिडी प्रदान करेगी।महिला उद्यमियों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए सार्वजनिक खरीद मानदंडों में छूट प्रदान करेगी।

### हरियाणा स्टेट चैप्टर शुरू होगा

सैनी ने कहा कि नीति आयोग के सहयोग से, महिला उद्यमिता मंच का 'हरियाणा स्टेट चैप्टर' शुरू करेगी ताकि राज्य की महिला उद्यमियों को 700 से अधिक सलाहकारों के नेटवर्क से व्यक्तिगत मार्गदर्शन मिले, क्षेत्र-विशेष का प्रशिक्षण मिले और सहायता मिल सके।

### हस्तशिल्पी को एक लाख

हाथ से बनाई जाने वाली चीजों, जैसे पारंपरिक कपड़ा, ग्रामीण शिल्प, हेल्थ एंड वैलनेस, देसी खाद्य उत्पादों आदि में बनाने में लगे महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स की सहायता के लिए एक योजना शुरू की जाएगी। इसमें 50 हजार से 1 लाख रुपये तक की मदद दी जाएगी।

### महिलाओं के स्टार्टअप्स होंगे

मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ियों में 'बढ़ते कदम डिजिटल बाल कार्यक्रम' शुरू करने की घोषणा की। स्टार्टअप्स नीति में 50 प्रतिशत लाभार्थी महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स होंगे। छोटी उम्र में ही उद्यमशीलता में रुचि को बढाने के लिए छात्राओं को 10 हजार 'डु-इट-योअर सेल्फ' किट दी जाएगी।

## खबर संक्षेप



### सहकारिता राजपत्रित अधिकारी संघ के अध्यक्ष बने मनोज गुप्ता

**भोपाल।** रविवार को मप्र सहकारिता विभाग राजपत्रित अधिकारी संघ की बैठक आयोजित हुई। बैठक में अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता को सर्वसम्मति से संघ का अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर संघ के संरक्षक सेवानिवृत्त अपर आयुक्त अरुण माथुर, ब्रजेश शरण शुक्ल व पीएस तिवारी की उपस्थिति में सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें संयुक्त आयुक्त अरुणा दुबे एवं महेंद्र दीक्षित को उपाध्यक्ष, संयुक्त आयुक्त केके द्विवेदी को जनरल सेक्रेटरी, आरएस विश्वकर्मा उपायुक्त को कोषाध्यक्ष जबकि

### आम आदमी पार्टी डोडाचूरा के संबंध में देंगी ज्ञापन

**भोपाल।** आम आदमी पार्टी डोडाचूरा के सम्बन्ध में 29 जुलाई को प्रदेशभर में ज्ञापन सौंपेगी। यह ज्ञापन मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति के नाम से कलेक्टर कार्यालय में सौंपे जाएंगे। आम आदमी पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी रमेश गुर्जर ने बताया कि नीमच, मंदसौर, रतलाम जिले में हजारो किसान अफीम काश्तकार है और वर्तमान में कई सालों से अफीम कास्तकारो का डोडा चूरा खरीदने के सम्बन्ध में कोई स्पष्ट नीति सरकार द्वारा नहीं बनाई गई है। पुलिस द्वारा केस दर्ज किए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर डोडा चूरा किसानों से खरीदी को लेकर भी असमंजस बना हुआ है।

## आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास ने समीक्षा के बाद 8 ठेकेदारों को किया ब्लैक लिस्ट

# नगरीय निकायों के विकास कार्यों में अनियमितता बरतने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध होगी सख्त कार्रवाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास संकेत भोंडवे ने कहा कि नगरीय क्षेत्र में विकास कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन ठेकेदारों ने कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी की है और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर निविदा प्रक्रियाओं को प्रभावित किया है, उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। जारी आदेश के अनुसार जिन ठेकेदारों के खिलाफ भी जांच की प्रक्रिया जारी है। उन्हें जल्द ही ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। इस कठोर कदम के माध्यम से विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्वक और समय पर पूरे हों। अभी 8 कंपनियों के ठेकेदारों को उनके कार्यो आदि के परीक्षण के बाद ब्लैकलिस्ट किया गया है। यह कंपनियां आगामी निविदा प्रकियाओं में भाग नही ले सकेंगी।

### यह हैं ब्लैक लिस्टेड कंपनियां

नगरीय प्रशासन विभाग ने जिन कंपनियों को ब्लैक लिस्ट किया है, उनमें मे. यादव ट्रेडर्स (खरगौन), मे. हेमन्त जैन एण्ड एसोसिएट्स (इन्दौर), मे. कार्तिक इन्टरपाईजेस (इन्दौर), मे. शिवम कन्स्ट्रक्शन (शिवपुरी), मे. विक्की कुमार तुरकोलिया (चम्पारण, बिहार), मे. यशोदा मार्केटिंग (पटना, बिहार), मे. केएलडी क्रिएशन इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रालि (कानपुर, उत्तरप्रदेश) और मै. पौराणिक ट्रेडर्स नागौद शामिल हैं। इसके अलावा अमृत 2.0 योजना में 44 निविदाकारों की ओर से निविदा स्वीकृत होने के उपरांत अनुबंध की कार्रवाई नहीं करने से गुण दोष के आधार पर सस्पेंशन और ब्लैकलिस्टिंग पर भी विचार किया जा रहा है।

### कार्यों की धीमी गति होगी दुरुस्त

आयुक्त भोंडवे ने बताया कि यह कार्रवाई विभाग की ओर से गुणवत्ता सुधार और कार्यों की धीमी गति को दुरुस्त करने के लिए एक मिशन के रूप में की जा रही है। इसके तहत ठेकेदारों की ओर से की गई अनियमितताओं और खराब गुणवत्ता के कारण उन्हें ब्लैकलिस्ट किया गया है। अब वे भविष्य में लोक निर्माण विभाग के पोर्टल पर काली सूची में दर्ज होंगे।

# आंगनबाड़ियों और खेल से सीखने की शक्ति को बढ़ावा मिलेगा

### आनंदमय शिक्षा का परिपोषण करने आंगनबाड़ियों का मनाया उत्सव



एकीकृत बाल विकास सेवाओं (आईसीडीएस) की 50 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में केईएफ फाउंडेशन ने एक विशेष कार्यक्रम बचपन का त्यौहार का आयोजन किया। इसने 3 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए आनंदमय शिक्षा का परिपोषण करने वाले स्थान के रूप में आंगनवाड़ियों का उत्सव मनाया।

### एसीएस शमी ने पुस्तक का विमोचन किया

इस मौके पर महिला एवं बाल विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव (एसीएस) रश्मि अरुण शमी ने 'बचपन का त्यौहार' नामक एक कहानी-पुस्तक का विमोचन किया। एसीएस श्रीमती शमी ने कहा कि यह खेल सीखने का सबसे अच्छा तरीका है, बच्चे यह बिना कुछ जाने ही सीख जाते हैं। खासकर छोटे बच्चों के लिए, यह उनके बचपन का आनंद लेने का सबसे अच्छा तरीका है। माता-पिता के लिए भी इसमें शामिल होने का एक बेहतरीन तरीका है। आंगनवाड़ी केंद्र इसे और बेहतर बना सकते हैं, ताकि हर बच्चा फल-फूल सके। छतरपुर की एक गौरवान्वित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने कहा, हम सिर्फ बच्चों को पढ़ाने तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि हम भी उनसे हर दिन सीखते हैं। यह मेरे केंद्र में आने वाले बच्चों, उनके अभिभावकों, सरकारी विभाग और समुदाय के बीच एक मजबूत बंधन और जोश भरा सहयोग है। आंगनवाड़ी केंद्र, जो अक्सर ग्रामीण भारत की शिक्षा का आधार होते हैं, बच्चों को जुड़ाव, जिज्ञासा और सामूहिक देखभाल का एक विरल आवरण प्रदान करते रहते हैं।

## इंदौर मेट्रो का पूरा सेक्शन इसी साल के अंत तक शुरू करने की तैयारी: सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर मेट्रो ट्रेन के शेष कार्यों की प्रगति की जानकारी मीडिया को दी। उन्होंने कहा कि इंदौर में मेट्रो ट्रेन की सेवाएं शुरू हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि इंदौर मेट्रो का पूरा सेक्शन, जो सुपर कॉरीडोर से मालवीय नगर चौराहा (रेडिसन चौराहा) तक इसी साल के अंत तक शुरू हो जाए। इससे इंदौर शहरवासियों को पूर्ण मेट्रो ट्रेन सुविधा मिल सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि इंदौर और भोपाल में विश्वस्तरीय मेट्रो ट्रेन सेवा समय पर शुरू हो, जिससे आमजन को सार्वजनिक परिवहन का एक सरल, सहज, सुगम, बेहतर और सुरक्षित माध्यम मिल सके।





### उप महानिरीक्षक अविनाश संजीव को किया सम्मानित

**भोपाल।** केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीआरपीएफ का 87वां स्थापना दिवस आयोजित किया गया। समारोह की शुरूआत शहीदों के श्रद्धांजली अर्पण से हुई। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एमपी के सेक्टर के महानिरीक्षक सुमनकान्त तिग्गा के द्वारा सीआरपीएफ के महत्व के बारे में बताते हुए अफसरों और जवानों का मनोबल बढ़ाया। इस मौके पर अविनाश शरण उप महानिरीक्षक ग्रुप केन्द्र भोपाल, संजीव रंजन उप महानिरीक्षक ग्रुप केन्द्र भोपाल को महानिदेशक केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा विशेष प्रशंसा डिस्क और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर बॉलीबाल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

**दौराई-गोड्डा-दौराई (वाया दिल्ली जं.) के बीच नई एक्सप्रैस (साप्ताहिक) रेल सेवा का शुभारंभ**

समस्त रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा निम्नलिखित एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) दौराई–गोड्डा–दौराई स्टेशनों के बीच शुरू करने का निर्णय लिया गया है। विवरण निम्नानुसार हैः–

रेलगाड़ी संख्या 19603/19604 दौराई–गोड्डा–दौराई साप्ताहिक एक्सप्रेस

| रेलगाड़ी सं. 19603 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 19604 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 15:30 | दौराई | 17:20 | ---- |
| 15:45 | 15:55 | अजमेर जं. | 16:45 | 16:55 |
| 16:26 | 16:28 | किशनगढ़ | 15:44 | 15:46 |
| 17:13 | 17:15 | फुलेरा जं. | 15:02 | 15:04 |
| 18:10 | 18:13 | रींगस जं. | 12:40 | 12:45 |
| 18:52 | 18:54 | नीम का थाना | 11:51 | 11:53 |
| 19:46 | 19:48 | नारनौल | 11:17 | 11:19 |
| 20:01 | 20:03 | अटेली | 10:55 | 10:57 |
| 21:10 | 21:15 | रेवाड़ी जं. | 10:15 | 10:20 |
| 21:50 | 21:52 | गुड़गाँव | 09:28 | 09:30 |
| 23:05 | 23:15 | दिल्ली जं. | 08:15 | 08:30 |
| 23:51 | 23:53 | गाजियाबाद | 07:23 | 07:25 |
| 01:00 | 01:02 | अलीगढ़ जं. | 04:00 | 04:02 |
| 02:03 | 02:05 | टूंडला जं. | 02:08 | 02:10 |
| 03:05 | 03:07 | इटावा जं. | 00:50 | 00:52 |
| 04:50 | 04:55 | गोविन्दपुरी | 22:30 | 22:35 |
| 05:58 | 06:00 | फतेहपुर | 21:05 | 21:07 |
| 07:20 | 07:25 | सूबेदारगंज | 19:55 | 20:00 |
| 08:40 | 08:42 | मिर्जापुर | 18:30 | 18:32 |
| 09:10 | 09:12 | चुनार जं. | 17:48 | 17:50 |
| 10:30 | 10:40 | पं. दीन दयाल उपाध्याय | 17:00 | 17:10 |
| 11:24 | 11:26 | भभुआ रोड | 15:35 | 15:37 |
| 12:02 | 12:04 | सासाराम | 14:54 | 14:56 |
| 12:22 | 12:24 | डेहरी ऑन सोन | 14:40 | 14:42 |
| 13:55 | 14:00 | गया जं. | 13:20 | 13:25 |
| 14:55 | 14:57 | तिलैया जं. | 10:35 | 10:37 |
| 15:13 | 15:15 | नवादा | 10:13 | 10:15 |
| 15:50 | 15:52 | शेखपुरा | 09:28 | 09:30 |
| 16:55 | 17:00 | किऊल जं. | 08:53 | 08:58 |
| 18:50 | 18:55 | झाझा | 08:10 | 08:15 |
| 19:32 | 19:37 | जसीडीह जं. | 06:36 | 06:41 |
| 19:45 | 19:50 | देवघर | 06:18 | 06:23 |
| 19:59 | 20:01 | मोहनपुर | 06:02 | 06:04 |
| 20:42 | 20:44 | हंसडीहा | 05:30 | 05:32 |
| 21:22 | 21:24 | पौड़ेयाहाट | 05:12 | 05:14 |
| 22:20 | ---- | गोड्डा | ---- | 05:00 |

चलने के दिन : 19603 दौराई (अजमेर जं.) से प्रत्येक रविवार दिनांक 03.08.2025 से एवं 19604 गोड्डा से प्रत्येक मंगलवार दिनांक 05.08.2025 से।
स्थान: 2 टीयर वाता., 3 टीयर वाता., 3 टीयर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2299/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, डिप्टी सीएम शर्मा भी रहे मौजूद

# सीएम साय ने पुष्पवर्षा कर किया कांवड़ियों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कबीरधाम



सावन माह के तीसरे सोमवार को छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में स्थित बाबा भोरमदेव में एक बार फिर श्रद्धा, भक्ति और सनातन आस्था का जीवंत प्रतीक बन गया है। यहां आज सुबह करीब 11.30 बजे सीएम विष्णुदेव साय ने हेलीकॉप्टर से भोरमदेव मंदिर परिसर पहुंचकर कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं, भक्तों व कांवड़ियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यह लगातार दूसरा वर्ष है, जब सीएम ने स्वयं श्रद्धालुओं का पुष्प वर्षा से स्वागत किए है। यह आयोजन छत्तीसगढ़ सरकार की सनातन परंपरा, लोक आस्था व श्रद्धालुओं के प्रति सम्मान के भाव को दर्शाता है, जो राज्य के सांस्कृतिक मूल्यों को संजोने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल है। उनके साथ विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह, डिप्टी सीएम विजय शर्मा व अरुण साव भी मौजूद थे। इसके बाद सभी ने मंदिर में पूजा अर्चना की। बता दें कि सावन माह में भोरमदेव मंदिर का विशेष धार्मिक महत्व है। तीसरे सोमवार होने के कारण श्रद्धालुओं की संख्या और उनकी आस्था दोनों ही चरम पर है। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम, बेमेतरा, खैरागढ़, राजनांदगांव, बलौदा बाजार, मुंगेली, बिलासपुर समेत अन्य जिलों से हजारों की संख्या में कांवड़िए भोरमदेव पहुंचते हैं। साथ ही, मां नर्मदा नदी के उद्गम स्थल अमरकंटक से जल लेकर पदयात्रा करते हुए भोरमदेव मंदिर पहुंचते हैं और भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हैं।


वन कर्मचारियों की बैठक में पारित हुआ छह सूत्रीय प्रस्ताव

# वन कर्मचारी नौ अगस्त से शुरू करेंगे पोस्टकार्ड आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लंबित मांगों का निराकरण नहीं होने से आक्रोशित वन कर्मचारी नौ अगस्त से पोस्टकार्ड आंदोलन शुरू करने जा रहे है। रविवार को इंदिरा निकुंज नर्सरी 74 बंगला में आयोजित मप्र कर्मचारी मंच वन विभाग की बैठक में यह निर्णय लिया गया। प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 9 अगस्त 2025 से छह सूत्रीय मांगों के समर्थन में मुख्यमंत्री के नाम प्रांत व्यापी पोस्टकार्ड आंदोलन शुरू किया जाएगा।

पांडे ने बताया कि बैठक में छह सूत्रीय मांगों का प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें वन रक्षकों को 5680/1900 ग्रेड पे का वेतनमान सन 2006 से देने, दैनिक वेतन भोगी से वन रक्षक बने वन रक्षकों को दैनिक वेतन भोगी सेवा कल की





वरिष्ठता देने, कंप्यूटर ऑपरेटर को संविदा नियुक्ति एवं पीएफ सुविधा का लाभ देने, स्थाई कर्मियों को चतुर्थ श्रेणी के पद पर नियमित करने, वाहन चालकों को नियमित वेतनमान देने एवं बीमा करने, सुरक्षा श्रमिकों को तीन साल की सेवा के बाद अर्द्ध कुशल का वेतन एवं पांच साल की सेवा के बाद कुशल श्रमिक का वेतन भुगतान करने की प्रमुख मांग शामिल की गई है। बैठक में निर्णय लिया गया कि छह संवर्ग के वन कर्मचारी एक अगस्त को प्रधान मुख्य वन संरक्षक हाफ को छह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपेंगे।

### आईएएस नियाज खान ने मुस्लिम देशों को जमकर लगाई फटकार

**भोपाल।** मप्र कॉडर के सीनियर आईएएस नियाज खान ने सऊदी अरब समेत सभी मुस्लिम देशों को जमकर फटकार लगाई है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम देशों का रवैया देखकर उन्हें मुस्लिम कहलाने में शर्म महसूस होती है। उन्होंने कहा कि सऊदी अरब को इस्लाम की जन्म स्थली माना जाता है, पर मुस्लिमों पर जहां भी मुसीबत आती है, यह देश नपुंसक बन जाते हैं। मुझे तो मुसलमान कहलाने में शर्म आ रही है। आईएएस खान ने कहा कि मेरे विचार से 57 मुस्लिम देशों में इस्लाम सऊदी अरब से ही पहुंचा है। ऐसे में दुनिया में मुसलमान पर कहीं भी मुसीबत में हो तो, सऊदी अरब को पहले आवाज उठानी चाहिए। जिस प्रकार से फिलिस्तीनियों की हत्याएं गाजा में हो रही है, सऊदी अरब मौन धारण किए हुए हैं।

### 6 अन्य ठिकानों पर चल रही कार्रवाई, सोना-चांदी के आभूषण भी जब्त

# सतर्कता विभाग की दबिश, डिप्टी रेंजर के घर मिले डेढ़ करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबदलपुर

बस्तर से लगे ओड़िसा में रविवार की सुबह सतर्कता विभाग की टीम ने वन विभाग के डिप्टी रेंजर के घर दबिश दी, इस कार्रवाई में डिप्टी रेंजर के घर से डेढ़ करोड़ रुपये नगद के अलावा उनके 6 ठिकानों में कार्रवाई की गई। बता दें कि बस्तर से सटे ओड़िशा के रेंज में बड़ी कार्रवाई देखने को मिली है। यहां आय से अधिक संपत्ति मामले में सतर्कता विभाग ने वन विभाग के डिप्टी रेंजर रामचंद्र नेपक के 6 ठिकानों पर



छापेमारी की है। जैपुर और भुवनेश्वर समेत 6 जगहों पर छापेमारी के दौरान गोल्डन हाइट्स अपार्टमेंट से भारी मात्रा में नकदी और सोना मिला है। अब तक विजिलेंस डेढ़ करोड़ रुपए से ज़्यादा नगद जब्त कर चुकी है। इसके साथ ही विजिलेंस ने भारी मात्रा में सोने और चांदी के आभूषण भी जब्त किए हैं। जैपुर विजिलेंस एसपी रवींद्र कुमार पांडा के नेतृत्व में छापेमारी अभी भी चल रही है। इस खबर को इसलिए महत्वपूर्ण माना जा था है कि ओड़िशा और बस्तर की सरहद पर बसे माचकोट-तिरिया इलाके में घना जंगल है, जबकि ओड़िशा का जंगल पूरी तरह से साफ हो चुका है। ऐसे में इस संभावना को बल मिलता है कि ओड़िशा के वन अमले के संरक्षण में लकड़ी तस्कर कहीं बस्तर के जंगलों को चट तो नहीं कर रहे, जिसकी शिकायत आए दिन मिलती रहती है।

# नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगेंगे बीएसएनएल के 400 टॉवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित और दूरस्थ इलाकों में डिजिटल संचार को सशक्त बनाने के लिए 400 नए बीएसएनएल टावर लगाने की योजना पर कार्य कर रही है। ग्रामीण विकास और दूरसंचार राज्यमंत्री डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर ने रायपुर में कहा कि इन टावरों की स्थापना के लिए सुरक्षा बलों और वन विभाग से आवश्यक मंजूरी मिलने के बाद चरणबद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया, 'बीएसएनएल आज देश में उच्च गुणवत्ता की 4जी सेवाएं दे रहा है और इस विस्तार के साथ हम देश के अंतिम गांव तक डिजिटल कनेक्टिविटी पहुंचाने के मिशन को साकार कर रहे हैं।' डॉ. शेखर ने रायपुर में आयोजित एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें ग्रामीण विकास विभाग, डाक विभाग, दूरसंचार विभाग और भारत संचार निगम लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान मंत्री ने राज्य सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी योजनाओं के तेज़ और प्रभावशाली क्रियान्वयन पर संतोष जताया। उन्होंने कहा कि ये योजनाएं ग्रामीण आधारभूत संरचना और आवास क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन ला रही हैं। राज्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में 'पिंक ऑटो' जैसे नवोन्मेषी प्रयास किए जा रहे हैं।

## चिंतन

# जवाब सुनने का धैर्य रखे विपक्ष, केवल हंगामा न करे

संसद सत्र के दौरान विपक्ष अगर किसी मुद्दे पर चर्चा चाहता है और किसी प्रश्न का जवाब चाहता है तो उसमें सुनने का धैर्य भी होना चाहिए और सरकार से मिले जवाब पर भरोसा भी करना चाहिए। सवालों के जरिये यदि विपक्ष की मंशा संसद में हंगामा कर ठप करने की है और मकसद केवल राजनीति करना है, तो फिर वो अपनी संसदीय भूमिका नहीं निभा रहा है। संसद का मानसून सत्र शुरू होने के दिन से कांग्रेस समेत इंडिया ब्लॉक के सभी विपक्षी दल पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के संघर्ष विराम कराने के दावे, मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण आदि मुद्दों पर चर्चा की मांग करते रहे हैं। सरकार ने सर्वदलीय बैठक में भी विपक्ष को आश्वासन दिया कि वह सभी मुद्दों पर नियम के दायरे में चर्चा के लिए तैयार है। अब सरकार अगर संसद में विपक्ष के प्रश्नों के संदर्भ में सिलसिलेवार जवाब दे रही है, तो विपक्ष न सुनने समझने के लिए तैयार है न ही यकीन करने करने को राजी है। लगता है कांग्रेस ने एक ही ध्येय बना लिया है कि येनकेन प्रकार संसद में हंगामा करना है और सत्र नहीं चलने देना है। ऐसा इसलिए लग रहा है कि सोमवार को जब संसद में कांग्रेस ने तीखे सवाल किए तो सरकार की ओर से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और गृहमंत्री अमित शाह ने बारी बारी से जवाब दिए, लेकिन इस दौरान कांग्रेस समेत इंडिया ब्लॉक के विपक्षी नेता हंगामा व नारेबाजी करते रहे। विपक्ष ने सरकार से जो सवाल पूछे हैं कि 100 दिन बीतने के बाद भी पहलगाम हमले के आतंकी अब तक क्यों नहीं पकड़े गए, ऑपरेशन सिंदूर अचानक क्यों रोका गया, भारत व पाक के बीच संघर्ष विराम को लेकर ट्रंप के दावों में कितनी सच्चाई है और पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के कितने लड़ाकू विमानों को नुकसान पहुंचा? आदि स्वाभाविक व जायज सवाल हैं, लेकिन विपक्षियों को सरकार का जवाब भी सुनना चाहिए और उस पर भरोसा करना चाहिए। विपक्ष के सांसद भी भारत के ही हैं और वे इसी देश की जनता के प्रतिनिधि हैं, इसलिए उनका दृष्टिकोण भी राष्ट्रीय होना चाहिए। उनके सवाल पूछने व उठाने के तरीकों से लगता है कि जैसे वे भारत के सांसद ही न हों। पुलवामा व उरी हमले के बाद हुए सर्जिकल स्ट्राइक व एयर स्ट्राइक के दौरान में कांग्रेस राष्ट्रीय हद से पार जाकर अपनी ही सेना की क्षमता को कटघरे में खड़ा कर रही थी। कम से कम सैन्य ऑपरेशन व कूटनीति-विदेश नीति के मसले पर तो देश में पचास से अधिक वर्ष शासन करने वाली कांग्रेस को तो राष्ट्रीय समझ के साथ सवाल उठाने चाहिए और आरोप लगाने चाहिए। संसद में सरकार ने साफ जवाब दिया कि ऑपरेशन सिंदूर सफल सैन्य एक्शन था, आतंकियों को सबक सिखाया गया, पाकिस्तान के हमले का करारा जवाब दिया गया, 8भारत व पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम में राष्ट्रपति ट्रंप की कोई भूमिका नहीं है, बल्कि 22 अप्रैल से 17 जून के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच कोई सीधी बातचीत नहीं हुई, तो विपक्ष को जवाब पर भरोसा होना चाहिए। प्रधानमंत्री भी यह स्पष्ट कर चुके हैं कि ट्रंप का दावा महज दावा ही है। हालांकि अभी तक पहलगाम आतंकी हमले के गुनहगार पांच दहशतगर्दों का नहीं पकड़ा जाना पीड़ितों को न्याय की दिशा में बाधा है। कांग्रेस को सैन्य मसलों पर राजनीति छोड़ राष्ट्रीय हित में कम करना चाहिए। संसद में हंगामा कर उसे ठप नहीं किया जाना चाहिए।

## समसायिक

पंकज झा



# चर्च और कांग्रेस : यह रिश्ता क्या कहलाता है!

एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार देश भर में रोज तकरीबन 18 हजार मुकदमें दर्ज किए जाते हैं। इन मुकदमों में जघन्य अपराधों से लेकर सामान्य अपराधों के विषय भी शामिल होता हैं। जमानतीय से लेकर गैर जमानतीय तक। हत्या से लेकर बलात्कार और धर्मांतरण तक के। चोरी और डकैती, तस्करी आदि से संबंधित भी। आप कल्पना कीजिए, अगर ऐसे हर अपराध दर्ज होने के बाद मुख्य विपक्षी कांग्रेस संसद तक को घेरने लगे, उसके तमाम बड़े कहे जाने वाले नेतागण ट्वीट/पोस्ट आदि करने लगे, तो कैसा होगा! कानून-व्यवस्था तक की स्थिति उसके बाद क्या होगी? ऐसा ही अटपटा मामला छत्तीसगढ़ में दो नन की गिरफ्तारी का है। सवाल यह है कि क्या हर मामले में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर ही अब कोई प्राथमिकी दर्ज की जा सकती है? या कुछ विशेष संप्रदायों के मामले में यह तय किया जाएगा कि इन संप्रदायों से जुड़े विषयों पर राहुलजी की राय पहले ली जाय? क्या ऐसी कोई व्यवस्था संविधान में है? हर आरोपी को अंततः विहित व्यवस्था के तहत न्यायिक प्रक्रियाओं का सामना करना तो पड़ता ही है न? अगर आपको किसी आरोप में निरुद्ध किया गया है, तो न्यायिक व्यवस्था के तहत आपको अपना पक्ष कोर्ट में रखना ही होगा, दोषमुक्ति होने का और कोई उपाय है क्या?

छत्तीसगढ़ के बस्तर में नारायणपुर से कुछ आदिवासी लड़कियों को नौकरी का झांसा देकर आगरा ले जाने की सूचना पर दुर्ग पुलिस ने छापा मारा, और सूचना सही पाए जाने पर आरोपी महिला जो ईसाई मिशनरी से संबंधित थी, उसे गिरफ्तार कर लिया गया। ऐसे न जाने देश भर में कितने मामले होते होंगे। विशेषकर आदिवासी क्षेत्रों में ह्यूमन ट्रैफिकिंग एक बड़ी समस्या है, जिस पर लगातार सरकारें कार्रवाई करती ही हैं। ऐसी कोई भी कारवाई कभी भी राजनीतिक मामला नहीं बनता है। हाल के दिनों में केवल जनवरी-जुलाई 2024 तक, छत्तीसगढ़ पुलिस ने 50 से अधिक तस्करी पीड़ितों को बचाया, जिनमें अधिकांश महिलाएं और बच्चे थे। पिछले वर्ष के एक मामले में तो छत्तीसगढ़ पुलिस ने रायपुर में एक अंतरराज्यीय तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ किया, जिसमें 15 नाबालिग लड़कियों को दिल्ली भेजा जा रहा था। तब भी 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। जुलाई 2024 में रायपुर में तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ कर 8 नाबालिग लड़कियों को बचाया गया। मई 2024 में बस्तर से एक 12 बच्चों को तस्करी से बचाया, जो ईंट भट्टों में काम करने के लिए ले जाए जा रहे थे। इससे पहले सुरजपुर में पुलिस ने सामाजिक संगठनों की सहायता से 10 बच्चों को बचाया, फिर आदिवासी समुदायों से युवतियों को नौकरी का झांसा देकर तस्करी करने के कई मामले दर्ज किए गए।

मानव तस्करी का यह कृत्य न केवल बच्चियों को देह व्यापार में धकेलने संगठित रूप से यह किया जा रहा है, बल्कि अंग तस्करी आदि के लिए भी ऐसे घृणित अपराध होने की सूचना है। आखिर छत्तीसगढ़ के एक जिले से दो महिलाओं की गिरफ्तारी में ऐसा क्या विशेष है, जिसके कारण समूचे देश में कांग्रेस की बासी कढ़ी में इतना उबाल आ गया। अन्य विषयों से इसमें विशेषता केवल यह थी कि दोनों आरोपी महिला आईएसआई मिशनरी से जुड़ी थी और 'नन' थी। तो क्या छत्तीसगढ़ में पुलिस को अब कोई कार्रवाई करने से पहले यह देखना पड़ेगा कि आरोपी कोई ईसाई या मुस्लिम न हो? अगर ऐसे किसी के खिलाफ मुकदमें आदि दर्ज किए गए, तो कांग्रेस इस तरह अपनी समूची ताकत बस्तर की बेटियों का सौदा करने वालीं के पक्ष में झोंक देगी? जिस संविधान की बड़ी बड़ी बात राहुल गांधी जी करते हैं, क्या वह संविधान ऐसे किसी कृत्य की इजाजत देता है? क़ानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिम्मेदार प्रदेश की सरकार को आखिरकार क्यों केंद्रीय कांग्रेस से कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र चाहिए भला? इससे पहले भी अनेक घटनाएँ हुई जिसमें केवल मत विशेष का होने के कारण कांग्रेस ने आँख मूँद कर समर्थन दिया। बस्तर में कमिश्नर और एसपी ने अलग-अलग पत्र लिख कर तब की भूपेश बघेल सरकार को ईसाई मिशनरियों में कारण पैदा हो रहे संकट से अवगत कराया था। लेकिन बजाय कोई सार्थक कदम उठाने में संदिग्धों से तब के मुख्यमंत्री दिल्ली में मुलाकात कर आए और बकायदा ट्वीट कर इसकी जानकारी भी साझा की थी। फिर कांग्रेस के ही विधायक ने तब मिशनरियों की सभा लेकर आदिवासियों के खिलाफ उनकी लड़ाई में साथ देने का वादा किया था। उस समय मिशनरियों के मंसूबे इतने आसमान पर थे कि राजधानी रायपुर में एक मिशनरी ने संविधान जलाने की धमकी तक दी थी, फिर भी तब की कांग्रेस सरकार न केवल उन तमाम हरकतों के विरुद्ध तटस्थ रही थी, बल्कि प्रत्यक्ष-परोक्ष रूप से उसे हवा भी देती रही थी।

बात चाहे भ्रष्टाचार की हो या तस्करी की, क़ानून व्यवस्था का विषय हो या साम्प्रदायिक मतांतरण आदि का। कांग्रेस को असुविधा पैदा करने वाले मुद्दों पर इस तरह न्याय प्रणाली के विरुद्ध झोंक देना, किसी अज्ञात दबाव में समूचे सिस्टम को बंधक बनाने की ऐसी कोशिश निंदनीय है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में क़ानून की दृष्टि में सभी एक हैं। सबको न्यायिक उपचार लेने का अधिकार है। लेकिन इस प्रणाली पर दबाव बनाना, किसी भी अज्ञात आरोपी के पक्ष में स्वयं ही कूद कर नतीजे पर पहुँच जाना। ख़ुद ही वकील, अपील और दलील बन जाना अनुचित है। नैसर्गिक न्याय का सिद्धांत है कि सौ दोषी भले बच जाये, पर किसी एक भी दोषी को सजा नहीं मिले, ऐसे उदार तंत्र पर भरोसा नहीं कर देश भर में गलत तरीके से माहौल बना कर कानून या संविधान को बंधक बनाने की साजिश सफल नहीं होने दी जायेगी। ऐसी गलत परिपाटी से किसी भी राजनीतिक समूह को बचना चाहिए।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

# शिक्षा क्षेत्र की कायापलट की जरूरत



**एनईपी के 5 वर्ष**

डॉ. ऐश्वर्या झा

> शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए नीति की जरूरत होती है। गुलाम मानसिकता के प्रतीक मैकाले की शिक्षा पद्धति को परिवर्तित करने के उद्देश्य से कोठारी आयोग (1964-1966) के अनुशंसा पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति वर्ष 1986 में पहली बार लागू और वर्ष 1992 में इसमें संशोधन किया गया था। 29 जुलाई, 2020 को 'मानव संसाधन विकास मंत्रालय' द्वारा के कस्तूरीरंगन समिति की अनुशंसा पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की घोषणा हुई, जिसमें समता, गुणवत्ता, वहनीयता और उत्तरदायित्व जैसे मुद्दों पर विशेष बल दिया हैं एवं इस वर्ष इस नीति के पांच वर्ष पूरे हुए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति चार स्तरों - स्कूली शिक्षा, उच्च शिक्षा, शिक्षक शिक्षा, और व्यावसायिक एवं प्रौढ़ शिक्षा - में शैक्षिक ढाँचे को पुनर्परिभाषित करती है।

शिक्षा हमेशा से मानव विकास, विकसित राष्ट्र एवं सामाजिक प्रगति के लिए आधारशिला मानी गई है। शिक्षा केवल धन उपार्जन , रोजगार सृजन, तथ्यों का संग्रह या आँकड़ों को याद रखने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह एक गहन बहुआयामी प्रक्रिया है जो व्यक्ति एवं मानव समाज के शारीरिक, मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक विकास को आकार देती है। शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति सफल और संपूर्ण जीवन जीने के लिए आवश्यक संज्ञानात्मक, भावनात्मक, सामाजिक और शारीरिक उपकरण प्राप्त करता है। शिक्षा प्रणाली ही अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती है। भारतीय शिक्षा प्रणाली दुनिया की सबसे पुरानी शिक्षा प्रणालियों में से एक है। प्राचीन भारत में शिक्षा, आध्यात्मिकता और आत्म-साक्षात्कार पर केंद्रित थी। प्राचीन भारत में शिक्षा का उद्देश्य संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करना और उनका विस्तार करना था। शिक्षा गुरुकुलों, आश्रमों, धार्मिक स्थानों और घरों में दी जाती थी। तक्षशिला एवं नालंदा विश्वविद्यालय दुनिया में शिक्षा का सबसे पुराने विश्वविद्यालय माने जाते रहे हैं।

किसी भी देश में शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए नीति की जरूरत होती है। गुलाम मानसिकता के प्रतीक मैकाले की शिक्षा पद्धति को परिवर्तित करने के उद्देश्य से कोठारी आयोग (1964-1966) के अनुशंसा पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति वर्ष 1986 में पहली बार लागू और वर्ष 1992 में इसमें संशोधन किया गया था। 29 जुलाई, 2020 को 'मानव संसाधन विकास मंत्रालय' द्वारा के कस्तूरीरंगन समिति की अनुशंसा पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की घोषणा हुई, जिसमें समता, गुणवत्ता, वहनीयता और उत्तरदायित्व जैसे मुद्दों पर विशेष बल दिया हैं एवं इस वर्ष इस नीति के पांच वर्ष पूरे हुए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का लक्ष्य भारत को एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाना है। 34 वर्ष के अंतराल पर आई यह नीति भारतीय शिक्षा प्रणाली के ढाँचे में तीसरा बड़ा सुधार है, जिसके माध्यम से रटंत आधारित शिक्षण, पाठ्यक्रम का अत्यधिक बोझ, निम्न शिक्षण परिणाम, उच्च शिक्षा पहुँच में असमानता और अपर्याप्त शिक्षक प्रशिक्षण जैसी समस्या का समाधान सुनिश्चित किए जाने का प्रयास किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति चार स्तरों - स्कूली शिक्षा, उच्च शिक्षा, शिक्षक शिक्षा, और व्यावसायिक एवं प्रौढ़ शिक्षा - में शैक्षिक ढाँचे को पुनर्परिभाषित करती है। इसका लक्ष्य उच्च शिक्षा सहित संपूर्ण शिक्षा प्रणाली में व्यापक बदलाव लाना है, जहां बहु-विषयक शिक्षा, कौशल विकास और अनुसंधान व नवाचार को बढ़ावा दिया जाएगा।

वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा की आवश्यकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 भारत की शिक्षा प्रणाली के लिए एक परिवर्तनकारी कदम है। इस नीति के माध्यम से स्कूली पाठ्यक्रम में 10 + 2 ढांचे की जगह 5 + 3 + 3 + 4 का नया पाठयक्रम संरचना लागू किया गया है जो क्रमशः 3-8, 8-11, 11-14, और 14-18 उम्र वर्ग के बच्चों के लिए है, पाँचवी कक्षा तक मातृभाषा अथवा क्षेत्रीय भाषा में पढ़ाई, विदेशी भाषाओं की पढ़ाई सेकेंडरी लेवल से आदि कई बदलाव किये गए है। स्कूली शिक्षा में 100% जीईआर, माध्यमिक स्तर तक सभी को शिक्षा , स्कूल से दूर रह रहे दो करोड़ बच्चों को दोबारा मुख्य धारा, उच्च शिक्षा संस्थानों में 3.5 करोड़ नई सीटें, शिक्षक-



विद्यार्थी अनुपात स्कूल में 30:1 (सामाजिक - आर्थिक रूप से वंचित बच्चों की अधिकता वाले क्षेत्रों में 25:1), ईआईटी, आईआईएम की तर्ज पर ही समकक्ष बहुविषयक शिक्षा एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय (एमईआरयू) विकसित करने, दीक्षा पोर्टल पर बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान पर आधारित गुणवत्ता वाले संसाधनों का एक जगह संकलित कर डिजिटल माध्यम से सभी छात्रों को उपलब्ध करवाने, 2030 तक 100% युवा और प्रौढ़ साक्षरता की प्राप्ति करना एवं 2040 तक सभी शिक्षार्थियों के लिये गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देना है। इस नीति में मूल्यांकन का अभिनव प्रयोग "परख" (PARAKH = Performance, Assessment, Review and Analysis of Knowledge for Holistic Development) है जो समग्र विकास हेतु ज्ञान की समीक्षा और विश्लेषण करती है। अधिकांश राज्यों ने नई 5+3+3+4 संरचना, आधारभूत संरचना, शिक्षकों की नियुक्ति, शिक्षक प्रशिक्षण, डिजिटल सामग्री व मातृभाषा में शिक्षा, त्रिभाषा जैसे बिंदुओं पर क्रियान्वयन की दिशा में तेज़ प्रगति की है। इन पांच वर्षों में भारत के उच्च शिक्षा संस्थानों ने विश्विद्यालय कॉलेजों की संख्या, जीईआर, छात्र-शिक्षक अनुपात, लैंगिक समानता अनुपात जैसे प्रमुख मापदंडों पर बेहतर प्रदर्शन किया है किंतु यह शिक्षा नीति के लक्षित दर से आधा भी नहीं है। आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के अनुसार, भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

विगत दस वर्षों में संस्थानों की संख्या में 13.8% की वृद्धि, उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात बढ़कर 28.4% एवं यह वृद्धि बेहतर बुनियादी ढाँचे और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 जैसी नीतियों के वजह हुई है। शिक्षा नीति के पूर्ण कार्यान्वयन में कुछ बाधाएं हैं। इसके शुरुआती कार्यान्वयन एवं प्रगति में कोरोना महामारी के कारण देरी हुई । इसके अतिरिक्त सार्वजनिक चर्चा का अभाव एवं उसकी गलत व्याख्या और उदासीनता भी इसकी प्रगति में बाधक बनी। इन पाँच वर्षों में एनईपी के भाषा सूत्र को लेकर भ्रम है । राष्ट्रीय शिक्षा नीति में त्रिभाषा सूत्र और बहुभाषिकता को स्थानिक शिक्षा प्रणाली में अपनाने की बात कही गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के चौथे तथा 22वें अध्याय में बहुभाषिकता और भाषा की शक्ति पर बात की गई है जिसमें मातृभाषा की अनिवार्यता को स्वीकार कर उसमें शिक्षा के महत्त्व को स्पष्ट किया गया है। राजनीतिक कारण हिंदी की तथाकथित प्रमुखता को आए दिन विवाद का मुद्दा बनाते हैं । महाराष्ट्र, तमिलनाडु में हुआ विरोध इसका उदाहरण है। विश्वविद्यालयों में निजीकरण को लेकर भी संदेह की स्थिति है, जबकि एनईपी सार्वजनिक शिक्षा को मजबूत करने पर जोर देती है। शैक्षिक नीतियों का सफल कार्यान्वयन कई महत्वपूर्ण कारकों पर निर्भर करता है। एनईपी केवल परामर्शात्मक प्रकृति का है। कुछ राज्यों ने एनईपी से संबंधित कुछ मुद्दों पर अपनी चिंता व्यक्त की थी। हिमाचल प्रदेश एनईपी को औपचारिक रूप से लागू करने वाला पहला राज्य था, वहीं पांच वर्ष उपरांत भी कम से कम तीन राज्यों ने भी कार्यान्वयन के लिए सहमति नहीं दी है। भारत अपनी जीडीपी का लगभग 3-4% शिक्षा पर खर्च करता है, जबकि शिक्षा नीति के लक्ष्य 6 % से कम है। भारत में शिक्षा पर खर्च, भूटान और मालदीव जैसे अन्य पड़ोसी देशों से भी कम है। नीति को विनियमित करने के लिए भारतीय उच्च शिक्षा आयोग का प्रस्ताव था जिसका गठन वर्तमान निकायों यूजीसी, एआइसीटीई आदि का विलय करके किया जाना चार वर्ष बाद भी लंबित है एवं 2025 के मानसून सत्र में शायद ही पारित हो। देश भर में विभिन्न संस्थानों में पिछले कई वर्षों से शिक्षक की कमी चिंता का विषय हैं। एनईपी को लागू करने के साथ शिक्षा क्षेत्र में बड़े निवेश की जरूरत है, ताकि कायाकल्प हो।

(लेखिका एसोसिएट प्रोफेसर, स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज, डीयू हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# उद्यमो भैरवः



संकलित

**दर्शन**

हम इस दार्शनिक उलझन में पड़ गए हैं कि प्रभु करते हैं या हम करते हैं। क्या मैंने भी कुछ किया है या सबकुछ प्रभु ही कराते हैं? इसको समझना बहुत आवश्यक है। इस बात को समझे बिना, आध्यात्म के नाम पर हम क्या-क्या करते हैं। इसलिए, तथाकथित धार्मिक या आध्यात्मिक लोग बहुत समस्या पैदा करते हैं। स्वयं भी समस्या में उलझ जाते हैं और दूसरों के लिए भी समस्या पैदा कर देते हैं, क्योंकि उन्हें अकर्मण्यता पकड़ लेती है। एक विलक्षण शिव सूत्र है, 'उद्यमो भैरवः' भैरव शिव जी से ही प्रकट हुई शक्ति है। यदि आप किसी कार्य में संलग्न हैं तो उसमें अपना सौ प्रतिशत लगाएं। यही उद्यम है। ये आपको मुक्त कर देगा। जो काम करना है, उसके बारे में सोचकर बैठे रहने से कुछ नहीं होगा। करना है और छोड़ने के बारे में सोच रहे हैं तो वह भी नहीं होगा। जो करना है, वह पूरा करके समाप्त करें और जो छोड़ना है, उसे छोड़कर शांत हो जाएं। दोनों में सौ प्रतिशत लगाएं। उद्यमो भैरवः प्रयत्न भी भगवान ही है। यदि हमारे उद्यम से ही सारा लाभ प्राप्त हो जाए तो हर एक व्यक्ति सफल हो जाता। ऐसा तो नहीं होता है। जब आप कोई काम करते हैं तो कभी सफल होते हैं और कभी असफल होते हैं। एक आलसी व्यक्ति सब छोड़कर बैठ जाता है। जब होगा, तब होगा। और जो व्यक्ति ज्वर से पीड़ित है, वह करता ही जा रहा है। वह तनाव से भरा हुआ है। वह आशाओं के पत्थरों को सिर पर ढो रहा है। उसके भीतर विभिन्न प्रकार की नकारात्मक संवेदनाएं उत्पन्न होने लगती हैं। तो मार्ग क्या है? कहां है? तब बताते हैं, 'उद्यमो भैरवः'।

# अर्जुन को अपनी विद्या पर था घमंड




संकलित

**प्रेरणा**

महाभारत का प्रसंग है। कोरव और पांडवों का युद्ध तय हो गया था। दोनों ही पक्ष युद्ध की तैयारियां कर रहे थे। उस समय अर्जुन ने एक पर्वत पर देवराज इंद्र से दिव्यास्त्र पाने के लिए तप किया। देवराज इंद्र प्रकट हुए और उन्होंने कहा कि मुझसे दिव्यास्त्र लेने से पहले तुम्हें शिव जी को प्रसन्न करना होगा। इंद्र देव की बात मानकर अर्जुन ने शिव जी को प्रसन्न करने तप शुरू कर दिया। जिस जगह अर्जुन तप कर रहे थे, वहां एक दिन एक जंगली सूअर आ गया। सूअर एक मायावी दैत्य था। अर्जुन ने जैसे ही जंगली सूअर को देखा, उन्होंने अपने धनुष पर बाण चढ़ा लिया। तभी वहां किरात वनवासी पहुंच गया। किरात वनवासी कोई और नहीं, बल्कि शिवजी ही थे, जो वेष बदलकर आए थे। वनवासी ने अर्जुन को बाण चलाने से रोक दिया और कहा कि ये मेरा शिकार है। ये बात सुनने के बाद भी अर्जुन ने तीर सूअर की ओर छोड़ दिया। वनवासी ने भी उसी समय बाण छोड़ दिया। अर्जुन और वनवासी के बाण एक साथ उस सूअर को लगे। सूअर तो मर गया, लेकिन इन दोनों के बीच विवाद होने लगा। ये विवाद युद्ध तक पहुंच गया। युद्ध के बीच में वनवासी का एक बाण अर्जुन को लग गया। इसके बाद अर्जुन ने कुछ देर के लिए युद्ध रोका और मिट्टी का एक शिवलिंग पूजा की। पूजा में जो माला अर्जुन ने शिवलिंग पर चढ़ाई थी, वह उस वनवासी के गले में दिखाई देने लगी। ये देखकर अर्जुन समझ गए कि ये स्वयं शिव जी ही हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बीमा सखी योजना से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा

केंद्र सरकार की बीमा सखी योजना न केवल महिलाओं के लिए उपयोगी होगी, बल्कि ग्रामीण भारत को आर्थिक सुरक्षा देने के लिए महत्वपूर्ण है। किसानों लिए सरकार महत्वपूर्ण फैसले ले रही है। केंद्र सरकार की अनेक योजनाएं महिला सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण ही नही है, बल्कि गांवों में बीमा सखी योजना आर्थिक सुधारों के लिए मिल का पत्थर साबित हुई है। केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि किसान एवं कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बयान दिया है कि मोदी के नेतृत्व में बीमा सखी योजना महिला शसक्तीकरण और ग्रामीण आर्थिक सुरक्षा देने की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। केंद्र और राज्य सरकार की अनेक योजना महिला सशक्तिकरण की तरफ विकास की बुलंदिया छूने के लिए पर्याप्त है।

*- कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

# किम की बहन ने द. कोरिया की सुलह पहल को ठुकराया

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की बहन ने दक्षिण कोरिया की नयी सरकार के उस प्रस्ताव को ठुकरा दिया है जिसमें उसने दोनों देशों के बीच शांति स्थापित करने के लिए बातचीत की पेशकश की थी।




किम जोंग की बहन ने इस प्रस्ताव को सोमवार को खारिज करते हुए कहा कि उत्तर कोरिया को दक्षिण कोरिया के साथ बातचीत करने में कोई रुचि नहीं है, चाहे उसका प्रतिद्वंद्वी कोई भी प्रस्ताव क्यों न पेश करे। किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग की इन टिप्पणियों से फिर से यह स्पष्ट होता है कि उत्तर कोरिया का निकट भविष्य में दक्षिण कोरिया तथा अमेरिका के साथ किसी भी प्रकार की कूटनीतिक बातचीत करने का कोई इरादा नहीं है। उत्तर कोरिया इस समय रूस के साथ अपने बढ़ते सहयोग पर अधिक ध्यान दे रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि उत्तर कोरिया को लगता है कि रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त होने के बाद भी वह रूस के साथ अपने संबंधों को पहले जैसा नहीं रख पाएगा, तो वह अपना रुख बदल सकता है। दक्षिण कोरिया के सरकारी मीडिया द्वारा जारी एक बयान में किम यो जोंग ने कहा, ''हम एक बार फिर आधिकारिक रुख स्पष्ट करते हैं कि सियोल (दक्षिण कोरिया) में चाहे कोई भी नीति अपनाई जाए और कोई भी प्रस्ताव रखा जाए, हमें उसमें कोई रुचि नहीं है।

## ऑफ बीट

# हरित ऊर्जा के लिए पृथ्वी पर पर्याप्त हाइड्रोजन मौजूद

पृथ्वी की महाद्वीपीय चट्टानों के सबसे पुराने हिस्सों ने अरबों वर्षों से बड़े पैमाने पर प्राकृतिक हाइड्रोजन उत्पन्न किया है और वैज्ञानिकों का मानना है कि यह गैस पृथ्वी की सतह के नीचे मौजूद भंडारों में संचित हो सकती है, जो आने वाले वर्षों में वैश्विक हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था के लिए एक स्थायी स्रोत बन सकती है। माली में एक गैस क्षेत्र से शुद्ध प्राकृतिक हाइड्रोजन का व्यावसायिक उत्पादन इसकी व्यापक संभावनाओं का प्रमाण है, जिसने अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और यूरोप के नीति-निर्माताओं का ध्यान आकर्षित किया है। तेजी से बढ़ रही रुचि साल 2023 के अंत तक दुनियाभर में 40 कंपनियां प्राकृतिक हाइड्रोजन की खोज में सक्रिय थीं और वर्ष 2024 से यह संख्या दोगुनी होने की संभावना जताई गई है। इसमें औद्योगिक निवेशकों और अंतरराष्ट्रीय खनिज कंपनियों की भागीदारी भी बढ़ी है तथा आने वाले दिनों में इस क्षेत्र में नवाचार की भी संभावना है। हाइड्रोजन : एक बहुपयोगी संसाधन ईंधन परिष्करण, अमोनिया और उर्वरक उत्पादन तथा इस्पात उद्योग जैसे क्षेत्रों में पहले से ही हाइड्रोजन का उपयोग हो रहा है। ब्रिटेन सरकार के एक हालिया नीति पत्र के अनुसार, हाइड्रोजन को प्राकृतिक संसाधन के रूप में मान्यता दिए बिना इस क्षेत्र में निवेश और विकास को बढ़ावा देना मुश्किल है।




## ट्रेंड

### बहुत-बहुत बधाई



दिव्या देशमुख को मेरी हार्दिक बधाई, जो महिला विश्व कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं, मात्र उन्नीस वर्ष की आयु में। कोनेरू हम्पी उपविजेता रहीं और शतरंज विश्व चैंपियनशिप की दोनों फाइनलिस्ट भारत से थीं।

-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### महानता के दर्शन



'शैव सिद्धांत और चोल मंदिर कला' नामक एक बहुत अच्छी प्रदर्शनी देखी, जो तमिल इतिहास, संस्कृति और आध्यात्मिक महानता को दर्शाती है। यह देखने के बाद ऐसा लगा कि हमारी संस्कृति ने हमें कितनी अद्भुत सौगात दी है। जो दुनियाभर को मेल जोल के संस्कार दे रही है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री


### आपका बहुत अभिनंदन



अश्लीलता के विरुद्ध उदय माहुरकर आपके अभियान का युवा पीढ़ी, देश,धर्म व संस्कृति की रक्षा में महत्वपूर्ण योगदान होगा, यह लड़ाई भोगवाद व अध्यात्मवाद की है, अश्लीलता व भोगवाद के विरुद्ध महत्वपूर्ण विजय के लिए आपका बहुत अभिनंदन।

- बाबा रामदेव, योगगुरु

### खाना लाजवाब



हाल ही में, न्यूयॉर्क में मैंने घर का स्वाद चखा। उस शहर में, जो कभी सोता नहीं, मुझे सबसे अच्छा भारतीय रेस्तरां मिला जहां एक इंडियन के सपने एक प्लेट में सच हुए नज़र आए। खाना तो बहुत लाजवाब था।

- अनिल अग्रवाल, उद्योगपति

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

# बिहार मतदाता सूची के प्रकाशन पर रोक लगाने से किया इंकार

## अदालत ने कहा- आधार और मतदाता आईडी पर विचार करे आयोग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में मतदाता सूची के मसौदे के प्रकाशन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर चुनाव आयोग से कहा है कि वह बिहार में चल रही मतदाता सूची की स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) के दौरान आधार कार्ड और मतदाता आईडी कार्ड को पहचान के वैध दस्तावेज के रूप में मानने पर विचार करे। अदालत ने यह बात उस मामले की सुनवाई के दौरान कही, जिसमें यह मुद्दा उठा है कि मतदाता सूची की जांच प्रक्रिया में किन दस्तावेजों को मान्य माना जाए। एक गैर सरकारी संगठन की ओर से उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि मतदाता सूची को अस्थायी तौर पर अंतिम रूप नहीं दिया जाना चाहिए और मसौदा मतदाता सूची के प्रकाशन पर अंतरिम रोक लगनी चाहिए। पीठ ने न्यायालय के पिछले आदेश पर गौर किया, जिसमें कहा गया था कि याचिकाकर्ता अंतरिम राहत के लिए अनुरोध नहीं कर रहे थे। पीठ ने कहा कि इसलिए अब ऐसा नहीं किया जा सकता तथा मामले का स्थायी निपटारा किया जाएगा।

आज अगली सुनवाई की तारीख तय करेगा सुप्रीम कोर्ट



### राशन कार्ड की जालसाजी संभव

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह प्रारंभिक रूप से हाई कोर्ट के आदेश से सहमत है और निर्वाचन आयोग ने अपने जवाबी हलफनामे में माना है कि आधार, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड को स्वीकार किये जाने की आवश्यकता है। पीठ ने कहा कि जहां तक राशन कार्ड का सवाल है, तो हम यह कह सकते हैं कि उसकी आसानी से जालसाजी की जा सकती है, लेकिन आधार और मतदाता पहचान पत्र की कुछ विश्वसनीयता है और उनके प्रामाणिक होने की धारणा है। आप इन दस्तावेजों को स्वीकार करना जारी रखें।

### एसआईआर पर जल्द अंतिम निर्णय लेंगे

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार में कराए जा रहे मतदाता सूची के एसआईआर के खिलाफ दायर याचिकाओं पर हमेशा के लिये अंतिम निर्णय लेगी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि वह मंगलवार को इस मामले की अंतिम सुनवाई की समय-सारणी तय करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने सभी पक्षों से कहा है कि वे यह तय करें कि उन्हें अपनी दलीलें पेश करने में कितना समय लगेगा।

### विपक्षी दलों ने कई याचिकाएं दायर कीं

कांग्रेस, एनसीपी (शरद पवार), शिवसेना (यूबीटी), समाजवादी पार्टी, जेएमएम, सीपीआई और सीपीआई (एमएल) के विपक्षी दलों के नेताओं की ओर से बिहार में चुनाव से पहले एसआईआर कराने के चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दायर की गई हैं। राजद सांसद मनोज झा और तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा की अलग-अलग याचिकाओं के अलावा कांग्रेस के केसी वेणुगोपाल, शरद पवार एनसीपी गुट की सुप्रिया सुले, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के डी राजा, समाजवादी पार्टी के हरिंदर सिंह मलिक, शिवसेना (उद्धव गुट) के अरविंद सावंत, झारखंड मुक्ति मोर्चा के सरफराज अहमद और सीपीआई (एमएल) के दीपांकर भट्टाचार्य ने संयुक्त रूप से सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है।




### एसआईआर को लेकर लोकसभा में विरोध

बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण मामले पर सोमवार को संसद के बाहर विपक्ष का विरोध प्रदर्शन जारी रहा। इसमें प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस से लोकसभा नेता प्रतिपक्ष सांसद राहुल गांधी, सांसद सोनिया गांधी, सांसद प्रियंका गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सपा प्रमुख अखिलेश यादव सहित अन्य विपक्षी दलों ने भाग लिया। वहीं, लोकसभा के अंदर विपक्ष के हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही दो बजे तक स्थगित करनी पड़ी। इससे पहले भी दो बार सदन की कार्यवाही स्थगित हुई। विपक्ष के संसद में हंगामे पर नाराजगी जाहिर करते हुए संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि विपक्ष ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा से भाग रहा है। विपक्ष अब ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा से पहले मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण मामले पर भी चर्चा करने की गारंटी मांग रहा है।

## खबर संक्षेप

### मराठा हूं इसलिए मंत्री पद नहीं मिलाः सोलंके



**मुंबई।** महाराष्ट्र में बीड जिले के माजलगांव से एनसीपी विधायक प्रकाश सोलंके ने आरोप लगाया है कि मराठा समुदाय से होने के कारण उन्हें महाराष्ट्र सरकार में मंत्री पद नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि बीड जिले में मराठाओं ने पार्टी को ताकत दी, लेकिन मराठाओं को अनदेखा कर दिया जाता है। अगर वह ओबीसी होते तो मंत्री बन जाते।

### अनुपस्थित रहने पर जेएनयू कुलपति को नोटिस



**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की कुलपति शांतिश्री धुलीपुडी पंडित से एक महत्वपूर्ण सम्मेलन में अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण मांगा है। कुलपति बिना औपचारिक अनुमति लिए केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के सम्मेलन में शामिल नहीं हुईं। मंत्रालय ने इस अनुपस्थिति को गंभीरता से लिया।

### 12.44 करोड़ घरों को पानी का कनेक्शन दिया



**नई दिल्ली।** जल शक्ति राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने संसद को बताया कि जल जीवन मिशन हर घर जल के तहत अब तक लगभग 12.44 करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण घरों को नल के पानी के कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं। शुरुआत में, केवल 3.23 करोड़ (16.7 प्रतिशत) ग्रामीण घरों में ही नल के पानी के कनेक्शन होने की सूचना थी।

### हिसार में सड़क हादसा 4 दोस्तों की मौत



**हिसार।** हरियाणा के हिसार जिले में एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक कार को टक्कर मार दी, जिससे चार दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि चारों रविवार रात बरवाला से अग्रोहा जा रहे थे, तभी अग्रोहा थानाक्षेत्र में नंगथला गांव के पास खाद से भरे ट्रक ने कार में टक्कर मार दी।

## राहुल-गोगोई का नाम लेकर बिफरे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला

# आपको पर्चे फेंकने और तख्तियां लहराने के लिए नहीं भेजा गया

सदन में योजना बनाकर व्यवधान पैदा कर रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र में छठे दिन की कार्यवाही शुरू होने के बाद भी सत्ताधारी दल और विपक्ष के बीच का गतिरोध समाप्त नहीं हुआ। लोकसभा की कार्यवाही बाधित होने पर अध्यक्ष ओम बिरला नाराज हो गए और उन्होंने कांग्रेस सांसदों का नाम लेकर सदन में योजना बनाकर व्यवधान पैदा करने का आरोप लगाया।

बिरला ने राहुल गांधी और असम से निर्वाचित सांसद गौरव गोगोई का नाम लेकर उन्हें टोका। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने विपक्ष के हंगामे पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि मिस्टर गोगोई और आप सब राजनीतिक दलों के लोग आए थे, आपने कहा ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होनी चाहिए, फिर आप सदन बाधित कर रहे हैं। आखिर सदन आप क्यों नहीं चलने दे रहे? प्रश्नकाल सदस्यों का सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। आखिर देश जानना चाहता है कि आप प्रश्नकाल क्यों स्थगित करना चाहते हैं? क्यों आप प्रश्नकाल के अंदर नियोजित बाधा करना चाहते हैं?



ये भी बोले

सदन क्यों नहीं चलने दे रहे?

प्रश्नकाल क्यों स्थगित करना चाहते हैं?






### राहुल गांधी से पूछे कड़े सवाल

ओम बिरला ने सांसद राहुल गांधी को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिपक्ष के नेता, आपके दल के नेताओं को समझाओ, इनको सदन में पर्चे फेंकने के लिए, तख्तियां लाने के लिए नहीं भेजा है। आप प्रश्नकाल नहीं चलाना चाहते। जवाब दो, देश जानना चाहता है कि आप प्रश्नकाल क्यों नहीं चलाना चाहते। 10 महत्वपूर्ण मंत्रालयों पर चर्चा होने वाली है। शिक्षा, पर्यावरण, विधि, श्रम जैसे महत्वपूर्ण विभागों पर चर्चा। सदस्यों का समय होता है। आखिर क्यों प्रश्नकाल स्थगित करा रहे हो आप?

### देश देख रहा सदन की मर्यादा बनाकर रखें

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि प्रश्नकाल में सदस्यों को बोलने नहीं देते आप। ये तरीका आपका उचित नहीं है। आग्रह कर रहा हूं सदन की मर्यादा बनाकर रखो। सदन सबका है। देश की 140 करोड़ जनता की अभिव्यक्ति की सर्वोच्च संस्था है। आप इसी तरीके का आचरण व्यवहार करना चाहते हैं, ये देश देखेगा कि आपने प्रश्नकाल को नियोजित तरीके से बाधा पहुंचाई, तख्तियां लहराईं, पर्चे फेंके, नारेबाजी की।

### पीएम मोदी ने बड़प्पन का परिचय दिया



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की सांसद सुप्रिया सुले ने लोकसभा में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विदेश जाने वाले प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व करने के लिए कई विपक्षी नेताओं पर विश्वास दिखाकर बड़प्पन का परिचय दिया था। यही सशक्त लोकतंत्र है। उनके मुताबिक, पहलगाम हमले के बाद बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में सबसे पहले कांग्रेस ने कहा था कि वह और सारे विपक्षी दल मोदी सरकार के साथ खड़े हैं। सुप्रिया ने कहा कि जब तक पहलगाम के आतंकवादी पकड़े नहीं जाते हैं, तब तक न्याय नहीं होगा।

### देश ने पाक के झूठ का पर्दाफाश किया



टीडीपी सांसद लवू श्री कृष्ण देवरायलु ने कहा कि पहलगाम हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर ने भारत ने हमला किया था। हमने दुश्मन को बताया हम जवाब देंगे। हमने ऐसा पहले भी देखा है। इसके बाद हमने अलग-अलग देशों में जाकर पाकिस्तान के झूठ का पर्दाफाश किया। हमने तकनीक को बढ़ाया है और पाकिस्तान ने आतंक को बढ़ाया है।

### देश को ऑपरेशन तंदूर चाहिए था, सिंदूर नहीं



समाजवादी पार्टी के सांसद रमाशंकर राजभर ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश 'ऑपरेशन तंदूर' चाहता था, ताकि इसके जिम्मेदार आतंकवादियों को भून दिया जाए। देश ऑपरेशन सिंदूर नहीं, ऑपरेशन तंदूर चाहता था। उन्होंने सरकार पर निर्णायक कार्रवाई करने में विफल रहने का आरोप लगाया। कहा विदेश और घरेलू नीति ऐसी होनी चाहिए कि जवान की सीमा, गरीब का पेट और किसान का खेत सुरक्षित होना चाहिए।

## ममता ने 'भाषा आंदोलन' शुरू किया

# बंगाल में एनआरसी लागू कभी भी 'नहीं' होने दूंगी

ये भी बोलीं- भाषा छीनने की इजाजत नहीं दूंगी



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने देशभर में बांग्ला भाषी प्रवासियों पर कथित हमलों के विरोध में सोमवार को बीरभूम जिले के बोलपुर से 'भाषा आंदोलन' की शुरुआत की और कहा कि मैं जान दे दूंगी, लेकिन किसी को अपनी भाषा छीनने की इजाजत नहीं दूंगी।

उन्होंने कहा कि वह भाषा के आधार पर विभाजन नहीं चाहतीं। मैं किसी भाषा के खिलाफ नहीं हूं, मेरा मानना है कि विविधता में एकता हमारे राष्ट्र की नींव है। ममता ने कहा कि आप सब कुछ भूल सकते हैं, लेकिन आपको अपनी 'अस्मिता', मातृभाषा और मातृभूमि को नहीं भूलना चाहिए। ममता ने दावा किया कि बांग्ला दुनिया में पांचवीं और एशिया में दूसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है, फिर भी बंगालियों पर अत्याचार हो रहा है।

### कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले पर 'सुप्रीम' रोक

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को राहत देते हुए सोमवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के 17 जून के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की संशोधित सूची के कार्यान्वयन को स्थगित कर दिया गया था। सीजेआई बीआर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई करते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया उच्च न्यायालय का आदेश त्रुटिपूर्ण प्रतीत होता है। इससे पहले पीठ ने राज्य सरकार का पक्ष रखने के लिए पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की दलीलों पर संज्ञान लेते हुए कहा कि यह आश्चर्यजनक है। उच्च न्यायालय ऐसा आदेश कैसे दे सकता है?

### एसआईआर का किया विरोध

ममता ने पड़ोसी राज्य बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का परोक्ष संदर्भ देते हुए आरोप लगाया कि केंद्र सरकार के इशारे पर निर्वाचन आयोग पिछले दरवाजे से राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार को चुनौती देते हुए कहा कि वह पश्चिम बंगाल में न तो एनआरसी लागू होने देंगी और न ही कोई निरुद्ध केंद्र स्थापित करने देंगी।

## सांसद अग्रवाल ने केंद्रीय खाद्य मंत्री से की छत्तीसगढ़ के राइस मिलर्स को राहत देने की मांग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रायपुर से लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी को पत्र लिखकर वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के लगभग 200 राइस मिलर्स को चावल जमा करने की अनुमति देने का आग्रह किया है। सांसद ने पत्र में उल्लेख किया है कि देरी होने के कारण इन राइस मिलर्स का चावल संबंधित एजेंसियों द्वारा जमा नहीं किया गया और उन्हें प्रतिबंधित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सभी मिलर्स चावल जमा करने के लिए तैयार हैं। यदि एक माह का समय देकर अनुमति दी जाए तो चावल जमा किया जा सकता है और मिलर्स को पुनः मिलिंग कार्य की अनुमति दी जा सकती है। अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ धान का कटोरा है और यहां के मिलर्स से बैंक गारंटी ली जाती है, जिससे सरकार को कोई आर्थिक नुकसान नहीं होगा। इन राइस मिलर्स को लगभग 100 करोड़ रुपये मूल्य का चावल जमा करना है। उन्होंने यह भी बताया कि माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने इस संबंध में आदेश जारी किया है कि मिलर्स को चावल जमा करने की अनुमति दी जाए। साथ ही, उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि ओडिशा सरकार को दी गई अनुमति की तर्ज पर छत्तीसगढ़ को भी अनुमति प्रदान की जाए। अंत में उन्होंने कहा कि इस निर्णय से 200 से अधिक राइस मिल पुनः प्रारंभ हो सकेंगे, 20,000 से अधिक लोगों का रोजगार सुरक्षित होगा और सरकार को आर्थिक नुकसान से भी बचाया जा सकेगा।

## केंद्रीय विश्वविद्यालयों में आरक्षित फैकल्टी पदों पर चौंकाने वाली रिक्तियाँ, केंद्र से जयराम ने पूछे सवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा में एक लिखित प्रश्न के उत्तर में मोदी सरकार ने केंद्रीय विश्वविद्यालयों में एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित शिक्षकीय पदों की बेहद चिंताजनक स्थिति को स्वीकार किया है। आंकड़ों ने साफ कर दिया है कि उच्च शिक्षा संस्थानों में सामाजिक न्याय के नाम पर केवल 'कागज़ी' प्रतिबद्धता है, जबकि जमीनी हकीकत इससे एकदम उलट है। प्रोफेसर पद पर ओबीसी वर्ग में 80 फीसदी पद रिक्त है जबकि एसटी, एससी वर्ग में 83 और 64 फीसदी पद रिक्त पद हैं। ये आंकड़ें आंखें खोल देने वाले हैं। मंत्रालय के आंकड़ों को ट्वीट कर राज्यसभा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कई सवाल केंद्र सरकार पर दागे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था चल कैसे रही उसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है सिर्फ आरक्षित वर्ग में ही नहीं बल्कि सामान्य वर्ग में भी विभिन्न विवि में 39 फीसदी प्रोफेसर्स के पद लंबे समय से रिक्त हैं। यही हाल एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर स्तर पर नियुक्तियों का है। ओबीसी श्रेणी में एसोसिएट प्रोफेसर के लिए 69 फीसदी, एसटी के लिए 65 फीसदी, एससी वर्ग में 51 फीसदी जब कि सामान्य वर्ग के लिए 16 फीसदी पद रिक्त हैं। रमेश ने बताया कि एकतरफ बेरोजगारी की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है पढ़े लिखे युवा दर दर भटक रहे हैं और केंद्र सरकार खाली पड़े पदों को भरने का नाम नहीं ले रही। उच्च शिक्षा में अगर इतनी बड़ी रिक्तिता लंबे समय से हो तो ये न देश के लिए ठीक है, न पढ़े लिखे युवाओं के लिए और न ही उच्च शिक्षा ग्रहण करने वाले नौनिहालों के लिए। असिस्टेंट प्रोफेसरों के लिए ओबीसी वर्ग में 23 फीसदी, एसटी और एससी वर्ग में 15 और 14 फीसदी पद रिक्त पड़े हैं। यह अंतर दर्शाता है कि न केवल आरक्षित वर्गों के लिए नियुक्तियाँ नहीं की जा रहीं, बल्कि सामान्य वर्ग की तुलना में जानबूझकर इन पदों को रिक्त रखा जा रहा है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.PC. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आशीष** उर्फ **नोनी,** पुत्र जितेंद्र, निवासी मकान नंबर बी-1/193, जेजे कॉलोनी, मदनपुर खादर, नई दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 0261/2021 धारा 25/54/59 शस्त्र अधिनियम, थाना मैदान गढ़ी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **आशीष** उर्फ **नोनी** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **आशीष** उर्फ **नोनी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.PC. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 0261/2021 धारा 25/54/59 शस्त्र अधिनियम, थाना मैदान गढ़ी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **आशीष** उर्फ **नोनी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **30.08.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः श्री संकल्प कपूर,**
**न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी -04 (दक्षिण जिला),**
**कमरा नं. 211**
**साकेत कोर्ट परिसर, नई दिल्ली।**

DP/9865/SD/2025

## सुप्रीम कोर्ट ने देश के दो कॉलेज से मांगा जवाब

# छात्र आत्महत्या क्यों कर रहे? हमारे आदेश का पालन क्यों नहीं?

सुप्रीम कोर्ट ने आईआईटी खड़गपुर से पूछा कि छात्र आत्महत्या क्यों कर रहे हैं? संस्थान क्या कर रहा है? सुप्रीम कोर्ट ने शारदा यूनिवर्सिटी के मैनेजमेंट को कोर्ट के दिशा-निर्देशों का पालन न करने के लिए फटकार लगाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ग्रेटर नोएडा की शारदा यूनिवर्सिटी और आईआईटी खड़गपुर में छात्रों की आत्महत्या से जुड़ा मामला सुप्रीम कोर्ट में भी गूंजा।

सुप्रीम कोर्ट ने आईआईटी खड़गपुर से पूछा कि छात्र आत्महत्या क्यों कर रहे हैं? संस्थान क्या कर रहा है? सुप्रीम कोर्ट ने शारदा यूनिवर्सिटी के मैनेजमेंट को कोर्ट के दिशानिर्देशों का पालन न करने के लिए फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट आईआईटी खड़गपुर और शारदा विश्वविद्यालय में छात्रों की आत्महत्याओं के स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रहा था।

सुप्रीम कोर्ट स्वतः संज्ञान लेकर कर रहा है सुनवाई



मैनेजमेंट ने अभिभावकों को क्यों सूचना नहीं दी?

### कोर्ट ने कॉलेज प्रबंधन पर उठाए कई गंभीर सवाल

सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाया कि कॉलेज के छात्रों ने पिता को बताया कि उनकी बेटी ने आत्महत्या कर ली है? मैनेजमेंट ने क्यों नहीं बताया? मैनेजमेंट ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन क्यों नहीं किया? क्या पुलिस और अभिभावकों को सूचित करना मैनेजमेंट का कर्तव्य नहीं है? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम इस बारे में और कुछ नहीं कहेंगे क्योंकि जाँच चल रही है। आईआईटी खड़गपुर मामले मे अमाइकस अपर्णा भट्ट ने कहा कि पुलिस ने उन्हें कोई जानकारी नहीं दी।

### चार हफ्तों में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करें

सुप्रीम कोर्ट ने यूपी और पश्चिम बंगाल दोनों राज्यों की पुलिस को चार हफ्तों में स्टेटस रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। शारदा यूनिवर्सिटी के मामले में अमाइकस अपर्णा भट्ट ने अदालत को बताया कि लड़की के पिता ने एफआईआर दर्ज कराई थी। एक सुसाइड नोट मिला है। दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

तकनीकी शिक्षा निदेशालय, हरियाणा सरकार
बेज नं. : 7-12, सेक्टर-4, पंचकुला, हरियाणा
टोल फ्री : 1800-137-3735, ई-मेल : onlineadmissionhelp@gmail.com
वेबसाइट : www.hstes.org.in

विषय : सत्र 2025-26 हेतु रिक्त/छोड़ी गई सीटों के तहत सरकारी / सरकारी सहायताप्राप्त / स्व वित्तपोषित बहुतकनीकियों में केवल डिप्लोमा इंजी. और डिप्लोमा इंजी. लेटरल एंट्री कोर्सेज के लिये संस्थान स्तरीय मैनुअल काउंसलिंग।

यह इच्छुक उम्मीदवारों की जानकारी हेतु है कि सत्र 2025-26 हेतु रिक्त/छोड़ी गई सीटों के तहत केवल डिप्लोमा इंजी. और डिप्लोमा इंजी. लेटरल एंट्री कोर्सेज में सरकारी / सरकारी सहायताप्राप्त / स्व वित्तपोषित बहुतकनीकियों में प्रवेश के लिये संस्थान स्तरीय मैनुअल काउंसलिंग, सम्बन्धित बहुतकनीकियों में आयोजित की जाएगी।

संस्थान स्तरीय मैनुअल काउंसलिंग के निर्देशों सहित बहुतकनीकियों की सूची www.hstes.org.in पर उपलब्ध है। सरकारी/सरकारी सहायताप्राप्त / स्व वित्तपोषित बहुतकनीकियों में रिक्त/छोड़ी गई सीटों पर प्रवेश लेने के लिये कार्यक्रम निम्नानुसार है :-

| दिनांक | कार्यक्रम |
|---|---|
| 06.08.2025 | संस्थान स्तरीय मैनुअल काउंसलिंग हेतु नई इंटर-से-मैरिट/रैंक की घोषणा |
| 07.08.2025 | सभी श्रेणियों हेतु संस्थान स्तरीय मैनुअल काउंसलिंग |
| 08.08.2025 | किसी आरक्षण के बिना संस्थान स्तरीय मैनुअल काउंसलिंग (सभी आरक्षित श्रेणियों का विलय करके) |
| उपरोक्त कार्यक्रम के अनुरूप प्रथम संस्थान स्तरीय मैनुअल काउंसलिंग के पश्चात, सभी सरकारी / सरकारी सहायताप्राप्त / स्व वित्तपोषित बहुतकनीकियों को डिप्लोमा विवरणिका-2025 की मुख्य तिथियों में वर्णितानुसार कट-ऑफ तिथि तक शेष बची रिक्त सीटों (यदि कोई हो) को भरने के लिये संस्थान स्तरीय मैनुअल काउंसलिंग(एस) का दूसरा चरण आयोजित करने की अनुमति भी दी जाती है। | |

अतः, इच्छुक उम्मीदवार डिप्लोमा इंजी. और डिप्लोमा इंजी. लेटरल एंट्री कोर्सेज में प्रवेश के लिये संस्थान स्तरीय मैनुअल काउंसलिंग में भाग लेने के लिये हरियाणा के किसी सरकारी/सरकारी सहायताप्राप्त/स्व वित्तपोषित बहुतकनीकियों से सम्पर्क कर सकते हैं।

पीआरडीएच-1115/11/427/2026/37066/88/7 दि. 28.07.25 — संयुक्त निदेशक, एचएसटीईएस

## खनन और बिजली के क्षेत्रों में रहा कमजोर प्रदर्शन

# अर्थव्यवस्था को झटका, औद्योगिक उत्पादन वृद्धि जून में सुस्त पड़कर 1.5 प्रतिशत पर, 10 महीने का निचला स्तर

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

खनन और बिजली क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन के कारण देश के औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि इस साल जून महीने में सुस्त पड़कर 10 महीने के निचले स्तर 1.5 प्रतिशत पर रही। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। जून महीने में अत्यधिक बारिश से खनन और बिजली क्षेत्र की गतिविधियां प्रभावित हुई हैं, जिसका असर औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि पर पड़ा है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के रूप में मापा जाने वाला औद्योगिक उत्पादन बीते साल जून में 4.9 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने मई के औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर के आंकड़े को भी संशोधित कर 1.9 प्रतिशत कर दिया है, जबकि पहले इसके 1.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। अगस्त, 2024 के बाद औद्योगिक उत्पादन वृद्धि सबसे कम है। उस समय इसकी वृद्धि स्थिर रही थी।

### जून महीने में अत्यधिक बारिश से गतिविधियां प्रभावित हुई

### बिजली उत्पादन में भी कमी आएगी

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने बयान में कहा, "जून, 2025 के उत्तरार्ध में अत्यधिक बारिश से खनन उत्पादन पर असर पड़ने की आशंका है। साथ ही बिजली उत्पादन में भी कमी आएगी। हालांकि, पिछले महीने की तुलना में दोनों क्षेत्रों के लिए स्थिति कुछ सुधरी है।"



### खनन उत्पादन में 8.7 फीसदी की गिरावट

एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार, विनिर्माण क्षेत्र में उत्पादन वृद्धि जून, 2025 में मामूली रूप से बढ़कर 3.9 प्रतिशत रही, जो एक साल पहले इसी महीने में 3.5 प्रतिशत थी। खनन उत्पादन में 8.7 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि एक साल पहले इसमें 10.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। बिजली उत्पादन में जून, 2025 में 2.6 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि एक साल पहले इसी माह में इसमें 8.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

### विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि सकारात्मक रही

वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून अवधि के दौरान औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि कम होकर दो प्रतिशत रही, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में इसमें 5.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। विनिर्माण क्षेत्र में, 23 में से 15 उद्योग समूहों ने जून, 2025 में सालाना आधार पर सकारात्मक वृद्धि दर्ज की है। उपयोग-आधारित वर्गीकरण के अनुसार, पूंजीगत वस्तु खंड में वृद्धि दर जून, 2025 में घटकर 3.5 प्रतिशत रह गई।

### उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं की वृद्धि दर घटकर 2.9 फीसदी

उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं (या श्वेत वस्तुओं के उत्पादन) की वृद्धि दर समीक्षाधीन महीने में घटकर 2.9 प्रतिशत रह गई, जबकि जून, 2024 में यह 8.8 प्रतिशत थी। गैर-टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन जून, 2025 में 0.4 प्रतिशत घटा, जबकि एक साल पहले इसमें एक प्रतिशत की गिरावट आई थी। बुनियादी ढांचा/निर्माण क्षेत्र में जून, 2025 में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो एक साल पहले इसी माह में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि से कम है।

### प्राथमिक वस्तुओं के उत्पादन में तीन फीसदी की गिरावट

आंकड़ों के अनुसार, प्राथमिक वस्तुओं के उत्पादन में जून, 2025 में तीन प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि एक साल पहले इसमें 6.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

## शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट; सेंसेक्स 572 अंक लुढ़का

**मुंबई।** शेयर बाजार में सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही। बीएसई सेंसेक्स जहां 572 अंक लुढ़क गया, वहीं एनएसई निफ्टी 156 अंक के नुकसान में रहा। कोटक महिंद्रा बैंक में भारी बिकवाली और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चतता के बीच बाजार में गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 572.07 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,891.02 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 686.65 अंक तक लुढ़क गया था। निफ्टी 156.10 अंक यानी 0.63 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,680.90 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 35 शेयर नुकसान में जबकि 15 बढ़त में रहे। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर में 7.31 प्रतिशत की गिरावट आई। बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ जून तिमाही में 4,472 करोड़ रुपये रहा है। प्रतिकूल वृहद आर्थिक परिस्थितियों के कारण खुदरा वाणिज्यिक वाहन पोर्टफोलियो पर दबाव का संकेत है। इससे कंपनी के शेयर में बड़ी गिरावट आई। इसके अलावा बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, टाइटन, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

## टॉरेंट फार्मा ने शेल्कल की मजबूत पहचान को आगे बढ़ाते हुए वयस्कों के लिए न्यूट्रिशन पाउडर सेगमेंट में लॉन्च किया शेल्कल टोटल

**नई दिल्ली।** टॉरेंट फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (एनएसई: टीओआरएनटीपीएचएआरएम / बीएसई: 500420) ने शेल्कलटोटल के लॉन्च की घोषणा की है। यह एक वैज्ञानिक तरीके से तैयार किया गया वयस्कों के लिए न्यूट्रिशन सप्लीमेंट पाउडर है, जो कंपनी के प्रमुख ब्रांड शेल्कल को तेजी से बढ़ते न्यूट्रिशन सेगमेंट में आगे बढ़ा रहा है।पिछले तीन दशकों से भरोसे का प्रतीक रहा शेल्कल 2013 में टॉरेंट फार्मा द्वारा अधिग्रहण के बाद से भारत का नंबर 1 कैल्शियम सप्लीमेंट ब्रांड बना हुआ है। इस ब्रांड की रेंज में समय के साथ कई उपभोक्ताओं के लिए उपयोगी इनोवेशन जोड़े गए हैं, जैसे शेल्कल प्रो गमीज़ और शेल्कल प्रो किड्स गमीज़, जो हर उम्र के लोगों और उनकी बदलती स्वास्थ्य जरूरतों को ध्यान में रखते हुए लाए गए हैं। अब शेल्कल टोटल इस ब्रांड के आधुनिक रूप का प्रतीक है, जो उपभोक्ता केंद्रित पोषण उत्पादों की ओर एक नया कदम है। टॉरेंट फार्मा के चीफ कमर्शियल ऑफिसर (इंडिया बिज़नेस), अमल केलशिकर ने कहा,बदलती जीवनशैली, ख़राब खानपान की आदतों और बढ़ते तनाव के कारण भारत में पोषण की कमी लगातार बढ़ रही है। ये सभी, हर उम्र के लोगों में ज़रूरी पोषण तत्वों की कमी का कारण बन रहे हैं। जैसे-जैसे लोगों में स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता और और वयस्कों की संतुलित पोषण की ज़रूरतें बढ़ रही हैं, वैसे-वैसे भरोसेमंद और सुविधाजनक समाधान की मांग भी तेज़ी से बढ़ रही है।

## आईसीएफएआई ने 'एस जयपाल रेड्डी लोकतंत्र पुरस्कार' की मेजबानी की



**हैदराबाद।** कैपिटल फाउंडेशन सोसाइटी के सहयोग से आईसीएफएआई लॉ स्कूल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में तेलंगाना के माननीय मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी मुख्य अतिथि के आसंदी से अपना उद्बोधन करते हुए कहा कि 'आज की राजनीति, जो विचारधारा से हटकर त्वरित कार्रवाई की ओर बढ़ गई है और लोकतंत्र की जड़ों को चुनौती दे रही है, हमें श्री जयपाल रेड्डी जैसे नेताओं को याद करने की ज़रूरत है, जिन्होंने लोगों के उत्थान और समग्र विकास के लिए अथक परिश्रम किया और अपने विश्वास के मूल्यों पर अडिग रहे। वे शनिवार को हैदराबाद के होटल ताज कृष्णा में आयोजित एक पुरस्कार समारोह में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने समाज के लिए उल्लेखनीय सेवा करने वाले व्यक्तित्वों को विभिन्न पुरस्कार भी प्रदान किए। उन्होंने भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एन वेंकटरमन को अटॉर्नी जनरल के परासरन पुरस्कार प्रदान किया; भारत के सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ.जीवी राव ने अटॉर्नी जनरल सोली जे सोराबजी पुरस्कार प्राप्त किया। मद्रास उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री पी एच अरविंद पांडियन ने भारत के सॉलिसिटर जनरल दीपांकर गुप्ता पुरस्कार प्राप्त किया। मैसूर एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष एसएस रामदास ने अटॉर्नी जनरल के वेणुगोपाल पुरस्कार प्राप्त किया। श्री बी वी सुब्बा राव प्रतिष्ठित पर्यावरण विशेषज्ञ ने पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास पुरस्कार प्राप्त किया।

मेरा किया जो काटे उसे ईनाम

गुरूजी सम्राट



ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।

7534997731

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### सोने में 500 और चांदी में 1000 रुपए की गिरावट

**नई दिल्ली।** अमेरिका और यूरोपीय संघ के बीच व्यापार समझौते के बाद सुरक्षित निवेश के विकल्प के रूप में सोने की मांग कम हो गई। इससे स्टॉकिस्ट की लगातार बिकवाली के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमतों में लगातार चौथे सत्र में गिरावट आई और यह 500 रुपये की गिरावट के साथ 98,020 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोना शनिवार को 600 रुपये की गिरावट के साथ 98,520 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने में लगातार चौथे दिन गिरावट जारी रही और सोमवार को यह 500 रुपये टूटकर 97,750 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। पिछले बाजार सत्र में यह 98,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके अलावा, सोमवार को चांदी की कीमतें 1,000 रुपये घटकर 1,13,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर बंद हुईं। शनिवार को यह 1,14,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस बीच, वैश्विक बाजारों में हाजिर सोना और चांदी क्रमश: 3,337.95 डॉलर और 38.17 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर कारोबार कर रहे थे। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक जिंस और मुद्रा जतीन त्रिवेदी ने कहा, "पिछले सप्ताह डॉलर इंडेक्स में मजबूती के कारण सोने का कारोबार सकारात्मक लेकिन लगभग स्थिर दायरे में 3,335 डॉलर प्रति औंस के आसपास रहा। अमेरिका ने यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ एक व्यापार समझौते की घोषणा की है।

## माइक्रोसॉफ्ट ने नायरा की सेवाएं निलंबित की

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

माइक्रोसॉफ्ट कॉरपोरेशन ने यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों के बाद रूस की पेट्रोलियम कंपनी रोसनेफ्ट समर्थित नायरा एनर्जी को सेवाएं देना बंद कर दिया है। इस पर भारतीय रिफाइनरी नायरा एनर्जी ने दिल्ली उच्च न्यायालय में माइक्रोसॉफ्ट के खिलाफ मुकदमा किया है।कंपनी ने बयान में कहा, "नायरा एनर्जी ने महत्वपूर्ण सेवाओं के अचानक और एकतरफा निलंबन के बाद माइक्रोसॉफ्ट के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। माइक्रोसॉफ्ट नायरा एनर्जी की अपने डेटा, मालिकाना उपकरणों और उत्पादों तक पहुंच को रोक रही है, जबकि ये पूरी तरह से भुगतान किए गए लाइसेंस के तहत हासिल किए गए हैं। यूरोपीय संघ ने इस महीने की शुरुआत में यूक्रेन के साथ युद्ध को लेकर रूस के खिलाफ नए उपायों के तहत नायरा पर प्रतिबंध लगाए थे। रोसनेफ्ट की नायरा एनर्जी लिमिटेड, जिसे पहले एस्सार ऑयल लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, में 49.13 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

नायरा गुजरात के वडिनार में दो करोड़ टन सालाना क्षमता वाली एक तेल रिफाइनरी और 6,750 से ज्यादा पेट्रोल पंप का संचालन करती है।

### कंपनी ने अंतरिम राहत देने की मांग की

भारत के ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र पर इसके प्रभावों को लेकर गंभीर चिंताएं भी पैदा होती हैं। कंपनी ने कहा कि उसने दिल्ली उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कर अपने अधिकारों की रक्षा और आवश्यक डिजिटल बुनियादी ढांचे तक लगातार पहुंच सुनिश्चित करने के लिए अंतरिम राहत देने और सेवाएं फिर से शुरू करने की मांग की है।

### प्रतिबंध यूरोपीय संघ की ओर से हैं

कंपनी ने आगे कहा, "इन कदमों का उद्देश्य भारतीय उपभोक्ताओं और हितधारकों के प्रति अपने दायित्वों को पूरा करने की नायरा की क्षमता में किसी भी संभावित व्यवधान को रोकना है।"कंपनी ने आगे कहा कि हालांकि ये प्रतिबंध विशेष रूप से यूरोपीय संघ की ओर से हैं, लेकिन अमेरिका स्थित कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने नायरा एनर्जी से सेवाएं वापस लेने का फैसला किया है।

नायरा ने कहा, माइक्रोसॉफ्ट का यह फैसला यूरोपीय संघ (ईयू) के प्रतिबंधों की एकतरफा व्याख्या पर आधारित है, और कॉरपोरेट अतिक्रमण के लिए एक खतरनाक मिसाल कायम करता है।

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुधीर उर्फ राहुल, पुत्रः जय कुमार उर्फ उमेश, निवासीः मकान संख्याः एफ–101, लक्ष्मी पार्क, ताऊ चौक, निहाल विहार, दिल्ली** ने **FIR No.: 428/2019, U/s: 25/54/59 Arms ACT, पुलिस थाना निहाल विहार, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सुधीर उर्फ राहुल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सुधीर उर्फ राहुल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना निहाल विहार, दिल्ली** के अभियुक्त **सुधीर उर्फ राहुल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 29.08.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री कोमल गर्ग
एलडी. जेएमएफसी–03, कमरा नं. – 292,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/9949/OD/2025

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जवाहर मंडल** पुत्र किशोरी मंडल निवासी मकान नं. ए–54, गली नं. 14, सुखबीर नगर, कराला, दिल्ली ने सी.टी. केस नं. 8940/2017 धारा 138 एन.आई. अधिनियम थाना मंगोलपुरी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **जवाहर मंडल** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **जवाहर मंडल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि सी.टी. केस नं. 8940/2017 धारा 138 एन.आई. अधिनियम थाना मंगोलपुरी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **जवाहर मंडल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **24.09.2025** को हाजिर हो।

आदेशानुसार सुश्री रितिका जैन
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05, (उत्तर पश्चिम)
कोर्ट संख्या 105,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/9965/OD/2025

#### स्कूटर में 116 किमी का मिलेगा रेंज; कीमत 1.11 लाख रुपए से शुरू

## काइनेटिक की नए ई-स्कूटर के साथ मार्केट में धमाकेदार एंट्री




**स्कूटर दो वेरिएंट्स डीएक्स और डीएक्स प्लस में हुई है लांच**

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

काइनेटिक ग्रीन ने भारतीय मार्केट में धमाकेदार वापसी कर ली है। कंपनी ने अपना नया काइनेटिक डीएक्स इलेक्ट्रिक स्कूटर लांच किया है। यह स्कूटर दो वेरिएंट्स डीएक्स और डीएक्स प्लस में लांच हुआ है। बुकिंग कंपनी की वेबसाइट पर 1,000 रुपए में शुरू हो चुकी है जबकि डिलीवरी सितंबर, 2025 से शुरू होंगी। भारतीय मार्केट में काइनेटिक डीएक्स की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 1,11,499 रुपए और डीएक्स प्लस की 1,17,499 रुपए रखी गई है। कंपनी पहले साल के लिए सिर्फ 35,000 यूनिट्स ही बेच रही है। इसके बाद संयंत्र का उत्पादन बढ़ाकर इकाईयों में वृद्धि की जाएगी। कंपनी ने एक पोर्टेबल चार्जिंग किट को स्कूटर के फ्रंट एप्रन में ही फिट किया है। जिससे आपको बार-बार चार्जिंग पोर्ट और एडॉप्टर निकालने की जरूरत नहीं होगी। आपको केवल चार्जिंग फ्लैप खोलना होगा और चार्जिंग केबल को बाहर निकालर इसे सामान्य घरेलू पावर सॉकेट (16ए) से कनेक्ट कर चार्ज कर सकते हैं। चार्जिंग कम्पलीट होने के बाद जब आप केबल निकालते हैं तो ये आसानी से स्कूटर के चेंबर में चला जाता है।

### पांच कलर में आएगी

काइनेटिक ने डीएक्स के डिजाइन को क्लासिक और मॉडर्न का बेहतरीन कॉम्बिनेशन बनाया है। इस स्कूटर में रेट्रो सिलोएट के साथ नया तीन-स्लैट ग्रिल, मेटल साइड बॉडी और वाइजर पर ग्लो करने वाला ब्रांडिंग लोगो दिया गया है। काइनेटिक डीएक्स प्लस वैरिएंट पांच कलर रेड, ब्लू, व्हाइट, सिल्वर और ब्लैक में मिलेगा जबकि बेस डीएक्स केवल सिल्वर और ब्लैक में आएगा।

## राशिफल

**मेष** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

**वृष** — कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

**मिथुन** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी।

**कर्क** — अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थिति बन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कन्या** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**तुला** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

**वृश्चिक** — आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**धनु** — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मकर** — वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के लिए वदेश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

### भारतीय अर्थव्यवस्था वृद्धि की राह पर

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था स्थिर रुख के साथ वृद्धि के रास्ते पर आगे बढ़ रही है। हालांकि, कर्ज वृद्धि में सुस्ती जरूर चिंता का विषय है। मंत्रालय ने अपनी मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में घरेलू आपूर्ति और मांग की बुनियाद मजबूत दिखाई दे रहे हैं। मुद्रास्फीति लक्ष्य के दायरे में रहने और मानसून में अच्छी प्रगति के साथ घरेलू अर्थव्यवस्था अपेक्षाकृत मजबूती के साथ वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में प्रवेश की है। हालांकि, वैश्विक स्तर पर तनाव और नहीं बढ़ा है, लेकिन वैश्विक नरमी, विशेष रूप से अमेरिका में कमजोर आर्थिक वृद्धि दर भारतीय निर्यात की मांग को और कम कर सकती है। अमेरिकी की आर्थिक वृद्धि दर 2025 की पहली तिमाही में 0.5 प्रतिशत घटी है।मंत्रालय की रिपोर्ट में कहा गया, "अमेरिकी शुल्क के मोर्चे पर जारी अनिश्चितता आने वाली तिमाहियों में भारत के व्यापार प्रदर्शन पर भारी पड़ सकती है। धीमी ऋण वृद्धि और निजी निवेश आर्थिक गति में तेजी को सीमित कर सकता है। इसके अलावा, थोक मूल्य सूचकांक में गिरावट के रुख को देखते हुए, बाजार मूल्य पर आर्थिक गति पर गौर करने की जरूरत होगी।

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका महेन्द्रगढ़ | एम.सी. महेन्द्रगढ़ में ठोस कचरा कूड़ा कर्कट का घर-घर से संग्रहण पृथक्करण उठाना और धोलपोश डम्पिंग स्टेशन तक परिवहन। | बंद होने की तिथि 04.08.2025 | रु. 628 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9499126150 [illegible] |


अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/37028/1/88/7 दि. 28.07.25

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम हिसार | वार्ड 04, हिसार में मनसा देवी पार्क की मरम्मत और पुनरोद्धार + 19 कार्य। | बंद होने की तिथि 01.08.2025 | 3,94,38,653/- | https://etenders.hry.nic.in | 1662238001 xenmchissar@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/37041/1/88/7 दि. 28.07.25

### शब्द पहेली - 5942




**बाएँ से दाएँ**
1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता-4
7.जीत, फतेह-2
8.आकाश रेखा, छोर-3
9.तल, पैंदा-2
10.थाती, धरोहर-4
11.मोटा आटा-2
13.सलाह, मशवरा-4
14.अन्य, वो, तिन-2
16.घर,गृह-3
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.नाम रखना-2,3
21.परामर्शदाता-5
24.सुनसान, नीरव-3
26.वन, जंगल-3
28.मिट्टी, रेत-2
29.चेतनाहीन-4
30.पराग कण-2
32.भयभीत होना-4
33.छोटी सवारी गाड़ी-2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी-3
36.द्वार,किवाड़-2
37.जनता की राय-4
38.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.मत, सलाह-2
2.करतब-4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा-3
5.लीन, मग्न-2
6.जलाऊ लकड़ी-4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू-4)
12.बांया-2
15.आनंदित होना-4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18.योद्धा-4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22.मुआवजा-4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25.राज वंश-2,3
26.काम, कार्य-4
27.मादा का विलोम-2
29.उपद्रव फैलाने वाला-4
31.दुनिया, जहान-3
34.क्रिकेट में बनते हैं-2
36.पंख, पराया-2

### शब्द पहेली- 5941 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | रा | ज | क | ता | | | म | वा | ली | |
| स | म | | ल | | चा | ला | न | | ख | त |
| मा | | | प | ना | ह | | न | | | म |
| न | ज | रा | ना | | | म | | क | या | स |
| ता | | व | | ना | ला | य | क | | प | |
| | प्रा | ण | | म | | खा | | जा | न | |
| | रु | | आ | ज | मा | ना | | हि | | म |
| स | प | ना | | द | | | ब | ल | वा | न |
| र | | | स | | ल | की | र | | | भा |
| ल | व | | न | सी | ब | | सा | | दा | व |
| | ध | म | की | | | इ | त | मी | ना | न |



# परफेक्ट प्लेइंग इलेवन की खोज में भारत, शार्दुल और कंबोज पर सवाल

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

इंग्लैंड में पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है लेकिन ओल्ड ट्रैफर्ड में यादगार ड्रॉ हासिल करने के बावजूद भारत तीन दिन बाद ओवल में होने वाले पांचवें और अंतिम मैच से पहले अपनी सर्वश्रेष्ठ एकादश, खासकर सही गेंदबाजी संयोजन की तलाश में है।

भारत ने श्रृंखला के दौरान किसी विशेषज्ञ गेंदबाज की बजाय आठवें नंबर तक बल्लेबाजी करने को प्राथमिकता दी, जिस पर लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं, खासकर तब जब चोटिल नीतीश रेड्डी की जगह खेल रहे शार्दुल ठाकुर से ओल्ड ट्रैफर्ड में केवल 11 ओवर करवाए गए। लेकिन भारत ने ओल्ड ट्रैफर्ड में 2014 के बाद पहली बार 600 से अधिक रन दिए, इसलिए पिछले 40 दिन से बेंच पर बैठे हुए कुलदीप यादव जैसे विकेट लेने वाले गेंदबाज को टीम में शामिल करने का मामला पहले से कहीं अधिक मजबूत हो गया है।

## भारत ने किसी विशेषज्ञ गेंदबाज की बजाय आठवें नंबर तक बल्लेबाजी करने को प्राथमिकता दी

### तेज गेंदबाजों पर हो रही थकान हावी

अंशुल कंबोज का टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण अच्छा नहीं रहा और उनकी जगह पूरी तरह से फिट आकाशदीप या प्रसिद्ध कृष्णा को अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है। इसके अलावा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह भी टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण का सपना देख रहे होंगे। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने हालांकि रविवार को ड्रॉ के बाद अपने चिरपरिचित आक्रामक लहजे में सभी तेज गेंदबाजों को फिट घोषित कर दिया, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि तेज गेंदबाज, विशेषकर जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज पर अब थकान हावी हो रही है।




*कुलदीप को टीम में शामिल करने के लिए प्रयास : चौथे टेस्ट के दौरान भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल ने कहा, ' हम कुलदीप को अंतिम एकादश में शामिल करने के लिए रास्ता तलाश रहे हैं लेकिन इसके लिए हमारे चोटी के छह बल्लेबाजों को लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा। उन्होंने कहा, 'कुलदीप विश्वस्तरीय गेंदबाज हैं और इस समय वह बहुत अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं, इसलिए हम उन्हें टीम में शामिल करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। 'पहले की योजना के अनुसार बुमराह को कार्यभार प्रबंधन के तहत इस श्रृंखला के तीन टेस्ट मैच में ही खेलना है।*

### भारत चार विशेषज्ञ गेंदबाजों के साथ खेल सकता है

ऋषभ पंत के चोटिल होने के कारण चौथे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में वाशिंगटन सुंदर और रविंद्र जडेजा भारत के शीर्ष छह बल्लेबाजों में शामिल थे और इन दोनों ने अपने धैर्य का शानदार नमूना पेश करते हुए शतक लगाए और मैच को ड्रा करने में अहम भूमिका निभाई। यदि ओवल में भी यही तरीका अपनाया जाता है तो ध्रुव जुरेल सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आएंगे और भारत शार्दुल ठाकुर को बाहर करके चार विशेषज्ञ गेंदबाजों के साथ खेल सकता है। शार्दुल का वैसे भी एक गेंदबाज के रूप में पर्याप्त उपयोग नहीं किया जा रहा है। चौथे गेंदबाज के रूप में कुलदीप यादव को शामिल किया जा सकता है क्योंकि पिच से स्पिनरों को मदद मिलने की उम्मीद है या फिर एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज को भी शामिल किया जा सकता है। भारतीय टीम प्रबंधन ने स्वयं स्वीकार किया है कि वह कुलदीप को अंतिम एकादश में शामिल करने का प्रयास कर रहा है, लेकिन आठवें नंबर तक बल्लेबाज रखने की रणनीति के कारण वह ऐसा नहीं कर पा रहा है।

## हम यह दिखाने में सफल रहे कि हम महान टीम क्यों हैः गिल

**मैनचेस्टर।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच के आखिरी दिन ऐतिहासिक प्रदर्शन से हार टालने का विश्वास लोकेश राहुल के साथ उनकी साझेदारी से उपजा है और टीम ने ऐसा करके यह जता दिया वे 'महान टीम' क्यों है। भारतीय टीम ने पहली पारी में 311 रन से पिछड़ने के बाद दूसरी पारी में बिना कोई रन बनाए दो विकेट गंवा दिए थे लेकिन गिल, रविंद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर ने शानदार शतक जड़कर अपनी टीम को हार से बचाया। इस परिणाम से भारत के पास अब पांच मैचों की श्रृंखला में बराबरी करने का मौका होगा। गिल ने कहा, '140 ओवर तक एक ही मानसिकता बनाए रखना बहुत चुनौतीपूर्ण है। एक अच्छी टीम और एक महान टीम में यही अंतर होता है। मुझे लगता है कि हमने आज यह दिखाया कि हम एक महान टीम हैं।' उन्होंने कहा, ' शून्य रन पर दो विकेट गंवाने के बाद मुझे लगता है कि मेरे और केएल (राहुल) भाई के बीच की साझेदारी ने उम्मीद जगा दी थी कि हम इस काम को कर सकते हैं। मैं बेहद, बेहद खुश हूं। जिस स्थिति में हम कल थे, वहां से ड्रॉ हासिल कर पाना बेहद संतोषजनक है।'

## खबर संक्षेप



### विश्व तैराकी चैंपियनशिपः फ्रीस्टाइल में 43वें स्थान पर रहे प्रकाश

**सिंगापुर।** भारत के अनुभवी तैराक साजन प्रकाश सोमवार को यहां विश्व तैराकी चैंपियनशिप में पुरुषों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बनाने में असफल रहे। इस 31 वर्षीय बटरफ्लाई विशेषज्ञ ने 1:51.57 सेकंड का समय निकालकर अपनी हीट में चौथा और कुल मिलाकर 43वां स्थान हासिल किया। शीर्ष 16 तैराक सेमीफाइनल में पहुंचे। रोमानिया के डेविड पोपोविसी ने 1:45.43 सेकंड के साथ हीट में सबसे तेज समय निकाला जबकि इटली के कार्लोस डी'अम्ब्रोसियो (1:46.67 सेकंड) सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले अंतिम तैराक रहे।

### सीनियर ओपन में 24वें स्थान पर रहे अटवाल

**लंदन।** अर्जुन अटवाल छह बर्डी लगाने के बावजूद आईएसपीएस एचएएनडीए सीनियर ओपन गोल्फ के आखिरी दौर में एक अंडर 69 का कार्ड खेल कर संयुक्त 24वें स्थान पर रहे। वह चार दौर में 67-72-69-71 के कार्ड के साथ प्रतियोगिता में खेल रहे तीन भारतीयों में शीर्ष स्थान पर रहे। जीव मिल्खा सिंह (69) संयुक्त 56वें और ज्योति रंधावा (73) संयुक्त 61वें स्थान पर रहे।



### ओपन गोल्फ टूर्नामेंटः संयुक्त 39वें स्थान पर रही दीक्षा

**आयरशर (स्कॉटलैंड)।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर महिला स्कॉटिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के चौथे दौर में एक अंडर 71 का कार्ड खेलने के बाद नौ स्थान के सुधार के साथ संयुक्त 39वें पायदान पर रही। दीक्षा दूसरे दौर में लचर प्रदर्शन के बाद तीसरे और चौथे दौर में अच्छी वापसी करते हुए 'मेजर' स्तर के टूर्नामेंट एआईजी महिला ओपन के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता करने में सफल रही।



### इंग्लैंड टीम ने अंतिम टेस्ट के लिए ऑलराउंडर ओवरटन को किया शामिल

**लंदन।** तीन साल पहले अपने करियर का एकमात्र टेस्ट मैच खेलने वाले ऑलराउंडर जेमी ओवरटन को भारत के खिलाफ गुरुवार से ओवल में शुरू हो रहे पांचवें और अंतिम टेस्ट के लिए इंग्लैंड की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। 31 वर्षीय ऑलराउंडर ने 2022 में लीड्स में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना एकमात्र टेस्ट मैच खेला था, जिसमें उन्होंने दो विकेट लिए थे और 97 रन बनाए थे। उन्होंने इस साल इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से तीन मैच खेले थे।



## दिव्या देशमुख ग्रैंडमास्टर बनने वाली चौथी भारतीय महिला और कुल 88वीं खिलाड़ी

# तीन दिन चला क्लासिकल चेस, दिव्या ने पहले रैपिड टाई-ब्रेकर में खेला ड्रॉ, दूसरे में जीती

एजेंसी ▶▶| मैबातुमी (जॉर्जिया)

जॉर्जिया के बातुमी में सोमवार को खेले गए फाइनल के टाईब्रेकर मुकाबले में दिव्या ने काले मोहरों से खेलते हुए हम्पी को हराया और फिडे महिला शतरंज विश्व कप का ताज अपने नाम किया। तीन दिन तक चले क्लासिकल चेस के रोमांच ने फैंस को दांतों तले अंगुली चबाने पर मजबूर कर दिया। हम्पी और दिव्या देशमुख ने पहले रैपिड टाई-ब्रेकर में ड्रॉ खेला और फिर दिव्या ने दूसरे में जीत हासिल की। जीत हासिल कर दिव्या फूट फूटकर रो पड़ीं। उनकी मां भी वहीं मौजूद रहीं और दिव्या ने उन्हें गले लगा लिया।

भारत की युवा शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख ने अपने करियर की सबसे बड़ी सफलता हासिल करते हुए हमवतन और अपने से कहीं अधिक अनुभवी कोनेरू हम्पी को टाईब्रेकर में हराकर फिडे महिला विश्व कप का खिताब जीता। इस जीत से 19 साल की दिव्या ने ना सिर्फ यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जीता बल्कि साथ ही ग्रैंडमास्टर भी बन गईं, जो टूर्नामेंट की शुरुआत में असंभव लग रहा था। वह ग्रैंडमास्टर बनने वाली सिर्फ चौथी भारतीय महिला और कुल 88वीं खिलाड़ी हैं।

### टाईब्रेकर की पहली बाजी में दिव्या ने हम्पी को फिर से ड्रॉ पर रोका

सोमवार को समय नियंत्रित टाईब्रेकर की पहली बाजी में सफेद मोहरों से खेलते हुए दिव्या ने हम्पी को फिर से ड्रॉ पर रोका लेकिन दूसरी बाजी में काले मोहरों से खेलते हुए उन्होंने दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन को हराकर जीत दर्ज की। दिव्या अब हम्पी, डी. हरिका और आर. वैशाली के साथ देश की ग्रैंडमास्टर बनने वाली महिलाओं की सूची में शामिल हो गई हैं। हम्पी 38 साल की हैं और 2002 में ग्रैंडमास्टर बनीं जबकि दिव्या का जन्म 2005 में हुआ। दिव्या ऊर्जा से भरी थीं और उन्होंने शुरुआती टाईब्रेकर में हम्पी पर दबाव बनाए रखा और अपनी दिग्गज प्रतिद्वंद्वी को थका दिया और फिर दूसरे टाईब्रेकर में जीत दर्ज की।



### दो क्लासिकल बाजी ड्रॉ होने के बाद पहला समूह साबित हुआ निर्णायक

#### हम्पी ने खो दिया था अपना संयम

नागपुर की इस खिलाड़ी ने शनिवार और रविवार को खेले गए दो क्लासिकल मुकाबलों के ड्रॉ होने के बाद टाईब्रेकर में जीत दर्ज की। दो क्लासिकल बाजी ड्रॉ होने के बाद टाईब्रेकर का पहला समूह निर्णायक साबित हुआ, जिसमें हम्पी ने अपना संयम खो दिया। विश्व कप और महिला विश्व चैंपियनशिप को छोड़कर हम्पी ने अंतरराष्ट्रीय शतरंजमें सब कुछ जीता है लेकिन किस्मत या फिर अपने धैर्य के कारण विश्व कप खिताब जीतने में नाकाम रही हैं।दिव्या ने दृढ़ निश्चय दिखाया और इस जज्बे का बोनस ग्रैंडमास्टर खिताब था, जो इस प्रतियोगिता के चैंपियन के लिए आरक्षित था।



#### दूसरी बाजी रही आक्रमक

दूसरी बाजी में हम्पी ने कैटलन ओपनिंग का इस्तेमाल किया और दिव्या फिर से अच्छी तरह तैयार थीं। हम्पी ने 40वीं चाल में अपना आपा खो दिया और प्यादों को गंवाकर विरोधी खिलाड़ी पर आक्रमण करने की कोशिश की। दिव्या को हालांकि इससे अधिक मुश्किल नहीं हुई। यह दिव्या का दिन था क्योंकि हम्पी के पास फिर से समय की कमी थी और उन्होंने फिर से गलती की, जिससे सैद्धांतिक रूप से दिव्या की जीत की स्थिति बन गई। इस बाजी में दिव्या की किस्मत लंबे समय तक बराबरी और जीत के बीच झूलती रही, जिसके बाद नागपुर की इस लड़की ने बाजी मार ली।

#### *दिव्या ने किया पेट्रॉफ डिफेंस का इस्तेमाल*

*पेट्रॉफ डिफेंस का इस्तेमाल करते हुए दिव्या ने हम्पी को पहली टाईब्रेक बाजी में बेहतर स्थिति में होने का मौका दे दिया था। हम्पी ने हालांकि समय के दबाव में गलती की और जल्द ही वह ऐसी स्थिति में पहुंच गईं, जहां उनके पास दिव्या की रानी के खिलाफ एक रूक (हाथी), बिशप (ऊंट) और एक पॉन (प्यादा) था। हालांकि स्थिति लगभग बराबरी की रही और अंत में हम्पी ने आसानी से ड्रॉ कर लिया।*

#### *जीत के बाद कहा, अब मैं ग्रैंडमास्टर हूं*

*यह जीत ऐसे समय में मिली है जब भारत ने पुरुष शतरंज में काफी सफलता हासिल की है, जिसमें विश्व चैंपियन डी. गुकेश, आर. प्रज्ञानानंदा और अर्जुन एरिगेसी जैसे खिलाड़ी लगातार अच्छे परिणाम दे रहे हैं। अपने से दोगुनी उम्र की प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ जीत के बाद भावुक दिव्या अपने आंसू नहीं रोक पाईं। हम्पी ने दिव्या के खिलाफ हारने से पहले आखिर तक संघर्ष किया। दिव्या ने कहा, 'मुझे इसे (जीत को) समझने के लिए समय चाहिए। मुझे लगता है कि यह नियति की बात थी कि मुझे इस तरह ग्रैंडमास्टर का खिताब मिला क्योंकि इस (टूर्नामेंट) से पहले मेरे पास एक भी (ग्रैंडमास्टर) नॉर्म नहीं था और अब मैं ग्रैंडमास्टर हूं।*

#### *इनामी राशि 43 लाख रुपए*

*इस शानदार जीत के साथ ही दिव्या देशमुख भारत की 88वीं ग्रैंडमास्टर भी बन गई हैं। ग्रैंडमास्टर की उपाधि शतरंज की दुनिया में सबसे प्रतिष्ठित मानी जाती है और इसे हासिल करना किसी भी खिलाड़ी के करियर की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक होता है। इस जीत के बाद दिव्या को इनामी राशि के रूप में लगभग 43 लाख रुपए मिलेंगे। वहीं हम्पी को करीब 30 लाख रुपए मिलेंगे।*

#### *पांच साल की उम्र से खेल रहीं शतरंज*

*9 दिसंबर 2005 को नागपुर में जन्मीं दिव्या ने पांच साल की उम्र से शतरंज खेलना शुरू कर दिया था। उनके माता-पिता डॉक्टर हैं। उनके पिता का नाम जितेंद्र और माता का नाम नम्रता है। दिव्या ने 2012 में सात साल की उम्र में अंडर-7 नेशनल चैंपियनशिप जीती। इसके बाद उन्होंने अंडर-10 (डरबन, 2014) और अंडर-12 (ब्राजील, 2017) कैटेगरी में विश्व युवा खिताब भी जीते। इसके बाद 2014 में डरबन में आयोजित अंडर-10 वर्ल्ड यूथ टाइटल और 2017 में ब्राजील में अंडर-12 कैटेगरी में भी खिताब अपने नाम किए।*

*दिव्या ने 2023 में इंटरनेशनल मास्टर का खिताब भी प्राप्त कर लिया। 2024 में उन्होंने विश्व जूनियर गर्ल्स अंडर-20 चैंपियनशिप में भी परचम लहराया, जहां उन्होंने 11 में से 10 अंक जुटाकर शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके अलावा, 45वें चेस ओलंपियाड में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में भी उनकी अहम भूमिका रही।*

## मकाऊ ओपन

# सात्विक-चिराग की निगाहें खिताब तथा लक्ष्य और प्रणय की फॉर्म में वापसी पर



एजेंसी ▶▶| मकाऊ

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने अच्छे प्रदर्शन को जारी रखते हुए सत्र का पहला खिताब जीतने के इरादे से कोर्ट पर उतरेगी।

एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग ने पिछले सप्ताह चाइना ओपन सुपर 1000 में एक बार फिर सेमीफाइनल में जगह बनाई, जहां उन्हें मलेशिया के दूसरे वरीय आरोन चिया और सोह वूई यिक की जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा। दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी ने इस सत्र में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन वह अभी तक खिताब नहीं जीत पाए हैं। उन्होंने इंडिया ओपन, सिंगापुर ओपन और मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने के अलावा इंडोनेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी जगह बनाई। मकाऊ ओपन के शुरुआती दौर में उनका सामना लो हैंग यी और एनजी इंग चियोंग की मलेशियाई जोड़ी से होगा।


### लक्ष्य सेन का पहला मुकाबला जियोन ह्योक जिन से

पुरुष एकल में लक्ष्य सेन विश्व चैंपियनशिप से पहले अपनी लय फिर से हासिल करने की उम्मीद करेंगे। सेन का पहला मुकाबला कोरिया के जियोन ह्योक जिन से होगा। इस बीच 2023 के विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय चाइना ओपन के दूसरे दौर में बाहर होने के बाद वापसी की कोशिश करेंगे। वह अपने अभियान की शुरुआत क्वालीफायर के खिलाफ करेंगे। सातवीं वरीयता प्राप्त किशोर खिलाड़ी आयुष शेट्टी भी सभी की नजरों में होंगे, जिन्होंने पिछले महीने अमेरिकी ओपन सुपर 300 में अपना पहला बीडब्ल्यूएफ खिताब जीता था। पहले दौर में उनका सामना चीनी ताइपे के हुआंग यू काई से होगा।विश्व विश्वविद्यालय खेलों की मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले सतीश कुमार करुणाकरण बीडब्ल्यूएफ टूर में अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करेंगे। उनका पहला मुकाबला मलेशिया के जस्टिन होह से होगा।




# डीसी ओपन : लेयला फर्नांडीज और मिनौर ने जीता खिताब

**वाशिंगटन।** लेयला फर्नांडीज और एलेक्स डी मिनौर ने विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करके डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग का खिताब जीता। कनाडा की 22 वर्षीय खिलाड़ी फर्नांडीज ने अगले महीने होने वाले अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में महत्वपूर्ण इस हार्ड कोर्ट टूर्नामेंट के फाइनल में अन्ना कालिन्स्काया को 6-1, 6-2 से हराया। अमेरिकी ओपन 2021 की उपविजेता फर्नांडीज ने अपनी चौथी एकल ट्रॉफी जीती। उन्होंने अपनी सभी ट्रॉफी हार्ड-कोर्ट टूर्नामेंटों में जीती हैं। यह पहला अवसर है जबकि उन्होंने किसी डब्ल्यूटीए 500 प्रतियोगिता में खिताब जीता। पुरुष वर्ग में सातवें वरीय एलेक्स डी मिनौर ने फाइनल में तीन चैंपियनशिप अंक बचाकर 12वें नंबर के एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना पर 5-7, 6-1, 7-6 (3) की जीत के साथ अपना 10वां एटीपी और हार्ड कोर्ट पर आठवां खिताब जीता। ऑस्ट्रेलिया का यह 26 वर्षीय खिलाड़ी 2018 में डीसी ओपन में उपविजेता रहा था।



■ लेयला ने अन्ना कालिन्स्काया को 6-1, 6-2 से हराया

## नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट



*मॉन्ट्रियल। नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट में कनाडा की बियांका आंद्रेस्कू, मॉन्ट्रियल में चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिकोवा के खिलाफ अपने पहले दौर के मैच के दौरान प्रतिक्रिया व्यक्त करती हुई।*

## यूरो महिला 2025ः टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई स्पेन की ऐताना बोनमाटी

# इंग्लैंड की बादशाहत कायम, स्पेन एक कदम पीछे

एजेंसी ▶▶| बासेल

गत विजेता इंग्लैंड ने विश्व चैंपियन स्पेन को पेनल्टी शूट आउट में 3-1 से पराजित करके लगातार दूसरी बार महिला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2025) का खिताब जीता।

इंग्लैंड ने इस तरह से स्पेन से विश्व कप 2023 के फाइनल में मिली हार का बदला चुकता कर दिया। स्पेन खिताबी हैट्रिक पूरी करने में नाकाम रहा। उसने विश्व कप के अलावा 2024 में यूईएफए नेशंस लीग का खिताब भी जीता था। स्पेन ने मैरियोना काल्डेन्ते के 25वें मिनट में हेडर से किए गए गोल से बढ़त बनाई। इंग्लैंड की तरफ से एलेसिया रुस्सो ने 57वें मिनट में हेडर से गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इससे अतिरिक्त समय के बाद स्कोर 1-1 से बराबरी पर था। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लेना पड़ा।



■ इंग्लैंड ने रोमांचक मुकाबले में पेनल्टी शूटआउट के जरिए 3-1 से स्पेन को दी शिकस्त

### स्पेन का खिताबी हैट्रिक पूरा करने का सपना टूटा

स्पेन की टीम इस मुकाबले को जीतकर फीफा वर्ल्ड कप 2023 और यूईएफए नेशंस लीग 2024 के बाद अपनी खिताबी हैट्रिक पूरी करने के इरादे से उतरी थी। हालांकि, इंग्लैंड की दमदार रणनीति और गोलकीपर हन्ना हैम्पटन के बेहतरीन प्रदर्शन ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

### शूटआउट में इंग्लैंड ने दिखाया दम

पेनल्टी शूटआउट में इंग्लैंड की गोलकीपर हन्ना हैम्पटन ने मैच का पासा पलट दिया। उन्होंने स्पेन की दो अहम पेनल्टी को बचाकर अपनी टीम को खिताब दिलाने में निर्णायक भूमिका निभाई। इनमें एक किक स्पेन की स्टार खिलाड़ी ऐताना बोनमाटी की थी, जिन्हें टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इसके अलावा मैरियोना काल्डेन्ते की पेनल्टी भी हैम्पटन ने शानदार तरीके से रोकी।

### बेहतर खेल ही काफी नहीं

टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी स्पेन की ऐताना बोनमाटी चुनी गई। हार के बाद ऐताना बोनमाटी ने कहा कि हम टूर्नामेंट की सबसे अच्छी टीम थे, लेकिन कभी-कभी सिर्फ बेहतर खेल ही काफी नहीं होता। अब हमारी नजरें 2027 में ब्राजील में होने वाले अगले वर्ल्ड कप पर हैं।

# ऑपरेशन महादेवः पूरा हुआ पहलगाम हमले का बदला, मास्टरमाइंड मूसा समेत 3 आतंकी ढेर

## सेना की चिनार कोर ने एक्स पोस्ट के जरिए दी यह जानकारी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर के लिडवास इलाके में सोमवार को सुरक्षाबलों को आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। जिसमें तीन आतंकियों (संभवतः दो पाकिस्तानी और एक अफगानी) को मार गिराया है। पहलगाम आतंकी हमले का मास्टरमाइंड आतंकी हाशिम मूसा भी मारा गया तीन आतंकियों में शामिल है।

सेना ने यह कार्रवाई ऑपरेशन महादेव के तहत की है। जिसकी शुरुआत 28 जुलाई की सुबह करीब 11 बजकर 30 मिनट पर तब की हुई। जब सेना के नियमित गश्ती दल इलाके में संदिग्ध आतंकी दिखाई दिए। जिस जगह पर ये मुठभेड़ हुई वो जवरवन रिज और महादेव रिज के बीच का क्षेत्र है। हाशिम मूसा के अलावा मुठभेड़ में मारे गए दो आतंकियों की पहचान जिबरान और हमजा अफगानी के रूप में हुई है। इलाके में फिलहाल अब किसी और आतंकवादी के छिपे हुए होने की संभावना नहीं है। लेकिन भारतीय सेना ने इलाके को घेरकर युद्धस्तर पर अपना सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। बल की जम्मू-कश्मीर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। जिसमें बताया कि सेना ने जनरल एरिया लिडवास में आतंकियों के साथ संपर्क होने पर हुई मुठभेड़ में तीन आतंकवादियों को मार गिराया है। हो सकता है कि बल की तरफ से मंगलवार को इस अभियान के बारे में कोई जानकारी सार्वजनिक की जाए।

### एलजी ने दी सुरक्षाबलों को बधाई

जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा ने भी आतंकवादियों के मारे जाने की पुष्टि करते हुए ऑपरेशन महादेव में शामिल सुरक्षाबलों को उनकी इस सफलता के लिए बधाई दी है। इन सबके बीच सूत्रों ने कहा कि सुरक्षाबलों को लगभग सात दिन पहले इस बारे में खुफिया जानकारी मिली थी कि आतंकी श्रीनगर के दाचीगाम के जंगलों में छिपे हुए हैं। उधर, आतंकियों के पास से राइफल, कार्बाइन की बरामदगी के बारे में जानकारी मिली है।

## जर्मनी में ट्रेन पटरी से उतरी, तीन की मौत

**बर्लिन।** दक्षिणी जर्मनी में रविवार को एक क्षेत्रीय यात्री ट्रेन के पटरी से उतर जाने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 41 अन्य घायल हो गए। जांचकर्ताओं का मानना है कि भारी वर्षा के कारण भूस्खलन हुआ और उसके चलते ट्रेन पटरी से उतर गई। म्यूनिख से लगभग 158 किलोमीटर दूर पश्चिम में रीडलिंगन के निकट एक वन क्षेत्र में रविवार शाम 'डॉयचे बान' ट्रेन के कम से कम दो डिब्बे पटरी से उतर गए। ट्रेन में 100 से अधिक लोग सवार थे। पुलिस ने सोमवार तड़के बताया कि इस दुर्घटना में ट्रेन चालक, एक अन्य कर्मचारी और एक यात्री की मौत हो गई जबकि 41 अन्य घायल हो गये। घायलों में से कुछ की स्थिति गंभीर है।

# नेतन्याहू के लिए गले की हड्डी बने हूती, कहा- गाजा पर हमला नहीं रोका तो हर इजराइली जहाज को उड़ाएंगे

## गाजा में राहत की घोषणा, हमलों से समुद्री परिवहन में रुकावटें

एजेंसी ⏭ सना

यमन के हूती विद्रोहियों ने चेतावनी दी है कि अब वे इजराइल को निशाना बनाएंगे। यह धमकी रेड सी और अन्य समुद्री मार्गों परतनाव के बीच आई है। हूतियों ने कहा कि जब तक गाजा पर इजराइली हमले नहीं रुकते, उनका सैन्य अभियान जारी रहेगा। इससे वैश्विक समुद्री व्यापार और सुरक्षा पर गहरा असर पड़ सकता है।

यमन के हूती विद्रोहियों ने एर्क बार फिर इजराइल और उसके समर्थन वाले जहाजों को लेकर गंभीर चेतावनी दी है। हूतियों ने साफ कहा है कि अब वे इजराइल से जुड़े हर जहाज को अपना निशाना बनाएंगे, यह बयान ऐसे समय आया है जब रेड सी और अरब सागर में पहले ही हूतियों के हमलों से समुद्री परिवहन में रुकावटें आ रही हैं।

### अमेरिकी और ब्रिटिश जहाजों को चेतावनी दी थी




*हूती प्रवक्ता याह्या सारी ने रविवार को एक वीडियो बयान में कहा था कि इजराइल से जुड़े सभी कमर्शियल, तेल या हथियार ले जाने वाले जहाज अब उनके रडार पर हैं। उन्होंने कहा कि जब तक गाजा पर इजराइल हमले बंद नहीं होते, तब तक वे अपने 'सैन्य प्रतिरोध' को जारी रखेंगे। इससे पहले भी उन्होंने अमेरिकी और ब्रिटिश जहाजों को चेतावनी दी थी, लेकिन अब उन्होंने अपने दायरे को और बढ़ा दिया है।*

### समुद्री परिवहन पर मंडराया संकट

हूतियों की धमकी से अंतरराष्ट्रीय शिपिंग कंपनियों में चिंता बढ़ गई है। पिछले कुछ महीनों में कई जहाज हूतियों के ड्रोन और मिसाइल हमलों का शिकार हुए हैं, जिनमें भारतीय और फिलीपीन मूल के नाविक भी घायल हुए हैं। इसके चलते कई बड़ी कंपनियों ने रेड सी और बाब अल-मंडब जलडमरूमध्य से गुजरना बंद कर दिया है।


लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा के बीच बोले विदेश मंत्री, 22 अप्रैल से 17 जून 2025 तक पीएम मोदी और ट्रंप के बीच नहीं हुई कोई बातचीत

# ट्रंप के भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम कराने के दावे को जयशंकर ने संसद में किया खारिज...

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

*भारत पहले भी अमेरिकी राष्ट्रपति के उक्त दावे को सिरे से खारिज कर चुका है। लेकिन ट्रंप हैं कि मानते ही नहीं*

भारत ने सोमवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच जारी सैन्य कार्रवाई को रोकने के लिए मध्यस्थता करने के दावे को लोकसभा में सिरे से खारिज कर दिया है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने भारत के इस सैन्य अभियान पर सदन में हुई विशेष चर्चा के दौरान दो टूक अंदाज में समूचे विपक्ष सहित पूरी दुनिया को ये बता दिया कि भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम में अमेरिका के राष्ट्रपति की कोई भूमिका नहीं थी, यह पूरी तरह से द्विपक्षीय (भारत-पाकिस्तान के बीच हुआ) था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और डोनाल्ड ट्रंप के बीच '22 अप्रैल 2025 (पहलगाम हमले की तारीख) से लेकर 17 जून 2025 (संघर्षविराम)' तक कोई बातचीत नहीं हुई। साथ ही संघर्षविराम अमेरिका की भारत को दी गई किसी ट्रेड डील की धमकी का परिणाम भी नहीं है। कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने पूर्व में कहा था कि ट्रंप करीब 26 बार व्यापार के नाम पर भारत-पाक के बीच संघर्षविराम कराने का दावा कर चुके हैं। जिसका जयशंकर ने अपने संबोधन में साफ तौर पर जवाब दिया। भारत-पाक के बीच 10 मई की शाम पांच बजे पाकिस्तान के अनुरोध पर संघर्षविराम किया गया था। जो कि आज भी लागू है। वहीं, भारत की ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई अस्थायी विराम पर है। ये पूरी तरह से समाप्त नहीं हुई है।



### जेडी वेंस ने की थी पीएम से बात

बताते चलें कि विदेश मंत्री ने इस महीने की शुरुआत में भी मामले पर भारत का रुख साफ किया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि जिस वक्त अमेरिका के उप- राष्ट्रपति जेडी वेंस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई। उस दौरान मैं भी उस कमरे में मौजूद था। तब भी दोनों शीर्ष नेताओं के बीच व्यापार या संघर्षविराम का कोई जिक्र नहीं किया गया। 1 जुलाई को जयशंकर ने अमेरिकी पब्लिकेशन को कहा था कि अमेरिकी उप-राष्ट्रपति ने 9 मई को पीएम मोदी के साथ टेलीफोन पर बातचीत की थी। जिसमें भविष्य में भारत के खिलाफ पाकिस्तान की तरफ से सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई थी। उन्होंने कहा कि अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने मुझसे बात की थी और कहा था कि पाकिस्तान भारत से बात करने के लिए तैयार है। इसके कुछ घंटे के अंदर पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशक (डीजीएमओ) ने भारत के डीजीएमओ से बात की। यहां बता दें कि देश में विपक्ष की तरफ से मुख्य रूप से कांग्रेस मामले को लेकर सरकार के खिलाफ आक्रामक रही है। जिसमें पार्टी ये आरोप लगाती रही है कि सरकार ने अपनी विदेश नीति तय करने का अधिकार किसी विदेशी शक्ति को दे दिया है। जिससे देश की कूटनीतिक ताकत ध्वस्त हो गई है।

### पीएम साफ कर चुके भारत का पक्ष

अमेरिकी राष्ट्रपति पूर्व से लेकर हालिया दिनों के बीच कई बार यह दावा कर चुके हैं कि उन्होंने 7 से 10 मई तक भारत और पाकिस्तान के बीच चले भीषण सैन्य संघर्ष जो कि एक परमाणु युद्ध में तब्दील हो सकता था। उसे रोकने के लिए मैंने दोनों देशों को उनके साथ ट्रेड डील न करने की धमकी का इस्तेमाल किया व संघर्षविराम को लेकर पाक सेना की तरफ से बातचीत की पेशकश का भी उन्होंने उल्लेख किया। भारत पहले ही ट्रंप के इस दावे को पूरी तरह से खारिज कर चुका है। खुद प्रधानमंत्री मोदी ने जून मध्य में की गई अपनी कनाडा यात्रा के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति से टेलीफोन पर हुई बातचीत में इसे लेकर भारत का रुख और आतंकवाद के खिलाफ बनी हुई उसकी नई सोच पर आधारित नीति को स्पष्ट कर दिया था।

### आतंकवाद बर्दाश्त नहीं करेगा भारत

विदेश मंत्री ने कहा कि भारत अपनी धरती पर आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा। साथ ही अपने नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करेगा। उन्होंने कहा कि पहलगाम के बाद एक कड़ा और अहम संदेश भेजा जाना काफी महत्वपूर्ण रहा। जिसमें हमने बताया कि पाकिस्तान ने लक्ष्मण रेखा लांघी है। हमने ये भी साफ किया कि उसे इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। उन्होंने पहलगाम हमले के बाद भारत द्वारा पाकिस्तान पर की गई कूटनीतिक स्ट्राइक में लिए गए निर्णयों का उल्लेख भी सदन के सामने किया। जिसमें 1960 के सिंधु जल समझौते पर लगाई गई रोक भी शामिल है। उन्होंने कहा, भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए आतंकवाद के खिलाफ अपनाई गई जीरो टॉलरेंस की नीति और आतंकवाद के खिलाफ अपने नागरिकों की सुरक्षा के अधिकार की रक्षा करने के मजबूत संदेश को सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों के जरिए दुनियाभर के देशों में पहुंचाने का काम किया है। जिसमें अमेरिका भी शामिल रहा है।

दोनों देशों ने युद्धविराम पर सहमति जताई

# मलेशियाई पीएम की घोषणा, थाईलैंड और कंबोडिया के बीच 'सीजफायर'

एजेंसी ⏭ बैंकॉक

थाईलैंड और कंबोडिया के बीच पिछले कई दिनों से चल रहे सीमा संघर्ष पर अब विराम लग गया। मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने घोषणा की कि दोनों देशों ने बिना किसी शर्त के तत्काल प्रभाव से युद्धविराम (सीजफायर) पर सहमति व्यक्त की है। यह फैसला मलेशिया की मध्यस्थता की पेशकश के बाद हुआ, जिसका उद्देश्य सीमा क्षेत्र में बिगड़ती स्थिति को नियंत्रित करना था। अनवर इब्राहिम ने इसे दोनों देशों द्वारा शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में एक सकारात्मक पहल बताया।




पिछले सप्ताह शुरू हुए इस संघर्ष में थाईलैंड और कंबोडिया ने एक-दूसरे पर हमले शुरू करने के आरोप लगाए थे। हालात इतने बिगड़े कि दोनों देशों ने भारी तोपखाना और हवाई हमलों का इस्तेमाल किया। इस झड़प में अब तक कई लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि इंफ्रास्ट्रक्चर को भी नुकसान पहुंचा है। इस बीच, कई देशों ने अपने नागरिकों को प्रभावित क्षेत्रों से दूर रहने और दूतावास के संपर्क में रहने की सलाह दी थी। वही पिछले पांच दिनों से जंग जारी थी।

# बैंकॉक के मार्केट में अंधाधुंध गोलीबारी में 6 लोगों की मौत

एजेंसी ⏭ बैंकॉक


थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक के पास एक मार्केट में सोमवार को एक व्यक्ति ने अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। इस घटना में छह लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में हमलावर भी शामिल है, जिसने खुद को गोली मार ली। यह घटना शहर के चाटुचक जिले में स्थित ओर टोर कोर मार्केट में हुई। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार हमलावर ने गोलीबारी के बाद खुद को भी गोली मारी। पुलिस उसकी पहचान करने के साथ-साथ थाईलैंड और कंबोडिया के बीच चल रहे सीमा संघर्षों से किसी भी संभावित संबंध की जांच कर रही है। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए एक वीडियो में कथित तौर पर शूटर को मौके पर देखा गया है।



# भारी बारिश से चीन में भूस्खलन, चार लोगों की मौत

**बीजिंग।** चीन के हेबेई प्रांत में भारी बारिश के चलते भूस्खलन की घटना में चार लोगों की मौत हो गई जबकि 8 अब भी लापता हैं। बीजिंग में जल स्तर बढ़ने से बाढ़ की आशंका जताई गई है। प्रशासन ने अलर्ट जारी करते हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। चीन के हेबेई प्रांत में सोमवार को भारी बारिश के बाद भूस्खलन की बड़ी घटना हुई है, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई है और आठ अन्य अब भी लापता हैं। यह हादसा चेंगडे शहर के लुआनपिंग काउंटी के एक गांव में हुआ, जहां राहत और बचाव कार्य तेजी से जारी है। घटना के बाद स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन दल तुरंत मौके पर पहुंच गए और लापता लोगों की तलाश शुरू की गई। प्रशासन ने बताया कि भूस्खलन बारिश के कारण जमीन के ढहने से हुआ।




| EAST DELHI | WEST DELHI | | | SOUTH DELHI | | | NORTH DELHI | | NOIDA | | GURUGRAM | | | | FARIDABAD |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| CRYSTAL | GALAXY | MGF | GALAXY | ESPIRIT | GALAXY | GALAXY | GALAXY | SATYAM | ESPIRIT | ESPIRIT | MGF | MGF | MGF | IJM | THIRTY SIX |
| PD - 24, Pillar No-62, Jhilmil Industrial Area, Shahdara 8447449459 | Moti Nagar Crossing 8448293658, 418 77 777 | Shivaji Place, District Centre, Ring Road, Raja Garden 9289007449, 8929904428, 9311079716 | Dwarka, Nr. Sec-9 Metro Station 7838193193, 434 77 777 | Mathura Road, N.Delhi 7290064952, 1800 103 5686 | G-1 Station Box, Chattarpur Metro Station 9870191014, 66763666 | Ring Road, Opp. Moolchand Hospital, Lajpat Nagar-IV 9599788513, 465 77 777 | Shalimar Place, Outer Ring Road, Nr. Rohini 9599788514, 400 11 111 | Netaji Subhash Place, Pitampura 9266774644 | D-37 & 38, Surajpur Site-4, Kasna, Gr. Noida 7290095001, 9654999635, 1800 103 5686 | D-11, Sec-8, Noida 7290095001, 9654999635, 1800 103 5686 | MGF Mega City Mall, M.G. Road, Gurugram 9289007445, 9289007446, 0124-4603333 | Global Foyer Mall, Golf Course Road, Sec-43 9289007447, 0124-4596800 | Sector-50, Golf Course Extn. Road, Gurugram 9289007448, 0124-4415566 | Boulevard II, Sector-47 Gurugram Sohna Road 9512295122, 9289670701 | 147, Main Mathura Road, Faridabad 8800333636, 0129-4293636 |

TSPARSH ESPIRIT TOYOTA: BULANDSHAHR- 7290095001, SIKANDRABAD- 7290095001, JEWAR- 7290095001, GALAXY TOYOTA: NARELA- 9999534551, NAJAFGARH- 9266753380, IJM TOYOTA: PATAUDI- 9512295122, SOHNA- 9512295122, MGF TOYOTA: FARRUKH NAGAR (NEAR ANAJ MANDI)- 9599121800, MANESAR (NEAR IMT CHOWK)- 9599121800, THIRTY SIX TOYOTA: HODAL (MAIN MARKET)- 8826600836, HATHIN (RAJA JI MARKET)- 7988274475, TIGAON (BHUAPUR)- 8800790130, BALLABGARH (NEAR ESCORTS MUJESAR)- 8800790081

*Terms & conditions apply on all schemes & offers. Offer valid till 31st July 2025. Fuel efficiency as certified by Test Agency under rule 115 of CMVR, 1989 under standard test conditions. Actual mileage on road may vary. Ex-showroom price. Finance at the sole discretion of Financier. Scheme inclusive of Exchange and Corporate/Government/Exclusive Community/ Extended Warranty/other benefits. Scheme applicable on select stocks & variants. Exchange Benefits applicable at U Trust locations only. Accessories shown may not be part of standard equipment. SUNDAY OPEN

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109